news@group5.in group5news group5news

www.group5news.com

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

सदैव आपके साथ...

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || शनिवार || 26 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंक : 126 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें » 07 एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं » 08 आईसीसी टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा... » 11 प्रियंका चोपड़ा ने डिलीट कर दिया...

# सिंधु समझौता रद्द होने से चमकेगी पंजाब की किस्मत

- जम्मू-कश्मीर बन जाएगा भारत का पावर हाउस
- भारत ने सिंधु जल समझौते पर रोक लगाकर पाकिस्तान की नींद उड़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सबसे पहला कूटनीतिक कदम ये उठाया है कि सिंधु जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) पर रोक लगा दी है। अगर आगे चलकर भी पाकिस्तान अपनी हरकतें नहीं सुधारेगा तो भारत इसे पूरी तरह से रद्द करने की ओर कदम उठा सकता है। अगर ऐसा हो गया तो एक दिन ऐसी नौबत आ सकती है कि पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। यही वजह है कि अपनी पहली प्रतिक्रिया में उसने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' माना है। अब हम यहां बात करेंगे कि भारत ने पहली बार इस तरह का कदम उठाया है तो क्या इसके पीछे कुछ ठोस रणनीति है या फिर यह सिर्फ नाराजगी का एक संदेश देने भर की कोशिश है।

### हर कानूनी पहलुओं पर चल रहा है विचार

सिंधु जल संधि के अनुसार, भारत को किसी भी नई परियोजना पर काम शुरू करने से पहले पाकिस्तान को छह महीने का नोटिस देना होता है। पाकिस्तान बार-बार इन परियोजनाओं पर आपत्ति जताता रहा है, जिससे काम में रुकावट आती रही है। लेकिन, संधि के निलंबन से भारत को इस नियम का पालन करने की जरूरत नहीं होगी। भारत, पाकिस्तान को बाढ़ के डेटा सहित हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करना भी बंद कर सकता है। सरकार इसके कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है।



### संधि का बहुत फायदा उठा रहा पाकिस्तान

इस फैसले के बारे में कूटनीतिक मामलों के एक्सपर्ट रॉबिन सचदेवा का कहना है कि सिंधु समेत चेनाब और झेलम की नदियों का पानी पाकिस्तान की ओर जाने से रोकना और संधि को पूरी तरह से तोड़ देना इतना आसान नहीं है। उन्होंने बताया, तीन नदी पाकिस्तान को जाते हैं, जो वेस्टर्न रिवर्स कहलाती हैं और तीन भारत की ओर आती हैं, जो ईस्टर्न रिवर्स कहलाती हैं। अभी हमारे ईस्टर्न रिवर्स (रावी, ब्यास और सतलुज) में सालाना करीब 35 मिलियन एकड़ फीट पानी बहता है। इसका करीब 30 मिलियन एकड़ फीट ही हम इस्तेमाल कर पाते हैं।....वेस्टर्न रिवर्स (सिंधु, चेनाब और झेलम) के सालाना मेरे ख्याल से लगभग 135 मिलियन एकड़ फीट हैं। भारत उस पानी का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन संधि के मुताबिक हम उसे रोक नहीं सकते।

- **निश्चित रूप से हमें फायदा हो सकता है-** सचदेवा ने यह भी बताया कि पाकिस्तान किस तरह से इन नदियों पर पूरी तरह से निर्भर है। उन्होंने बताया, वेस्टर्न रिवर्स का करीब 130 मिलियन एकड़ फीट मेरे ख्याल से पाकिस्तान चला जाता है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती को इससे लाभ मिलता है, अभी जो इस पानी को रोकने की बात हो रही है, वह इतना आसान नहीं होगा, वहां का भूगोल बहुत मुश्किल है। कई तरह का इंजीनियरिंग चैलेंज हैं। लेकिन, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह संभव होता है तो, निश्चित रूप से हमें सिंचाई के लिए और पानी मिल सकता है।
- **संधि खत्म, पानी-बिजली की टेंशन दूर!-** रिपोर्ट के मुताबिक 1960 का निलंबित करने के भारत के फैसले से चेनाब, झेलम और सिंधु नदियों पर बन रही जलविद्युत परियोजनाओं का काम तेजी से होगा, जो कि इस समझौते की वजह से अटके पड़े हैं। भारत अब पाकिस्तान को पहले से प्रोजेक्ट की जानकारी नहीं देगा। साथ ही, नदियों के बारे में डेटा शेयर करना और सालाना मीटिंग भी बंद कर देगा। इस फैसले से जम्मू-कश्मीर में पानी की समस्या दूर होगी और हिमालय क्षेत्र को लगभग 10,000 मेगावाट बिजली मिलेगी।



### एयरफोर्स का 'आक्रमण', नौसेना की ड्रिल, आर्मी चीफ खुद पहुंचे कश्मीर... एक्शन तेज

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों की सेनाएं युद्धाभ्यास कर रही हैं। भारत ने एक तरफ सिंधु समझौता स्थगित कर दिया है तो वहीं भारत के आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी एलओसी पर हालात का जायजा ले रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने शिमला समझौते को रद्द कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। एक तरफ एयरफोर्स 'आक्रमण' के नाम से युद्धाभ्यास कर रही है तो वहीं सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जम्मू-कश्मीर पहुंच चुके हैं। दोनों देशों की नौसेनाएं भी अरब सागर में युद्धाभ्यास कर रही हैं।

## वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

- कहा- धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।'



केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

**सावरकर मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला-**

## राहुल को इतिहास-भूगोल नहीं मालूम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे



सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी।

**पाक के रक्षा मंत्री का कबूलनामा**

# हां हमारा देश पाकिस्तान, 30 साल से आतंकियों का समर्थन कर रहा है

- अमेरिका के कहने पर हम यह गंदा काम कर रहे हैं, अब सजा भुगत रहे

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं।

ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है?



**पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने आतंकियों को फ्रीडम फाइटर्स बताया-** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमें तो शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये फ्रीडम फाइटर्स भी हो सकते हैं। हालांकि हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि वे अपनी नाकामी और अपनी घरेलू राजनीति के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं।इशाक डार पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री भी हैं।

### आसिफ बोले- दोनों देश परमाणु शक्ति, दुनिया को चिंतित होना चाहिए

पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़े जंग का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा। अगर चीजें गलत हुईं तो इस टकराव का असर खतरनाक हो सकता है। पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा।

### भारत के साथ जंग का खतरा

- पाक आर्मी प्रमुख मुनीर ने परिवार को भेजा विदेश



भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर और कई सैन्य अधिकारियों ने अपने परिवार को विदेश भेज दिया है। दावा किया गया है कि असीम मुनीर के साथ कई सैन्य अधिकारियों ने अपनी बीवी और बच्चों को यूरोपीय देशों में भेज दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच जंग का खतरा बढ़ गया है। मीडिया सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है।

- श्रीनगर में हमले में घायल हुए लोगों से राहुल गांधी ने की मुलाकात,बोले

## 'सरकार जो भी एक्शन लेगी हम साथ देंगे'



**श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आज विपक्ष के नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर पहुंचे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने श्रीनगर में हमले में घायल हुए लोगों से मुलाकाात की। इस बीच कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम सभी एक साथ खड़े हों, एकजुट रहें और इस घिनौनी कार्रवाई का मुकाबला करें और आतंकवाद को हमेशा के लिए हरा दें। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री और एलजी से भी मुलाकात की और उन्होंने मुझे जो कुछ हुआ उसके बारे में जानकारी दी और मैंने उन दोनों को आश्वासन दिया कि मेरी पार्टी और मैं उनका पूरा समर्थन करने जा रहे हैं।

## पूर्व इसरो चीफ के. कस्तूरीरंगन का निधन

**84 की उम्र में अंतिम सांस ली**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के पूर्व चीफ डॉ के कस्तूरीरंगन की शुक्रवार सुबह मौत हो गई।



वह 84 साल के थे। अधिकारियों ने बताया कि कस्तूरीरंगन ने बेंगलुरु में अपने घर पर अंतिम सांस ली। 27 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद से वे बीमार चल रहे थे। कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक इसरो चीफ थे।

## दिल्ली में आज से 'ट्रिपल इंजन' की सरकार

### राजा इकबाल सिंह बने नए मेयर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हो गया। राजा इकबाल सिंह नए मेयर निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले, मेयर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें बीजेपी के सभी सांसद मतदान करने पहुंचे। मेयर चुनाव में कुल 142 वोट डाले गए। इसमें राजा इकबाल सिंह को 133 वोट मिले। एक वोट अमान्य घोषित कर दिया गया। जीत के बाद राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। सफाई कार्यक्रम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। दिल्ली की जनता को सभी सुविधाएं मिलेगी। अब दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार हो गई है।

**अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा**

## पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर बाहर निकालें

- सिंधु जल समझौते को लेकर गृह मंत्री की बड़ी बैठक, पाकिस्तान को लेकर रणनीति पर चर्चा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की है, उनकी तरफ से दो टूक कहा गया है कि सभी पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर बाहर निकाला जाए, उनके वीजा रद्द हों। पहलगाम हमले के बाद यह पहला मौका है जब अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से ऐसे बात की है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री ने पहले सभी बड़े अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, उसके बाद ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए ये निर्देश जारी किया गया।



जानकारी के लिए बता दें कि बुधवार को ही सीसीएस की बैठक के बाद फैसला हो चुका था कि पाकिस्तानियों के वीजा रद्द होंगे। अब इसी कड़ी में गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी ऐसा करने के निर्देश दे दिए हैं।

## पहलगाम हमले का बदला शुरू

- आतंकियों के ठिकानों पर सुरक्षा बलों का ताबड़तोड़ एक्शन, बुलडोजर चला-घर में विस्फोट



**श्रीनगर/नईदिल्ली (एजेंसी)।** 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए खौफनाक आतंकी हमले के बाद अब भारत ने बड़ा जवाब देना शुरू कर दिया है। हमले के पीछे शामिल आतंकियों को सबक सिखाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने तेज और टारगेटेड कार्रवाई का मोर्चा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'कड़े एक्शन' की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद अब जमीन पर एक्शन देखने को मिल रहा है।

**त्राल में आतंकी के घर में धमाका, दूसरे का घर ध्वस्त-** इस सिलसिले में सबसे बड़ी कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के त्राल इलाके में हुई, जहां पुलिस ने आतंकी आसिफ के घर पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि उसके घर में विस्फोटकों का बड़ा जखीरा छुपाया गया था, जिसमें अचानक धमाका हो गया।

# 'सूअर और पाकिस्तानियों की नो एंट्री'

- पहलगाम हमले के खिलाफ इंदौर में भड़के लोग; छप्पन दुकान पर लगे पोस्टर

**इंदौर(म.प्र.) (एजेंसी)।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश आगबबूला है। आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई। घटना के बाद पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से कई बड़े फैसले लिए गए, जिससे पाकिस्तान बौखला गया है। इस बीच मध्य प्रदेश में भी लोग पाकिस्तान का विरोध कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर में छप्पन दुकान के बीच जानता ने पाकिस्तानियों के खिलाफ पोस्टर लगा दिए हैं। इस पोस्टर के माध्यम से पाकिस्तानियों का विरोध जताया जा रहा है।




**पिग्स एंड पाकिस्तानी सिटीजंस आर नॉट अलाउड-** मध्य प्रदेश के इंदौर में छप्पन दुकानों के बीच लोगों ने एक पोस्टर लगाया है। इसमें एक सुअर की तस्वीर लगाई गई है। इसके साथ ही इसमें लिखा गया है कि Pigs And Pakistani Are not Allowed (सूअरों और पाकिस्तान के लोग यहां आना माना है)।

## बहराइच में राइस मिल ड्रायर फटा, 5 की मौत

- धुआं भरने से बेहोश होकर गिरे, 3 की हालत गंभीर

**बहराइच (एजेंसी)।** बहराइच में राइस मिल का ड्रायर फटने से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार सुबह 7 बजे हुआ। इस दौरान मिल में 15-17 मजदूर काम कर रहे थे। तभी मिल का ड्रायर फट गया। इसके बाद आग लग गई। थोड़ी देर में मिल में धुआं भर गया। इसके चलते मजदूर बेहोश होकर इधर-उधर गिरने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने 5 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम मोनिका रानी मौके पर पहुंची हैं। उन्होंने कहा- राइस मिल में धान सुखाया जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

**बिहार में डबल मर्डर**

## साधु के उखाड़े बाल और महिला की फोड़ दी आंखें

**बगहा (पश्चिम चंपारण) (एजेंसी)।** वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के जंगल के किनारे स्थित ढाड़ी रेता में साधु दंपती की हत्या कर शवों को फेंक दिया गया। बदमाशों ने साधु के बाल उखाड़ दिए थे। वहीं, महिला की आंखें फोड़ी गई थी। चेहरा भी बुरी तरह कुचल दिया था।

## अवैध प्लाटिंग पर फिर गरजा एलडीए का बुलडोजर

# 50 बीघा क्षेत्रफल में हो रही पांच अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

» लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2, जोन-3 एवं जोन-4 की टीम ने की कार्रवाई

ग्रुप 5 संवाददाता






**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन टीम ने गोसाईगंज, काकोरी व बी0के0टी0 क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना 50 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि विनोद उर्फ गुड्डू व अन्य द्वारा गोसाईगंज के सोनई कजेहरा के ग्राम-विरूखम्भा में किसान पथ के किनारे लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह नवनीत तिवारी व अन्य द्वारा सोनई कजेहरा में माइनर के किनारे लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करायी जा रही थी। वहीं, शोएब खान, शिवराम रावत, विजय कुमार व अन्य द्वारा सोनई कजेहरा में किसान पथ/माइनर के किनारे लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन दल द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

### अवैध संगम सिटी पर चला बुलडोजर

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि कैलाश सिंह, मोहम्मद शोएब खान व अन्य द्वारा काकोरी में हरदोईया रोड पर ग्राम-पलहेन्द्रा में लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए संगम सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी, जिसमें अवैध तरीके से किये गये विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया।

### अवैध साईं विहार का ध्वस्तीकरण

प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि यूनिवर्सल ग्रुप के राम सिंह, बलजीत सिंह व एस0के0 त्रिपाठी द्वारा बी0के0टी0 में तहसील रोड पर ग्राम-साढ़ामऊ में लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए साईं विहार गोकुलधाम नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। जिसमें डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

# भीषण गर्मी में बरतेंगे सावधानी तो नहीं बनेगी बर्निंग कार



**नितेश रघुवंशी**
ऑटोमोबाइल सेक्टर के विशेषज्ञ और फिटनेस सेंटर के ट्रेनर



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** प्रचंड गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में वाहन चलाना एक बड़ी चुनौती बन चुका है। इस भीषण गर्मी में टायर फटने और गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इन घटनाओं को गाड़ियों के सेल्फ एसेसमेंट से रोका जा सकता है, गाड़ी चार तरीके का धुआं देती है। अगर आप इस धुएं को पहचानते हैं तो आपकी गाड़ी की लाइफ भी बढ़ जाएगी और दुर्घटना से भी बचा जा सकेगा। इसके अलावा आपकी गाड़ी में क्या-क्या दिक्कतें बढ़ रही हैं उसको भी आसानी से पहचान सकेंगे। आपने सड़क पर चलते दोपहिया और चार पहिया वाहनों में से अलग-अलग कलर का धुआं निकलते हुए कई बार देखा होगा, लेकिन शायद ही आपको मालूम हो कि किस कलर का धुआं किस तकनीकी खराबी के चलते गाड़ी से निकल रहा है और गाड़ियों से कितने तरह का धुआं निकलता है जो दर्शाता है कि गाड़ी में खराबी है तो किस तरह की। ऑटोमोबाइल सेक्टर के विशेषज्ञ और फिटनेस सेंटर के ट्रेनर नितेश रघुवंशी बताते हैं कि अलग-अलग तरह के धुएं का कलर ब्राउन, ब्लैक, व्हाइट और ब्लू होता है। यह प्रक्रिया इसलिए होती है जब डीजल में इंजन ऑयल मिक्स होने लगता है तो इंजन ऑयल पीने लगता है तो इससे काला धुंआ निकलना शुरू हो जाता है। यह दो पहिया और टेंपो में ज्यादा देखा जा सकता है। ब्राउन कलर का धुआं निकलता है तो कुछ हद तक ठीक भी है। यह कार्बन अंदर जमने पर निकलता है। समझना चाहिए कि इंजन के अंदर जो ऑयल है वह भी जल रहा है। इसका मतलब यही समझना चाहिए 10 हजार से 20000 किलोमीटर चार पहिया वाहन चलने पर इंजन ऑयल जरूर चेंज कर लेना चाहिए। गाड़ी की सर्विसिंग अनिवार्य है। ब्लू धुआं तब निकलता है जब कूलेंट मिक्स होने लगता है। कूलेंट का काम सिर्फ यह नहीं है कि वह एसी चलाए। कूलेंट का काम इंजन को ठंडा रखने का भी होता है। उसका कुछ हिस्सा जलने पर ब्लू धुआं निकलने लगता है। व्हाइट धुआं क्लच ज्यादा इस्तेमाल करने पर निकलता है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के विशेषज्ञ नितेश रघुवंशी बताते हैं कि वाहन के लिए पहला स्टेप आता है वह है टायर प्रेशर, टायर की ऊंचाई ध्यान में रखकर ही गाड़ी में लगाना चाहिए। उसी के अनुसार उसमें एयर भरवानी चाहिए। दूसरा स्टेप बोनट खोलकर देखना होता है कि वायरिंग ठीक है कि नहीं। कूलेंट का एक बॉक्स रहता है उसको चेक करना चाहिए। वह गाड़ी का टेंपरेचर मेंटेन करने के लिए जरूरी होता है। जब गाड़ी खड़ी रहती है तो उसमें घुसकर चूहे तार काट देते हैं तो सेंसर भी खराब हो जाते हैं। आप इसे चेक कर सकते हैं. पाइप निकाल सकते हैं। इंजन ऑयल चेक कर सकते हैं। आपने अगर इंजन आयल डाला है और आपको चेक करना है कि इंजन ऑयल ठीक है कि नहीं तो उसकी रॉड निकालिए चिकनाहट से आपको पता चल जाएगा कि इंजन ऑयल ठीक है कि नहीं। अगर ज्यादा गाढ़ा हो गया और कालापन ज्यादा है तो इसका मतलब वह पूरी तरह से खराब हो गया है। पूरी तरह से चिपचिपा हो गया है। एकदम लुब्रिकेंट नहीं बचा है तो उसे तत्काल बदलना चाहिए। इंजन ऑयल की चिकनाहट होनी अनिवार्य है। इंजन ऑयल अगर आप अपनी गाड़ी का ठीक नहीं रखते हैं या लोकल डलवा लिया तो फिर यह इंजन को प्रभावित करता है। इससे फिल्टर भी खराब होता है। इसके बाद जब आप ड्राइविंग सीट पर जाते हैं तो यह जरूर चेक करना चाहिए कि क्लच थोड़ा ऊपर होना चाहिए और अगर क्लच नीचे बैठ रहा है या ऊपर आ रहा है तो भी समझिए की खराब हो रहा है। ड्राइविंग सीट पर मैटिंग कभी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। ड्राइविंग सीट पर मोटी मैटिंग लेते हैं तो ये चलते-चलते सिकुड़ने लगता है तो क्लच और ब्रेक के पास चला जाता है तो जब आप क्लच पूरा प्रेस नहीं करेंगे तो क्लच खराब होने लगता है। आमतौर पर सिंगल ड्राइव कर रहे हैं तो लगभग 50000 किलोमीटर तक क्लच चलती है और ड्राइवर चला रहा है रहा है और हाफ क्लच चला रहा है तो पांच हजार से 10000 किलोमीटर तक में ही क्लच चला जा सकता है। जो अच्छा ड्राइवर है उनका सिंगल ही एक-एक लाख किलोमीटर तक क्लच चलता है। अगर क्लच खराब हो रहा है तो जरूर बदल देना चाहिए। वे बताते हैं कि कभी-कभी चाबी मिसफायर कर जाती है। अगर मिस फायर कर रही है तो सबसे पहले बैटरी चेक करनी चाहिए। चाबी वाली मोटर खराब होगी तो मिसफायर करेगा। उसे चेंज कर लेना चाहिए। ऑटो एक्सपर्ट बताते हैं कि हाईवे और एक्सप्रेसवे पर अगर गाड़ी चलती है नाइट्रोजन जरूर डलवाना चाहिए। नाइट्रोजन जल्दी गर्म नहीं होती है। यह पहिए को ठंडा रखती है। यह जल्दी टायर से निकलती नहीं और टायर की लाइफ भी बढ़ती है। ऑक्सीजन से टायर गर्म भी होता है और जल्दी हवा भी निकलती है। टायर में क्रैकिंग हो जाएगा इस तो इसके पंचर होने और बर्स्ट होने का खतरा बढ़ जाता है।

# मोहनलालगंज में कटखने बंदरों का आतंक, बुजुर्ग महिला को किया घायल

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में बीते कई महीनों से कटखने बंदरों ने आतंक मचा रखा है। जिसके चलते लोग अपने घरो की छतो व रास्तो से निकलने में डरने लगे है,झुंड में चलने वाले कटखने बंदर अचानक से छतो व घरो के बाहर व रास्ते में निकलने वाले लोगो व बच्चो पर हमला कर घायल कर दे रहे है। नगर पंचायत समेत वनविभाग ने भी कटखने बंदरो को पकड़ने के लिये कोई ठोस कदम नही उठाया है। जिसके चलते कस्बावासियो में आक्रोश व्याप्त है। मोहनलालगंज कस्बे के मोहल्ला सरांय निवासी अश्वनी कुमार ने बताया शुक्रवार की सुबह साढे पांच बजे के करीब उनकी 96वर्षीय मां रामकुमारी पूजा करने के लिये समरसेबल पम्प चलाकर लोटे में पानी भर रही थी तभी अचानक से कटखने बंदरो का झुंड छत पर आ गया ओर दो बंदरो ने मां पर हमला कर दांतो से उनके हाथ में काटकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया,जिसके बाद घायल मां को आनन-फानन इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये,जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। उन्होने बताया कुछ दिन पहले मोहल्ले में रहने वाले अरूण चतुर्वेदी को भी बंदरो ने हमला कर काट कर घायल कर दिया है। झुंड में चलने वाले बंदर दर्जनो लोगो पर हमला कर काटकर घायल कर चुके है। वनविभाग समेत नगर पंचायत के अफसरो से शिकायत कर बंदरो के आतंक से छुटकारा दिलाये जाने की मांग की गयी लेकिन अब तक बंदरो को पकड़ने के लिये कोई कदम नही उठाये गये। जिसके चलते लोगो में आक्रोश है ओर वो अपने घरो की छतो समेत बाहर निकलने में भी डरने लगे हैं।

# जमीनी मामले में बड़ा घोटाला, चाचा ने भतीजे का अपहरण करने का किया प्रयास

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में जमीन घोटाले का मामला सामने सामने आते ही बिजनौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तुरंत एक्शन में आई और आनन फानन जांच शुरू कर दी। बताते चलें कि मकदूमपुर कैथी जैतीखेड़ा के सतिंदर पाल सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला 4.833 हेक्टेयर जमीन का है। इस जमीन में तीन हिस्सेदार हैं। सतिंदर पाल सिंह, उनके भाई मनदीप सिंह और चाचा रविंदर पाल सिंह गिल शामिल हैं। कनाडा निवासी रविंदर पाल सिंह ने अपने 0.254 हेक्टेयर हिस्से का मुख्तारनामा अपने भाई हरमीत सिंह को दिया था। हरमीत सिंह की मृत्यु के बाद रविंदर पाल सिंह ने एक ही जमीन को कई बार बेचा। सितंबर 2020 में उन्होंने मनदीप सिंह के नाम 10 लाख रुपए में जमीन पंजीकृत कराई। फिर 10 जून 2022 को 0.506 हेक्टेयर जमीन 40 लाख रुपए में बेच दी। रविंदर पाल सिंह ने शिकायतकर्ता के पिता से 75.77 लाख रुपए लिए। शिकायतकर्ता ने भी किश्तों में करीब 95 लाख रुपए दिए। मनदीप सिंह और उनकी पत्नी कवलदीप कौर ने 10.50 लाख रुपए दिए। सतेंदर पाल सिंह की पत्नी रजदेवेंदर कौर ने 6 लाख रुपए दिए। 13 जनवरी 2025 को रविंदर पाल सिंह ने एलीनेट इंफावर्क प्राइवेट लिमिटेड के मोहम्मद शाहिद अंसारी को 84.35 लाख रुपए में जमीन बेच दी। यह रजिस्ट्री सरोजनी नगर द्वितीय के उपनिबंधक कार्यालय में दर्ज है। इस प्रकार रविंदर पाल सिंह ने एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को बेचकर कुल 1.70 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। मामले में एक अन्य गंभीर आरोप है कि पीड़ित के 10 वर्षीय भतीजे एकमवीर सिंह का अपहरण करने का प्रयास भी किया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्टर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहुमंजिला इमारत में लगी आग

» फंसी मां-बेटी को सीढ़ी लगाकर बचाया गया

» अचानक उठी लपटें, गर्म आंच, अफरा-तफरी

» मौके पर पहुंची दमकल, दो टीमों में बंटकर किया रेस्क्यू



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजधानी के शाहनजफ रोड स्थित ज्वाला सहाय बिल्डिंग में गुरुवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। आग बिल्डिंग के दूसरे माले पर स्थित एक फ्लैट में लगी, जहां रामतीर्थ वार्ड के सभासद नागेंद्र सिंह चौहान की 88 वर्षीय मां सुमन सिंह और 50 वर्षीय बहन रितु फंस गईं थीं दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। वहीं आग में फंसी मां-बेटी को बाहर निकाला। रितु सिंह ने बताया कि रात करीब 12बजे वह कबूतरों को दाना दे रही थीं, तभी कमरे में तेज आवाज के साथ धुआं निकलने लगा और आग की लपटें दिखने लगीं। अफरातफरी में वह भागीं लेकिन उनकी मां और वह खुद घर में फंस गईं। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन हालात बिगड़ते देख पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देर में हजरतगंज एफएसओ राम कुमार रावत दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग की तीव्रता को देखते हुए तीसरी दमकल भी बुलाई गई।दमकल की दो टीमें बनाई गई एक टीम ने आग बुझाने का काम शुरू कियादूसरी टीम ने सीढ़ी लगाकर सुमन सिंह और रितु को सुरक्षित बाहर निकाला। एफएसओ राम कुमार रावत ने बतायाकरीब एक घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, कमरे में रखा फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बंथरा इलाके लगातार आग लगने का सिलसिला हमने का नाम नहीं ले रहा है फिर शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे दर्जन भर किसानों के खेतों में खड़ी करीब 18 बीघा पराली जलकर खाक हो गई कबीर सिंह दौरान स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर पहुंची जमकर विभाग काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाब रही बताते हैं कि इस दौरान आग की चपेट में आने से कई पेड़ भी झुलस गए हैं बीबीपुर गांव निवासी विजय कुमार के खेत में भूसा बनाने के लिए पराली खड़ी थी। जिसमें दोपहर करीब 1:30 बजे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जब तक ग्रामीण उसे बुझाने की कोशिश करते, तब तक हवा के झोंकों से आग की तेज लपटों ने फैल कर आसपास के 10 अन्य किसानों के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। तब ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी।

# अज्ञात वाहन से हुई थी ट्रक चालक की मौत



फाइल फोटो

» पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि

» परिजन शव लेकर झारखंड के लिये हुये रवाना

» मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे की यूपीएएल फैक्ट्री में झारखंड से ट्रक लेकर सीमेंट की चादरे लोड करने आये चालक एहसान अंसारी निवासी न्यू आजादनगर थाना भूली, झारखंड का लापता होने के तीस घंटे बाद फैक्ट्री गेट के पास हाइवे किनारे झाड़ियो में बीते गुरुवार की दोपहर पुलिस को शव पड़ा मिला था, मृतक चालक एहसान अंसारी के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पीएम के लिये भेजा था, शुक्रवार को पीएम में डाक्टरो ने चालक के सिर में गम्भीर चोट लगने से मौत की पुष्टि की।वही जांच में जुटी पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खगांली तो एक कैमरे की फुटेज में बुधवार की सुबह फैक्ट्री के बाहर पुलिया पर चालक एहसान अंसारी बैठा हुआ दिखा।पुलिस ने पुलिया के पास नाले से मृतक चालक की टोपी व एक चप्पल भी बरामद किया है,वही पास में ही एक कार का टूटा साइड शीशा व पुलिया पर वाहन के रगड़ के निशान भी मिले है।जिसके बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांच में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से चालक की मौत होने की बात कही है। बताया जा रहा है कि पुलिस की जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ट्रक चालक की मौत होने की बात निकलकर आई सामने। हालांकि पुलिस शव मिलने के 24घंटे बाद भी मृतक चालक का गायब मोबाइल फोन बरामद नही कर पायी है, पुलिस ने आशंका जतायी है एक्सीडेंट के दौरान फोन छिटककर दूर गिरा होगा, जिसे कोई उठाकर लेकर चला गया होगा। शुक्रवार को मृतक चालक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर झारखंड के लिये रवाना हुए। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में हाइवे पर पैदल टहलने के दौरान किसी अज्ञात वाहन कि टक्कर से ट्रक चालक की मौत होने की पुष्टि जांच में हुयी है,पीएम रिपोट में भी डाक्टर ने मौत का कारण सिर में चोट लगना बताया है।मृतक चालक के भाई शब्बू अंसारी ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की तहरीर कार्यवाही के लिये पुलिस को दी। अज्ञात वाहन व चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## रोडवेज बस में बेटिकट यात्री मामला

# चेकिंग करने वाले अधिकारियों पर भी हो सकती हैं कार्रवाई, जांच के आदेश



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** रोडवेज बसों के चालक परिचालक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करा विभाग को चूना लगा रहे है। मंगलवार देर शाम को भी लखनऊ आ रही सुल्तानपुर डिपो की बस में 12 बेटिकट यात्री मिले हैं। इन यात्रियों से संबंधित टिकट नहीं दिखा पाने पर संविदा परिचालक की नौकरी जाएगी। वहीं रूट पर चेकिंग करने वाले अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी मुख्यालय की ओर से जांच बिठाई गई है। माना जा रहा है कि इस मामले में कई अधिकारियों पर गाज गिरेगी। सुल्तानपुर डिपो की बस यूपी 44 बीएफ 5832 लखनऊ आ रही थी। रास्ते में अकेलवा नाम की जगह पर लखनऊ परिक्षेत्र के यातायात अधीक्षक बलराज सिंह ने बस रोकर जांच की। बस में कुल 45 यात्री थे। इनमें से 12 यात्री बिना टिकट के सफर कर रहे थे। ये यात्री रायबरेली के विभिन्न इलाकों के लिए बैठे हुए थे। रोडवेज के नियमों के मुताबिक अगर नौ से ज्यादा यात्री बिना टिकट के मिलते हैं तो उसकी प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाती है। इस मामले में स्थानीय पुलिस को तहरीर दी गई है। प्रकरण मुख्यालय आने के बाद हड़कंप मच गया है। वहीं मुख्यालय की ओर से आदेश दिया गया है, कि जिस रूट पर बस चल रही थी तो जिन अधिकारियों की चेकिंग के लिए ड्यूटी लगी थी, वो कहां थे। आखिर उन्होंने बस को क्यों नहीं चेक किया। सभी अधिकारियों के खिलाफ जांच बिठाई गई है।

# दबंगई कर बुलडोजर से की गयी तोड़फोड़

» कोर्ट में मामला विचाराधीन, दिखाने पर कोर्ट का आदेश फाड़ा

» वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर लिखी खबर

» नाका कोतवाली इलाके की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** नाका कोतवाली इलाके में एक कॉलेज के मैनेजर की दबंगई सामने आयी है। आरोप लगाया गया है कि यहां जबरन बुलडोजर चलाकर शुक्रवार को दुकानें तोड़ी गयी। इसको लेकर लोगों में काफी गुस्सा था। हैरान-परेशान पीड़ित ने नाका कोतवाली में शिकायत कर तहरीर दी है। देरशाम पुलिस अधिकारी जांच-पड़ताल कर पीड़ितों से घटना को लेकर पूछताछ की। पीड़ितों का कहना है कि कोर्ट में मामला विचाराधीन है। कोर्ट ने कब्जा यथास्थित रहने का आदेश दिया था। आरोपों को माने तो जब बुलडोजर चलाकर कब्जा करने के उदेश्य से तोड़फोड़ की जा रही थी, तो कोर्ट का आदेश दिखाया गया। इस पर मनबढ़-दबंगो ने कोर्ट का वह आदेश फाड़ दिया। इधर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है। घटना को लेकर तफ्तीश की जा रही है। पीड़ित मोहम्मद गुलफाम सिराज निवासी पुरानी सब्जी मण्डी चौक ने बताया कि एक कॉलेज के पीछे उनकी गोदाम है। जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि कोर्ट ने यहा कब्जा यथास्थित बनाए रखने का आदेश दिया था, लेकिन आरोपियों ने शुक्रवार की सुबह अपने 40-50 साथियों के साथ बुलडोजर के साथ आये और तोड़फोड़ शुरु कर दिया। गुलफाम को घटना की जानकारी उनके नौकर ने फोन पर दी थी। आरोप है कि गाली-गलौजकर मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और रुपये छिन लिये। पूरी खबर वायरल वीडियो और दिये गये तहरीर के आधार पर लिखी गयी है। पीड़ित ने कहा है कि इसको लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है।

# इंतजाम: जुड़ने से पहले ही टूट जाती हैं कड़ियां

» स्लीपिंग माड्यूल्स निष्क्रिय करने में सुरक्षा एजेंसियां फेल

» यूपी में 1992 में हुई थी आतंकवाद की 'सुगबुगाहट'

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सूचनाओं की कड़ियां जुड़ने से पहले ही टूट जा रही है। यही वजह है कि बीते दो-तीन दशकों के भीतर देश व प्रदेश कई जिलों में दो दर्जन से अधिक आतंकी घटनाएं होने के बावजूद यहां सुरक्षा एजेंसियां आतंकियों के स्लीपिंग माड्यूल के बारे में अधिक जानकारियां नहीं जुटा पाई है। हालांकि कई आतंकी संगठन के सदस्य सलाखों के पीछे भी पहुंचे और खूंखार आतंकियों का माने जाने वाला आतंकी अजमल कसाब फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। वह भी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए देश पर सबसे बड़े हमले का दोषी था। इसी तरह आतंकी यासीन भटकल भी खतरनाक इरादे वाला था जो रूपयों के लालच देकर नई उम्र वाले युवकों की फौज तैयार करने में माहिर रहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अंधाधुंध फायरिंग इसका ताजा उदाहरण है, जहां आतंकियों ने एक नई घटना को अंजाम देकर 28 पर्यटकों के सीने में गोलियों की बौछार कर मौत की नींद सुला दिया और आराम से भाग निकले। जाहिर है पिछली घटनाओं की तफ्तीश के बाद सुरक्षा तंत्र लापरवाह होता गया और आतंकी नए सिरे से नेटवर्क बनाने में सफल रहे। यूपी की बात करें तो उत्तर प्रदेश में आतंकवाद की सुगबुगाहट 1992 में अलीगढ़ जावेद युसूफ नाम का आईएसआई एजेंट की गिरफ्तारी के बाद से सामने आई थी। जानकार बताते हैं कि तब अबतक सौ-दो सौ से अधिक आतंकवादी, शरणदाता व आईएसआई एजेंट धरे गए, लेकिन इनसे वह जानकारियां नहीं हासिल की जा सकी जिनसे कि स्लीपिंग माड्यूल्स को नष्ट करने की दिशा में कदम उठाए जाते। नतीजतन आज भी देश व प्रदेश में आतंकियों का संगठन सक्रिय है इसका ताजा उदाहरण पहलगाम में हुई घटना।

### देश व प्रदेश में हुई आतंकी वारदातें

- 14 फरवरी 2019- जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आतंकवादियों ने आत्मघाती हमला किया, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान चली गई।
- एक दिसंबर 2010- वाराणसी में शीतला घाट पर आरती के समय हुए बम विस्फोट दो लोग मारे गए, जबकि 37 घायल हुए।
- 13 फरवरी 2010- पुणे में जर्मन बेकरी के बाहर हुए बम विस्फोट में 17 लोगों की मौत हुई और कई लोग जख्मी हुए।
- 26 नवंबर 2008- देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आतंकियों के हमले में 166 लोग मारे गए।
- 30 अक्टूबर - असम में किए 18 बम विस्फोट में 77 लोग मारे गए, 100 घायल।
- 21 अक्टूबर - इंफाल में मणिपुर पुलिस कमांडो कांप्लेक्स के पास शक्तिशाली विस्फोट में 17 लोगों की मौत।
- 29 सितंबर - महाराष्ट्र के मालेगांव में भीड़भाड़ वाले इलाके में बम विस्फोट में पांच लोग मारे गए।
- 27 सितंबर - दिल्ली के महरौली में बम विस्फोट में तीन लोग मारे गए।
- 13 सितंबर- दिल्ली में छह स्थानों पर हुए सीरियल बम विस्फोट में 26 लोग मारे गए।
- 26 जुलाई - दो घंटे के भीतर अहमदाबाद के बीस स्थानों पर हुए बम धमाकों में 57 लोग मारे गए।
- 13 मई- जयपुर में हुए सीरियल बम धमाकों में 68 लोग मारे गए।
- जनवरी- यूपी के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप में हुए आतंकी हमलों में आठ लोग मारे गए।
- अक्टूबर 2007- रमजान के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में हुए बम धमाके में दो लोग मारे गए।
- अगस्त- हैदराबाद में हुए आतंकी हमले में 30 लोग मारे गए, जबकि 60 घायल हुए।
- मई- हैदराबाद की मक्का मस्जिद में हुए बम धमाके में 11 लोग मारे गए।
- 19 फरवरी- समझौता एक्सप्रेस में दो धमाकों के बाद लगी आग में 66 यात्री मारे गए।
- सितंबर 2006- मालेगांव की एक मस्जिद में दो बम धमाकों में 30 लोग मारे गए, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए।
- जुलाई - मुंबई की लोकल ट्रेनों सात बम धमाके हुए इन धमाकों में 200 लोग मारे गए, जबकि 700 घायल हुए।
- मार्च - वाराणसी के एक मंदिर और रेलवे स्टेशन पर हुए दोहरे बम धमाके में 20 लोग मारे गए।
- अक्टूबर 2005- दीपावली से एक दिन पहले दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके बम धमाकों में 62 लोग मारे गए जबकि सैकड़ों लोग जख्मी हुए।
- 25 अप्रैल 2025- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकियों ने 28 पर्यटकों को मौत की नींद सुला।

# डीजीपी ने सड़क सुरक्षा विमर्श पुस्तक का किया विमोचन

- यातायात नियमों के पालन का भी जिक्र
- पुस्तक में सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा
- डीजीपी स्टॉफ ऑफीसर के लिखित पुस्तक 'सड़क सुरक्षा विमर्श' का विमोचन

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय डीजीपी के स्टॉफ ऑफीसर पूर्णेन्दु सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'सड़क सुरक्षा विमर्श' का विमोचन किया। पुस्तक में भारत की यातायात एवं सड़क सुरक्षा परिदृश्य पर बहुत व्यापक रूप से वर्णन किया गया है। पुस्तक में सड़क दुर्घटनाओं के कारण निवारण के साथ-साथ दुर्घटना के सामाजिक आर्थिक प्रभाव पर भी विचार व्यक्त किया गया है क्योंकि अभी दुर्घटना रोकने के उपायों पर ही, ज्यादा जोर दिया जाता है। परन्तु लेखक ने उनके सामाजिक आर्थिक दुष्प्रभाव पर भी विस्तार के साथ रेखांकित किया है इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात उपस्थित रहे।






### पुस्तक को पुलिस के प्रशिक्षण में शामिल किया जाये

पुस्तक में एक सुरक्षित सड़क यातायात पर्यावरण व परिवेश से जुड़े हुए पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। प्रदूषण के विभिन्न आयामों पर भी प्रकाश डाला गया है। सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था से सम्बंधित सरकारी प्रयासों विशेष कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों, जागरूकता अभियानों, माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। डीजीपी द्वारा पुस्तक के विमोचन के दौरान अपेक्षा की गयी कि पुस्तक को पुलिस के प्रशिक्षण में शामिल किया जाये, ताकि अधिक से अधिक पुलिस कर्मी पुस्तक में उल्लिखित लाभप्रद विषयों का अनुश्रवण कर लाभान्वित हो सकें।

### पुलिस विभाग के लिए लाभदायक पुस्तक

इस पुस्तक में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, ऑटोमोबाइल कंपनियों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं, मोटर ट्रेनिंग स्कूलों, से संबंधित विवरण को संकलित किया गया है। जो पुलिस विभाग के लिए लाभदायक होगा, साथ ही साथ संयुक्त राष्ट्र संघ व विश्व की विभिन्न संस्थाओं द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे प्रयासों को भी सम्मिलित किया गया है जो इस पुस्तक को बहुत उपयोगी बनाते हैं।

# दहेज के लिए महिला को पीटा, ससुराली पक्ष पर मुकदमा दर्ज




**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सुशान्त गोल्फ सिटी के मांढरमऊ गांव के रहने वाले ओम प्रकाश ने पुत्री के ससुराली पक्ष पर दहेज के उत्पीड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले को जांच में जुटी है। पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि बेटी शालिनी का विवाह दिनांक 20 जून 2019 को शिवदर्शन निवासी बाजपुर बीबीडी थाना पो0 महमूदपुर, जनपद लखनऊ ने साथ किया था। पीड़ित का आरोप है कि विवाह के पश्चात ही मेरी पुत्री के ससुराल पक्ष वाले उसके पति शिवदर्शन, सास गुड्डी, ससुर मणिराम, देवर राकेश एवं ननद ममता द्वारा अतिरिक्त दहेज के रूप में एक चार पहिया गाड़ी व लाखों की धनराशि की मांग करने लगे। जब मैंने उक्त मांगों को पूरा करने में असमर्थता व्यक्त की तो ससुराल वालों द्वारा मेरी पुत्री को शारिरिक व मानसिक रूप से प्रताणित करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। दिनांक 09 अप्रैल 2025 को ससुराली जन एक राय होकर उसे लातो घूसो तथा डन्डे से मारा एवं मेरी पुत्री का गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी गयी। जिसके परिणाम स्वरूप मेरी पुत्री को गम्भीर चोटे आयीं। उसका एक हाथ भी टूट गया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**हाल्ट एजेन्ट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण (यह नौकरी नहीं है)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा लखनऊ मण्डल के निम्नांकित 27 हाल्ट स्टेशन पर टिकटों की बिक्री हेतु हाल्ट एजेन्ट के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय स्थाई निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

हाल्ट जहाँ पर एजेन्ट की नियुक्ति प्रस्तावित है का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | नाम | स्थित स्थान |
|---|---|---|
| 1. | धीरगंज | विश्वनाथगंज एवं मऊआइमां स्टेशनों के मध्य उन्नाव ऊँचाहर लाईन पर जिला प्रयागराज। |
| 2. | गौरियामऊ | रुदौली एवं बरागॉव स्टेशनों के मध्य रुदौली से अयोध्या लाईन पर जिला–अयोध्या। |
| 3. | इदामऊ | बीघापुर एवं तकिया स्टेशनों के मध्य जिला–उन्नाव, उ.प्र. |
| 4. | जुग्गौर | मल्हौर एवं सफेदाबाद स्टेशनों के मध्य लखनऊ से बाराबंकी लाईन जिला–लखनऊ। |
| 5. | रामगंज | पीपरपुर एवं कोहनडोर स्टेशनों के मध्य सुल्तानपुर प्रतापगढ़ लाईन पर जिला–अमेठी। |
| 6. | सरायगोपाल | अटरामपुर एवं फाफामऊ स्टेशनों के मध्य प्रयागराज से ऊँचाहार लाईन जिला– प्रयागराज, उ.प्र.। |
| 7. | सूरजकुण्डा | दरियापुर एवं उबरनी स्टेशनो के मध्य रायबरेली डलमऊ लाईन पर जिला–रायबरेली, उ.प्र.। |
| 8. | भूपियामऊ | प्रतापगढ़ एवं विश्वनाथगंज स्टेशनों के मध्य प्रतापगढ़–प्रयाग लाइन पर जिला–प्रतापगढ़। |
| 9. | चौरे बाजार | खजुराहट एवं कूड़ेभार स्टेशनो के मध्य फैजाबाद प्रतापगढ़ लाइन पर जिला–अयोध्या। |
| 10. | कुसुम्भी | जैतीपुर एवं अजगैन स्टेशनों के मध्य लखनऊ से कानपुर लाईन पर जिला–उन्नाव। |
| 11. | ईश्वरधासपुर | ऊँचाहार एवं मइनलेपुर स्टेशनों के मध्य ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 12. | कुल्हा | बीघापुर एवं टिकौली रावतपुर स्टेशनों के मध्य उन्नाव ऊँचाहार लाइन पर जिला–उन्नाव। |
| 13. | सलखापुर | कजगॉव टेढवा एवं शुदनीपुर स्टेशनों के मध्य जौनपुर जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 14. | सुधनीपुर | सलखापुर–मडियाहूँ स्टेशनों के मध्य जौनपुर–जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 15. | नीमगोपालपुर | कोइरीपुर एवं हरपालगंज स्टेशनों के मध्य सुल्तानपुर जफराबाद लाइन पर जिला–मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़। |
| 16. | राधाबालमपुर | डलमऊ एवं उबरनी स्टेशनों के मध्य डलमऊ रायबरेली लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 17. | द्वारिकागंज | सुल्तानपुर एवं कूड़ेभार स्टेशनों के मध्य इलाहाबाद सुल्तानपुर एवं कूड़ेभार स्टेशनो के मध्य इलाहाबाद अयोध्या लाइन पर जिला–सुल्तानपुर। |
| 18. | कासिमपुर | जायस एवं बनी स्टेशनो के मध्य उन्नाव–ऊँचाहार लाइन पर जिला–अमेठी। |
| 19. | बैसवारा | तकिया एवं रघुराज सिंह स्टेशनों ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–उन्नाव। |
| 20. | बहाई | लालगंज एवं डलमऊ स्टेशनो के मध्य उन्नाव रायबरेली लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 21. | बरसेठी | भन्नौर एवं जरोना स्टेशनो के मध्य जंघई जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 22. | भन्नौर | वारीगॉव नेवादा एवं बरसेठी स्टेशनों के मध्य जंघई–जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 23. | जरौना | भन्नोर एवं जरौना स्टेशनों के मध्य जंघई जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 24. | मलेथूकनक | भरतकुण्ड एवं खजुराहट स्टेशनो के मध्य अयोध्या–मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ लाइन पर जिला–अयोध्या । |
| 25. | मझलेपुर | ऊँचाहार एवं जलालपुर घई स्टेशनों के मध्य ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 26. | वारिसगंज | निहालगढ़ एवं अधीनपुर स्टेशनों के मध्य लखनऊ सुल्तानपुर लाइन पर जिला–सुल्तानपुर । |
| 27. | वारीगॉव नेवादा | मडियाहूँ एवं भन्नौर स्टेशनो के मध्य जौनपुर जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |

पात्रता की शर्तों, आवेदन प्रारूप एवं अन्य विवरण हेतु कृपया **www.indianrailways.gov.in** देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1228/25

## भारत में रह रहे पाक नागरिकों को अल्टीमेटम

# 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश

- डीजीपी के निर्देश के बाद कार्रवाई में जुटी पुलिस
- डीजीपी ने सभी जिलों को पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश के दिए निर्देश
- अलग-अलग किस्म के वीजा को जांचने और कार्रवाई करने के आदेश

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की तरफ से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिक अलग-अलग वीजा पर रह रहे हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों, कमिश्नरों और एलआईयू को ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तलाशने और वापस भेजने का आदेश दिया है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के फैसले ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोग फिलहाल खुद ही लौटने लगे हैं। वापस जाने की मियाद खत्म होने के बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, जो वापस पाकिस्तान नहीं लौटे होंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा- केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक, पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो यूपी में जो पाकिस्तानी नागरिक रह रहे है, जो पिछले कुछ साल पहले वीजा लेकर आए लेकिन वापस नहीं लौटे। उन्होंने सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन भी नहीं किया है। इनमें पाकिस्तान से आए हिंदू शामिल नहीं हैं। पाकिस्तान से बड़ी संख्या में आए हिंदुओं ने नागरिकता के लिए आवेदन किया है। यहां बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों का शार्ट टर्म और लॉन्ग टर्म वीजा पर आना-जाना होता है, जिसका कच्चा चिट्ठा केंद्रीय खुफिया एजेंसियां और गृह विभाग रखता है। नियमों के मुताबिक, पाकिस्तान से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जिले के एसपी के पास अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। वहीं, आईबी के अधीन आने वाला फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफस (एफआरआरओ) संकलित करता है। केंद्र सरकार के हालिया फैसले के बाद सभी जिलों में निवास कर रहे पाकिस्तानी नागरिकों का लोकल इंटेलिजंस यूनिट ब्योरा जुटा रही है। जिससे आगे की कार्रवाई को अमल में लाया जा सके।



### पाकिस्तानी नेपाल रूट का करते है इस्तेमाल

बिना वीजा के भारत में प्रवेश करने के लिए अधिकांश पाकिस्तानी नेपाल रूट का इस्तेमाल करते हैं। बीते दिनों नेपाल के रास्ते नोएडा आई सीमा हैदर भी इनमें शामिल है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि बांग्लादेशी नागरिकों के मुकाबले इनकी संख्या अधिक नहीं है। तमाम घुसपैंठियों दारा भारतीय नागरिकता के दस्तावेज बनवा लेने से उनकी पहचान कर पाना आसान नहीं होता है।

### कानूनी दांव-पेंच से बचे रहते हैं, वीजा अवधि खत्म होने पर छिप जाते हैं

यूपी के हजारों मुस्लिम परिवारों की पाकिस्तानी नागरिकों के साथ रिश्तेदारी है। ऐसे में वीजा अवधि खत्म होने पर छिप जाते हैं, अथवा पहचान बदल लेते हैं। बीते दिनों बरेली में मां-बेटी को पाकिस्तानी नागरिक होने की वजह से सरकारी शिक्षक की नौकरी से बर्खास्त करने के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद वापस नहीं जाने पर पुलिस कार्रवाई करती है लेकिन लोग कानूनी दांव-पेच की वजह से बचते रहते हैं।

# पत्नी से परेशान युवक ने विधानसभा के सामने की आत्मदाह की कोशिश

- मकान भी बदला, लेकिन समस्या बरकरार रही
- आरोप है कि पुलिस ने उसी पर कर दिया मुकदमा



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** पत्नी के अश्लील वीडियो पर ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित विधानसभा के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर युवक ने आग लगाने का प्रयास किया विधानसभा जैसे सुरक्षित स्थान पर हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। युवक का आरोप रोहित नामक युवक पत्नी से अवैध संबंध के बीच अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल कर रहा है पत्नी के अश्लील वीडियो पर ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक किराए के कई मकान बदल चुका है उसने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आग लगाने से पहले युवक को पकड़ कर युवक को थाने पहुँचाने के साथ ही आगे की कारवाई में लगी हुई। लखनऊ में विधानसभा के बाहर शुक्रवार को एक युवक ने आत्मदाह करने की कोशिश की। उसने खुद के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगानी चाहिए। आग लगाने से पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया पुलिस युवक ने युवक से पूछताछ की है। उसने बताया कि उसकी पत्नी का रोहित नामक से अवैध संबंध है इस बीच अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल कर रहा है। युवक ने बताया कि मोहल्ले वाले पत्नी को लेकर बार-बार ताने मारते थे। इससे परेशान होकर तीन बार किराए का मकान बदला, ताकि समस्या का हल निकल जाए। इससे भी समस्या का हल नहीं निकला। इससे वह पूरी तरह से टूट गया। मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। अधिकारी भी सिर्फ आश्वासन देते रहे। इस पर उसने विधानसभा के सामने आत्मदाह करने का फैसला किया। पुलिस ने अब मामले की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

# परिवहन विभाग मुख्यालय में लगी आग महत्वपूर्ण फाइलें हुई जल कर खाक

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** ट्रांसपोर्ट कमिश्नर कार्यालय में शुक्रवार की देर शाम टी आर सेक्शन में अचानक आग लग लगी। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। लखनऊ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर कार्यालय में शुक्रवार की देर शाम सामान्य प्रशासन और टेक्निकल अनुभाग में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से कार्यालय में रखे फर्नीचर, महत्वपूर्ण फाइल आदि जल गए। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, बलरामपुर**

**ई–टेडरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या– 03/अधि0 अभि0/2025–26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यो में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से तालिका सं0: 02 में निहित कार्यक्रम के अनुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी।

तालिका सं0:–01

| लाट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर धनराशि (रु0 में) I.N.R. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) (अतिरिक्त कर सहित) I.N.R. | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 5.100 से किमी0 7.415 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 63500.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 2 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 7.420 से किमी0 8.200 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 55000.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 3 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 8.210 से किमी0 8.600 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 62500.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 4 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 8.610 से किमी0 8.900 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 58100.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 5 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 8.925 से किमी0 9.300 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 67000.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 6 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर शहर की सुरक्षा हेतु एम0एल0टी0डी0 तटबंध के किमी0 9.310 से किमी0 21.000 के मध्य एच0एफ0एल0 और फ्रीबोर्ड तक अस्थायी रूप से उच्चीकरण कराने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 49600.00 | 30 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |

1. इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्ते उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की बेवसाईट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की बेवसाईट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं उससे सम्बंधित अन्य शर्ते वेवसाइट से डाउनलोड कर देखी व पढ़ी जा सकती है।

तालिका सं0:–2

| Sr. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Submission Start | 28-04-2025 | 10.00 AM |
| 2 | Bid Submission End | 03-05-2025 | 15.00 PM |
| 3 | Technical-Cover Opening | 03-05-2025 | 16.00 PM |
| 4 | Financial Bid Opening | Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on line to successful bidders in technical bid. | |

(संजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
बाढ़ खण्ड, बलरामपुर

www.upidadv.gov.in
UPID : 232846 Dt. : 24/04/2025

# पहलगाम हमले के बाद जुमे पर लखनऊ में प्रदर्शन

## कल्बे जवाद बोले- भारत में हिंदू-मुसलमान हमेशा एक हैं और एक रहेंगे




ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहले जुमे पर बड़ा इमामबाड़ा के आसिफी मस्जिद में लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। पाकिस्तान का विरोध भी किया गया। वहीं पहलगाम हमले की बराबरी गाजा में इजरायल के ऑपरेशन से की गई। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि पहलगाम में तो केवल 26 लोगों की मौत हुई है, लेकिन गाजा में तो 70 हजार लोग इसराइल के हमले में मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू-मुसलमान हमेशा एक हैं और एक रहेंगे। पाकिस्तान में जो लोग भी इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसा एक्शन होना चाहिए कि वह दोबारा ऐसी कोई कार्रवाई न कर सकें। मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद की ओर से मौलाना कल्बे जवाद नकवी के नेतृत्व में जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया गया। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### पाकिस्तान के खिलाफ की नारेबाजी

कल्बे जबाद ने कहा, पहलगाम में बच्चे और औरतें नहीं मारे गए, लेकिन गाजा में बच्चों और औरतों की भी जान ली गई। मौलाना ने कहा कि जो भी देश में इस समय हिंदू और मुसलमान को तोड़ने की कोशिश कर रहा है वह सारे पाकिस्तानी एजेंट हैं चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान। इस दौरान लोगों ने आतंकवाद, पाकिस्तान और पाकिस्तानी आर्मी के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जानबूझकर लोगों को मारन से पहले धर्म पूछा, ताकि भारत में हिंदू मुसलमान के बीच टकराव हो सके। वहां एक मुस्लिम ने कई हिंदुओं की जान बचाई थी।

# पुलिस से साथ विवाद करने वाले चार गिरफ्तार

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में इवेंट पर गए डायल 112 के पुलिस कर्मियों को वहां काम कर रहे मजदूरों ने दौड़ा लिया, जिस दौरान पुलिस कर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। डायल 122 की पीआरवी 4839 पर तैनात पुलिसकर्मी योगेन्द्र तिवारी के अनुसार 24 अप्रैल को वह और उनके साथ पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी गौतम शर्मा व चालक विद्याभूषण यादव मिली शिकायत की इवेन्ट संख्या 19669 पर दयाल बाग के पास स्थित मिगसन की साइड पर गए थे। जहाँ इन लोगो के पहुंचते ही वहाँ काम कर रहे मजदूर कौशल कल्लू नन्द किशोर व उनके अन्य साथियों ने पुलिसकर्मियों को मारने के लिए दौड़ा लिया और गाली गलौज करने लगे। जिस दौरान पुलिसकर्मियों ने वहां से भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद जब मौके पर भीड़ इकट्ठा होने लगी तो आरोपित मजदूर मौके से भाग गए। पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के साथ ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अन्जनी कुमार मिश्रा के अनुसार मामले के आरोपित कौशल निवासी दुगाना थाना सकरन जिला सीतापुर, कल्लू उर्फ राजू निवासी सेखनापुर थाना सकरन जिला सीतापुर, नंद किशोर निवासी असरापुर थाना लहरपुर जिला सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दूसरे मामले में झगड़ा कर रहे शाहबाज खान निवासी बी18/एस34 सेक्टर 3 पीएम आवास योजना तथा तीसरे मामले में जलसा रिसोर्ट के पास एक युवती से शादी की बात को लेकर झगड़ा कर रहे आशीष मोरवानी व कैलाश निवासीगण ग्राम निमोला थाना महेन्द्रवास जिला टोंक राजस्थान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके की घटना

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 25.04.2025 1235/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56255226 | ROOF MOUNTED AIR CONDITIONING SYSTEM WITHOUT TROUGH TO SPECN. NO. RDSO/2007/EL/SPEC/ 0055, REV.-2. | 60 Nos. | 20.05.2025 |

**निविदा शर्तें**– **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2025, ईमेलः dycmmcb15@gmail.com**

1230/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चावल मिल में धुएं के कारण दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत

» डीएम एसपी अपनी टीमों के साथ करते रहे निगरानी

ग्रुप 5 संवाददाता



**बहराइच।** जिले में आज एक दिल दहला देने वाली घटना हो रही राजगढ़िया फूड फैक्ट्री में अचानक निकलने वाले धुएं के कारण दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई तथा तीन लोग मेडिकल कॉलेज में अपना इलाज करवा रहे हैं इस घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जाए। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बताया कि सूचनाओं के अनुसार, राजगढ़िया चावल मिल के 'ड्रायर' में नमी आने के कारण धुआं उठने पर कुछ मजदूर निरीक्षण करने वहां पहुंचे लेकिन धुआं इतना अधिक था कि वे वहीं बेहोश हो गये।उन्होंने बताया कि अग्निशमन के दल ने वहां पहुंचकर मजदूरों को बाहर निकाला। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉक्टर एम. एम. त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पांच लोग मृत अवस्था में लाये गये, जबकि तीन का इलाज जारी है राजगढ़िया राइस मिल के निदेशक विनोद अग्रवाल के अनुसार राइस मिल में लगा ड्रायर धान की नमी को सुखाने के काम आता है। यह बड़ा और ऊंचा तथा पूर्णतः स्वचालित संयंत्र है, जिसमें किसी आदमी को जाने की आवश्यकता नहीं होती। गैस और आग का भी वहां कोई इस्तेमाल नहीं होता, भाप से हवा गर्म कर धान की नमी को निकाला जाता है। मशीन में कभी धुंआ नहीं होता, लेकिन आज सुबह किसी मजदूर ने ड्रायर में संभवतः धुंआ देखा।जिसपर स्टाफ ने बताया कि धुंआ देखकर एक मजदूर ने मशीन बंद की और जांच करने के लिए मशीन के अंदर चला गया। पहला मजदूर जब वापस नहीं लौटा तो एक एक करके आठ मजदूर मशीन में चले गये और बेहोश हो गये। मिल में मौजूद कर्मियों ने फौरन फायर ब्रिगेड को बुलाया, फायर ब्रिगेड व अन्य स्टाफ ने बेहोश पड़े मजदूरों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा।इस घटना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुष्टि करते हुए कहा राजगढ़िया राइस मिल में आज सुबह मजदूर काम कर रहे थे और धान की नमी को सुखाने के लिए मशीन चल रही थी, उसके कारण जो धुआं निकला, उससे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। जिसपर पूरी जानकारी देते हुए सीएमएस त्रिपाठी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजेश कुमार बबलू प्रजापति गफ्फार के रूप में हुई है। ये तीनों कन्नौज जिले के रहने वाले हैं, जबकि एक मृतक जहूर श्रावस्ती और दूसरा बिट्टू शाह मधेपुरा, बिहार का रहने वाला बताया गया है। त्रिपाठी के अनुसार, घायलों की पहचान सुरेंद्र बहराइच, देवी प्रसाद श्रावस्ती और सुखदेव तरनतारन, पंजाब निवासी के रूप में हुई है।

## डीएम मोनिका रानी ने गठित की टीम

जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए एक संयुक्त जांच दल का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि संयुक्त जांच दल में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ), सहायक श्रम आयुक्त (एएलसी), जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक (जीएम डीआईसी) और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किये गये हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा, ''मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा : हाईस्कूल में जालौन के यश प्रताप, इंटरमीडिएट में प्रयागराज की महक जायसवाल अव्वल



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं- 2025 के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए जिसमें हाईस्कूल (10वीं कक्षा) की परीक्षा में जालौन के यश प्रताप सिंह, जबकि इंटरमीडिएट (12वीं कक्षा) में प्रयागराज की महक जायसवाल ने बाजी मारी। यहां बोर्ड मुख्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉक्टर महेन्द्र देव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में शीर्ष 10 में कुल 55 छात्र-छात्राओं ने स्थान हासिल किया है, जिसमें जालौन के यश प्रताप सिंह 97.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने शीर्ष 10 में स्थान बनाया है जिसमें प्रयागराज के बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलई का पूरा की महक जायसवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया है। जायसवाल ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। देव ने बताया कि हाईस्कूल के समस्त परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11 प्रतिशत रहा, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा के संपूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 रहा। यूपी बोर्ड द्वारा जारी सूची के मुताबिक, हाईस्कूल की परीक्षा में दूसरे स्थान पर इटावा की अंशी और बाराबंकी के अभिषेक कुमार यादव रहे, जबकि तीसरे स्थान पर मुरादाबाद की रितु गर्ग, सीतापुर के अर्पित वर्मा और जालौन की सिमरन गुप्ता रही। इसी तरह, सीतापुर की आंचल वर्मा, हरदोई की आकृति पटेल, उन्नाव की आस्था पटेल, इटावा की आंशी कश्यप, बाराबंकी की असना फातिमा जैदी और प्रयागराज की श्रेया सिंह ने चौथा स्थान हासिल किया, जबकि हरदोई की श्रेया राज पांचवे स्थान रहीं। शिक्षा निदेशक ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में अमरोहा की साक्षी, सुल्तानपुर के आदर्श यादव, प्रयागराज की शिवानी सिंह और कौशांबी की अनुष्का सिंह दूसरे पायदान पर रहीं। उन्होंने बताया कि इटावा की मोहिनी तीसरे पायदान पर रहीं, जबकि प्रयागराज की शिप्रा चौथे पायदान पर रहीं। इसी तरह, कासगंज की प्रगति, बरेली की तूबा खान और बाराबंकी की अंशिका तिवारी पांचवें पायदान पर रहीं।(**भाषा**)

# मवेशी चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार, चोरी के मवेशी बरामद




**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। जैदपुर पुलिस ने गुलरहिया मोड़ के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अयोध्या के वजीरगंज नेवतीपुरा निवासी सद्दाम, बाराबंकी के जमलापुर निवासी सालिम, अयोध्या के रूदौली निवासी मोहम्मद वैश और अयोध्या के साखूपारा निवासी विजय कुमार रावत शामिल हैं। आरोपियों के पास एक पिकअप वाहन,तीन अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और 10,010 रुपये नकद बरामद हुए हैं।इसके अलावा चार छोटे बड़े पशु भी बरामद किए गए हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि यह गिरोह कुल सात सदस्यों का है। अभी तीन आरोपी फरार हैं। इनमें अयोध्या के बहेलिया टोला निवासी मोहम्मद आसिफ, बाराबंकी के जमलापुर निवासी वसीम और अयोध्या के कसाब बाड़ा निवासी सफाक शामिल हैं। गिरोह का तरीका था कि वसीम दिन में गांवों में घूमकर रेकी करता और रोड किनारे बंधे मवेशियों को चिह्नित करता था। मोहम्मद आसिफ चोरी के लिए पिकअप उपलब्ध कराता था। चोरी के समय वसीम ही वाहन चलाता था क्योंकि रेकी के दौरान वह सभी रास्तों से परिचित था। इन घटनाओं के संबंध में जैदपुर थाने में तीन और सफदरगंज थाने में एक मामला दर्ज है।

# नवागत जिलाधिकारी ने एन एच 128 अकबरपुर बाईपास का किया भौतिक निरीक्षण



**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा एन एच - 128 अकबरपुर बाईपास का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मार्ग के ओवर लेनिंग कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर को तीव्र गति से कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि ओवर लेइंग कार्य को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से अपेक्षित समय में पूर्ण करें। टांडा से अकबरपुर से महरुआ बाईपास पर जो भी कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि एन एच - 128 टांडा से महरुआ तक मार्ग के ओवर लेइंग का संपूर्ण कार्य तीव्र गति से कराते हुए शीघ्र पूर्ण करा दिया जाएगा।इस दौरान मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर संजीत गोयत सहित सहायक हाइवे इंजीनियर उपस्थित रहे।

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, बसपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**सुलतानपुर।** जिले में असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मोतिगरपुर थानाक्षेत्र में रामपुर विरतिहा कस्बे के दुर्गानगर चौराहे पर 1990 में स्थापित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा शारदा सहायक खंड-16 नहर के किनारे स्थित है। मोतिगरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय सिंह ने बताया, बृहस्पतिवार रात असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा की उंगलियां तोड़ दीं और कंधे को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह तोडफ़ोड़ की खबर मिलने पर बसपा कार्यकर्ता विरोध करने के लिए मौके पर एकत्र हुए।अधिकारी ने बताया कि स्थिति को संभालने के लिए पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सुग्रीव बौद्ध की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।(**भाषा**)

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को बीस साल जेल की सजा

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जिले की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को बृहस्पतिवार को 20 वर्ष जेल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक ने यह जानकारी दी। विशेष लोक अभियोजक जेपी भाटी ने बताया गौतम बुद्ध नगर जिला एवं सत्र न्यायालय ने वर्ष 2020 में बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी व्यक्ति को बृहस्पतिवार को 20 वर्ष जेल की सजा सुनाई तथा 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और जुर्माना राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उसे एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाले अपर सत्र न्यायाधीशाविशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) विकास नागर ने की। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि नोएडा के फेज-3 थाने में वर्ष 2020 में पीड़ित पक्ष ने आरोपी जुगनू उर्फ अली उल्लह के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जो मूल रूप से गाजीपुर जिले में गंगोली का निवासी है। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, आरोपी उनके पड़ोस में रहता था और वह उनकी 12 साल की बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इसके बाद आरोपी ने बच्ची से दुष्कर्म किया।इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कार्वाई की और बच्ची को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी जुगनू को दोषी ठहराया और दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।(**भाषा**)

### उत्तर प्रदेश की 21 जेलों से इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए शत प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की इंटरमीडिएट परीक्षा में राज्य की 21 जेलों से शामिल शत प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड द्वारा जारी सूची में यह जानकारी दी गई। सूची के मुताबिक, सबसे अधिक 17 कैदी आगरा जेल से इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए और वे सभी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह, लखनऊ जेल से आठ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और वे सभी उत्तीर्ण हुए। रामपुर से पांच और बरेली जेलों से नौ कैदी इस परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके मुताबिक, प्रदेश की 32 जेलों से कुल 94 कैदी इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमें से 91 कैदी उत्तीर्ण हुए और इस तरह इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 96.81 रहा। हालांकि, माध्यमिक (हाईस्कूल) परीक्षा में कैदियों की सफलता दर अपेक्षाकृत कम रही। आगरा जेल से हाईस्कूल की परीक्षा में 21 कैदी शामिल हुए, जिसमें से 16 ही उत्तीर्ण हुए। गाजियाबाद जेल से इस परीक्षा में शामिल सभी 10 बंदी उत्तीर्ण हुए। वहीं, बरेली जेल से इस परीक्षा में शामिल 13 कैदियों में से नौ ही हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। वहीं, वाराणसी जेल से हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल हुए सभी 10 कैदी उत्तीर्ण हुए हैं। सूची के मुताबिक, 32 जेलों से हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 105 कैदी शामिल हुए, जिनमें से 91 उत्तीर्ण हुए। इस तरह उत्तीर्ण प्रतिशत 86.67 रहा।(**भाषा**)

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित इनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित 15 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश को शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी के पैर में लगी है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर 142 थाना पुलिस शुक्रवार सुबह एफएनजी सर्विस रोड पर अवरोधक लगाकर वाहनों की तलाशी ले रही थी, तभी उसने सामने से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस दल पर गोलियां चला दीं जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी के पैर में लगी। अवस्थी ने बताया कि आरोपी की पहचान अनिल कुमार के रूप में की गई है और वह गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है और उसके खिलाफ आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।(**भाषा**)

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत

**बदायूं।** बदायूं जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के दहेमी गांव के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिविल लाइंस थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर रात दहेमी गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि मृतकों की पहचान कुरऊ गांव निवासी भानु प्रकाश (52) और खंदारी लाल (57) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब वे मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ ने कहा कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।(**भाषा**)

# मां बेटे में कहासुनी होने के बाद बेटे ने खाया जहर, हालत गम्भीर



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** थाना क्षेत्र के गुठवनपुरवा गांव मे एक युवक ने मां से हुई कहासुनी के बाद जहर खा लिया। शादी-ब्याह में खाना बनाने का काम करने वाले 23 वर्षीय संजय की हालत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब संजय की मां दयारानी ने मेंथा की सिंचाई में मदद मांगी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। नाराज संजय घर छोड़कर फतेहपुर चला गया।वहां पहुंचकर उसने पहले शराब का सेवन किया। फिर इसके बाद विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही समय में संजय की तबीयत बिगड़ने लगी।उसके साथियों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत फतेहपुर पहुंचे और संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने से तुरंत उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया।

# वक्फ इस्लामी कानून में स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है : संजय गुप्ता




**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में शुक्रवार को मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता की उपस्थिति, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा के संयोजन, जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह की अध्यक्षता और अल्प संख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष जावेद मलिक की संचालन में वक्फ बोर्ड संशोधन कानून सुधार जन जागरण अभियान की जिला बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रवाद,एकात्म मानववाद के अन्तर्गत समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों की समृद्धिशाली बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार कर रही है। कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है,जिसे भारत में वक्फ अधिनियम 2995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जा सकता है। इस शब्द में इस्लामी कानून के तहत पवित्र,धार्मिक या धर्मार्थ कारणों से किए गए सभी दान शामिल हैं।वर्तमान अधिनियम वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने, मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोकने तथा धार्मिक स्वतंत्रता और समानता से संबंधित संवैधानिक चिंताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। 2012 की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कर्नाटक में 22000 एकड़ वक्फ भूमि को अवैध रूप से बेच दिया गया या नाम मात्र कीमत पर लीज कर दिया गया।कर्नाटक में वक्फ बोर्ड घोटाले में कई कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के नाम सामने आए हैं। जिनमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व सांसद धरम सिंह, नरसिंह राव सूर्यवंशी, विधायक आर, रोशन बैग और एनए हरिश शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, विजय विश्वकर्मा, कुमेल सिद्दीकी, इजहार खान, तबरेज खान, शमशाद अली, शमीम अहमद, मण्डल अध्यक्ष शशि द्विवेदी, गौरव श्रीवास्तव,अरविंद सिंह डिंपू, अशोक चौधरी, रमेश यादव, संदेश यदुवंशी, हरिदर्शन राजभर, हितेंद्र सिंह मुन्ना, उमाशंकर सिंह, हीरोज अहमद, अली अहमद, राजा खान आदि उपस्थित रहे।

# दारुल उलूम ने पहलगाम हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की



**सहारनपुर।** जिले के देवबंद स्थित दारुल उलूम के मोहतमिम (प्रबंधक) मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले को कायराना हरकत करार देते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कायराना हरकत बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही उन्होंने इसे देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की मांग की है। कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे। नोमानी ने कहा, हमारी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है और हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ करते हैं। नोमानी ने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लें और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्वाई करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नोमानी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मानवता के खिलाफ अपराध बताया और कहा कि जिस तरह से निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया गया है, वह आतंकियों की बर्बरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दारूल उलूम पीड़ित लोगों के दुख में साझेदार है। जमीयत उलेमा ए हिन्द के दोनों धड़ों ने भी आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना पर कहा कि बेगुनाह लोगों की हत्या करने वाले इंसान नहीं दरिंदे हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम में आतंकवाद की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि आतंकवाद इस्लाम की शान्ति प्रिय नीति के खिलाफ है। जमीयत के दूसरे गुट के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने इस घटना को अमानवीय कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जा सकता और जो लोग इसे इस्लाम से जोडने की कोशिश कर रहे है वे इस्लाम की सच्ची शिक्षा से अनजान हैं। दोनों गुटों के अध्यक्षों ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। इनका कहना है कि ऐसी घटनाओं का मकसद भय और साम्प्रदायिकता फैलाना है जिसे रोकने के लिए सबको एकजुट होना होगा।(**भाषा**)

# उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री के विरोध में लोध भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का लोध समाज से आने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने एक समारोह के दौरान विरोध किया और उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को कहा कि मैं किसी से झूठे वादे नहीं करता और भ्रम में नहीं रखता। इस बीच भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी के जिला मंत्री अजय वर्मा (लोधी) के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल, लोध समाज की एक लड़की के अनुसूचित जाति (दलित) के युवक साथ भाग जाने को लेकर इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। कन्नौज सदर से विधायक तथा अनुसूचित जाति से आने वाले असीम अरुण को तिर्वा स्थित डा भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम के दौरान पहली बार अपने ही कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मंत्री असीम अरुण जैसे ही संबोधित करने पहुंचे, वहां मौजूद लोधी समाज के कार्यकर्ता आगे आकर मंत्री तेरी तानाशाही नहीं चलेगी असीम अरुण-मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख भाजपा संगठन ने कार्यक्रम को बीच में ही तत्काल रूप से समाप्त कर दिया। भाजपा कार्यकर्ता जब मंत्री के खिलाफ नारेबाजी में जुटे थे तब मंच पर असीम अरुण के अलावा मुख्य अतिथि जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी सहित पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी मंच पर मौजूद थे।इसी बीच पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंकझोंक भी देखी गई। कार्यकर्ता कुर्सियों पर चढक़र जमकर नारेबाजी करते रहे। भाजपा के जिला मंत्री अजय वर्मा ने बताया कि कन्नौज नगर निवासी लोधी समाज से आने वाली एक बालिका को दलित युवक भगा ले गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से लडक़ी के पिता सहित परिजनों ने मामले को लेकर मंत्री असीम अरुण से मिलकर अपनी बेटी की बरामदगी की मांग की थी और आरोपी युवक के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परिजनों की शिकायत पर मंत्री असीम अरुण आग बबूला हो उठे और उन्होंने आवेश में कह दिया कि क्या अब मेरा यही काम रह गया है। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही परिजनों ने मंत्री की दो टूक के बारे में समाज को जानकारी दी तो लोध समाज आक्रोशित हो गया और मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।(**भाषा**)

## संक्षिप्त समाचार

### चारधाम यात्रा में एसडीआरएफ के साथ होमगार्ड भी संभालेंगे मोर्चा, महिला जवानों को भी किया जाएगा नियुक्त

**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा में एसडीआरएफ के साथ होमगार्ड भी मोर्चा संभालेंगे। इसके अलावा एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस की महिला जवानों को भी नियुक्त किया जाएगा। एसडीआरएफ मुख्यालय जौलीग्रांट में सेनानायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। चारधाम यात्रा के दौरान एसडीआरएफ के साथ होमगार्ड भी मोर्चा संभालेंगे। सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यात्रा के दौरान आवासीय, भोजन व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी लेते हुए रिस्पांस टाइम को काम करने को कहा। राज्य स्तरीय मॉकड्रिल में सभी टीमों को प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। यात्रा के दौरान मार्गों में एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस की महिला जवानों को भी नियुक्त किया जाएगा। जिससे यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार व आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। एसडीआरएफ की पोस्टों में जनशक्ति बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित होम गार्ड्स भी नियुक्त किए जाएंगे।

### देहरादून के नशामुक्ति केंद्र में भर्ती अधेड़ की मौत, तो क्या केंद्र संचालक दे दी गलत दवा लग रहे आरोप




**देहरादून, एजेंसी।** मांडुवाला स्थित नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। केंद्र संचालक पर गलत दवा देने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक मांडुवाला में कर्मा नशामुक्ति केंद्र है। यहां यूपी से एक अधेड़ नशा छुड़वाने के लिए आया था। इसके बाद वह अपने घर वापस चला गया। 10-12 दिन पहले ही वह दोबारा नशामुक्ति केंद्र पहुंचा। गुरुवार सुबह केंद्र में तैनात कर्मियों ने उसे दवा दी, जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई और कुछ समय बाद ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर प्रेमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। घटना की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान अजय कुमार पुत्र बलजीत सिंह निवासी मकान नंबर 454 ग्राम जाहिदपुर हापुड़ रोड मेरठ उत्तर प्रदेश उम्र 52 वर्ष के रूप में हुई है। अजय कुमार आठ अप्रैल को मांडुवाला स्थित नशा मुक्ति केंद्र कर्मा वेलफेयर सोसाइटी में भर्ती हुआ था।

### महंगे दाम पर बिकने वाले बैंबू साल्ट के व्यवसायिक उत्पादन की तैयारी, कई गुना खनिज तत्व पाए गए



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास परिषद बाजार में काफी महंगे दाम पर बिकने वाले बैंबू साल्ट के व्यवसायिक उत्पादन की तैयारी कर रहा है। परिषद ने बैंबू को प्रोसेस कर बैंबू साल्ट बनाया था, उसमें खनिज तत्वों की जानकारी के लिए एफआरआई और एक निजी संस्थान में भेजा था, उसमें से निजी संस्थान की रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट में बैंबू साल्ट में कई गुना खनिज तत्व मिलने की बात सामने आई है। बैंबू साल्ट को कोरियन साल्ट भी कहा जाता है। अब उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास परिषद ने बैंबू साल्ट को तैयार करने के साथ बेचने की योजना पर काम शुरू किया है। परिषद के सीईओ पीके पात्रो कहते हैं कि बैंबू साल्ट बाजार में काफी महंगा बिकता है। इस खास नमक को तैयार कर बेचने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके लिए कड़वापानी जगह पर बैंबू से प्रोसेस कर बैंबू साल्ट को तैयार किया गया। इस बैंबू साल्ट में खनिज तत्वों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एफआरआई और एक निजी संस्थान को भेजा गया था। इसमें निजी संस्थान की रिपोर्ट आ गई है। इससे पता चलता है कि बाजार में मिलने वाले नमक की तुलना में फास्फोरस सात और आयरन पांच गुना, मैंगनीज व जिंक क्रमशः तीन और दो गुना मिले हैं। वहीं, इसमें कैल्शियम और सोडियम कम मिला है।

# बीजेपी के नए कार्यालय के लिए जमीन की दौड़ पूरी, खरीदे जाएंगे करोड़ों के दो प्लॉट

**7 दिन के भीतर रजिस्ट्री**




**देहरादून, एजेंसी।** भाजपा ने रायपुर रिंग रोड पर साल 2020 में 16 बीघा जमीन पर भव्य पार्टी कार्यालय बनाने का निर्णय लिया था. साथ ही साल 2022 विधानसभा चुनाव से पहले हेड क्वार्टर बनाने का लक्ष्य रखा था. लेकिन इस जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद अब पार्टी ने हेड क्वार्टर निर्माण का इरादा रिंग रोड से वापस बलबीर रोड स्थित पुराने दफ्तर लौट आया है. भाजपा अब अपने पुराने पार्टी कार्यालय को आधुनिक दफ्तर बनाने की कवायद में जुट गया है. भाजपा का लक्ष्य है कि आगामी 2027 का चुनाव हाइटेक दफ्तर से लड़ा जाएगा.

पार्टी ऑफिस बनाने के इरादे से रिंग रोड गई बीजेपी, अब करीब चार साल बाद एक बार फिर बलबीर रोड स्थित अपने पुराने दफ्तर लौट आई है. साथ ही भाजपा ने निर्णय लिया है कि अब इसी पुराने ऑफिस को तोड़कर नया और हाईटेक ऑफिस तैयार किया जाएगा. इसके लिए भाजपा ने पुराने पार्टी कार्यालय के आसपास मौजूद कुछ जमीन को चिन्हित कर खरीदने जा रही है. जिसकी जल्द ही रजिस्ट्री करने के बाद हाइटेक कार्यालय बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा. प्रस्तावित भाजपा का नया पार्टी ऑफिस पूरी तरह से भव्य होगा.

भाजपा ने 17 अक्टूबर 2020 में रिंग रोड क्षेत्र में मौजूद 16 बीघा जमीन पर भव्य ऑफिस निर्माण का शिलान्यास किया था. साथ ही लक्ष्य रखा था कि साल 2022 विधानसभा चुनाव से पहले मल्टी स्टोरी हेड क्वार्टर बना लिया जाएगा. लेकिन जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया. मामला कोर्ट में पहुंचा. कोर्ट के आदेश के बाद उस जमीन को चाय बागान घोषित कर दिया गया. जिसके चलते भाजपा का भव्य पार्टी कार्यालय बनाने का सपना टूट गया. जिसके चार साल बाद अब भाजपा को एक बार फिर बलबीर रोड पर स्थित अपने पुराने ऑफिस में लौटना पड़ा है. जहां पर पार्टी का भव्य कार्यालय बनाया जाएगा.

भाजपा खरीदेगी करोड़ों के प्लॉटः भाजपा पुराने पार्टी कार्यालय को भव्य हेड क्वार्टर बनाने के लिए पार्टी कार्यालय से सेट करोड़ों रुपये के दो प्लॉट भी खरीदने जा रही है. जिसकी जल्द ही रजिस्ट्री की जाएगी. जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद जल्द ही यहां निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा.

बता दें कि बलबीर रोड एक आवासीय क्षेत्र है. जिसके चलते भाजपा यहां पर नया ऑफिस बनाने से बच रही थी. लेकिन रिंग रोड स्थित जमीन चाय बागान की घोषित होने के बाद भाजपा ने यहीं पर पार्टी कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है.

## नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार, ऋषिकेश में महिला से दुष्कर्म करने वाला भी धरा

**देहरादून, एजेंसी।** ऋषिकेश और देहरादून में पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को दबोचा है. पहले मामले में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को अमृतसर से दबोचा है. आरोपी के कब्जे से नाबालिग लड़की को भी बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है. जबकि, दूसरे मामले में ऋषिकेश में महिला के साथ रेप करने वाला भी गिरफ्तार हुआ है. उधर, खटीमा में रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है.

अमृतसर से नाबालिग लड़की को भगाने वाला गिरफ्तारः दरअसल, बीती 8 अप्रैल को नेहरू कॉलोनी थाने में एक व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय बेटी के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर नेहरू कॉलोनी थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया. नाबालिग की बरामदगी के लिए नेहरू कॉलोनी थाना स्तर पर पुलिस की टीम गठित की गई. गठित टीम ने नाबालिग के परिजनों और उसके दोस्तों से पूछताछ किया.

वहीं, पूछताछ में नाबालिग लड़की को साहिल नाम के युवक द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने की जानकारी मिली. जिसके बाद जानकारी के आधार आरोपी साहिल निवासी सी ब्लॉक मोहन नगर, अमृतसर, पंजाब को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया. जबकि, उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को भी बरामद किया गया. साथ ही नाबालिग के बयानों के आधार आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया.

ऋषिकेश में महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तारः इस मामले में बीती 22 अप्रैल को एक महिला ने ऋषिकेश कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी जान पहचान साहिल नाम के युवक से थी. जिसने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर आरोपी साहिल को ऋषिकेश क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया.

## यूकेएसएसएससी ने जारी किया अगले 6 महीने का परीक्षा प्लान, मई से अक्टूबर तक होंगे ये 13 एग्जाम




**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में युवाओं को अगले 6 महीने के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होने का मौका मिलने जा रहा है. राज्य में मई महीने से लेकर अक्टूबर महीने तक कुल 13 परीक्षाएं होने जा रही हैं. इन परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने जारी कर दिया है. युवाओं को अगले 6 महीने में किन परीक्षाओं के लिए करनी है तैयारी जानिए.

यस्स्स्ष्ट ने जारी किया परीक्षा कैलेंडरः उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राज्य में अगले 6 महीने के लिए परीक्षा कार्यक्रम से जुड़ा कैलेंडर जारी कर दिया है. इसके तहत राज्य में विभिन्न सरकारी विभागों के रिक्त पदों के लिए होने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम दिया गया है. इसके माध्यम से युवा आगामी परीक्षाओं को लेकर अपनी तैयारी कर सकते हैं. आयोग भी कैलेंडर जारी करने के बाद इन परीक्षाओं की तैयारियों में जुट गया है.

यूकेएसएसएससी की तरफ से आगामी 6 महीने जिसमें मई से लेकर अक्टूबर तक के कार्यक्रम जारी किए गए हैं, इस दौरान कुल 13 परीक्षाओं को करवाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है. आयोग के परीक्षा नियंत्रक हिमांशु कफल्टिया की तरफ से परीक्षा कार्यक्रम का कैलेंडर जारी हुआ है.

मई में होंगी ये परीक्षाएंः उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से विज्ञप्ति में शामिल पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए इन परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम तय किया गया है. इसमें 17 मई को वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के लिए परीक्षा प्रस्तावित की गई है. इसी तरह 17 मई 2025 को ही होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में हवलदार प्रशिक्षक के पद पर भी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होनी है. 25 मई को फार्मासिस्ट और केमिस्ट के पद पर लिखित परीक्षा होनी है. इसी तरह विभिन्न केंद्रों पर 31 मई 2025 को खाद्य प्रसंस्करण शाखा वर्ग 3 पर्यवेक्षक और कुकरी पद के लिए परीक्षा होनी है.

जून में वन दरोगा के साथ ये परीक्षाएं होंगीः इसके अगले महीने यानी जून में 7 जून को टंकण और आशु लेखन परीक्षा होनी है. इसके बाद 29 जून को वन दारोगा के पद पर लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी.

## सीएसआईआर-आईआईपी देहरादून में सेफको-2025 का शुभारंभ



**देहरादून, एजेंसी।** सीएसआईआर के देहरादून में मौजूद भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में बुधवार से तीन दिवसीय ऊर्जा-भविष्य निर्माणः चुनौतियां और अवसर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हो चुका है तो वहीं 25 अप्रैल को इसका समापन होगा. चुनौतियां और अवसरएक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. सीएसआईआर-आईआईपी, देहरादून के रिसर्च स्कॉलर और वैज्ञानिक मिलकर हर साल इस सम्मेलन का आयोजन करते हैं. यह सम्मेलन ऊर्जा और रसायन के क्षेत्र में इनोवेशन सोल्युशन्स पर चर्चा करने, साझेदारी के अवसरों को चिह्नित करने का एक सशक्त मंच है. सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान द्वारा 2017 से इस सम्मेलन का सतत आयोजन कर रहा है. वर्तमान में सेफ्को का यह 7वें संस्करण एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है. इसका विषय किफायती ऊर्जा और रसायन से संवहनीय भविष्य- उत्प्रेरण है. ऊर्जा-भविष्य निर्माणः चुनौतियां और अवसर है विषयः सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में प्रो केके पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की मुख्य अतिथि के रूप में और डॉ. आलोक शर्मा, निदेशक (आरएंडडी), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. डॉ. मनोज श्रीवास्तव, सचिव, सेफको 2025 ने अपने उद्घाटन भाषण में सेफ्को के प्रारम्भ और प्रासंगिकता तथा अब तक की इसकी विकास यात्रा की एक झलक प्रस्तुत की. सीएसआईआर-आईआईपी के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य संरक्षक डॉ. हरेंद्र सिंह बिष्ट ने सर्वप्रथम पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की. उसके बाद उन्होंने समारोह के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और सम्मेलन में आए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और आईआईपी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला तथा भविष्य की कार्य योजनाओं पर अपने विचार साझा किए. विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय रिफाइनरियों द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और उपायों की जानकारी दी. इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर केके पंत ने अपने अभिभाषण में विभिन्न प्रकार के हरित और संवहनीय ऊर्जा और रसायनों के उत्पादन पर जोर दिया.

## हरिद्वार में आरटीओ के छापे से हड़कंप, चारधाम यात्रा से पहले 20 फर्जी टूर-ट्रैवल एजेंसियों पर लगा ताला



**देहरादून, एजेंसी।** 30 अप्रैल से उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है. अब तक 20 लाख से ज्यादा लोग इस यात्रा को करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं. इसी से तीर्थयात्रियों में चारधाम यात्रा को लेकर उत्साह को देखा जा सकता है. इसी का फायदा उठाने की फिराक में कुछ फर्जी टूर और ट्रैवल्स वाले रहते हैं. हरिद्वार जिले में आरटीओ ने ऐसे फर्जी टूर ट्रैवल्स पर कार्रवाई की.

फर्जी टूर ट्रैवल्स वालों पर एक्शनः चारधाम यात्रा से पहले फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ ऋऋ की कार्रवाई हुई है. आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर आरटीओ प्रशासन देहरादून संदीप सैनी और आरटीओ प्रवर्तन देहरादून डॉ. अनीता चमोला के निर्देशों के चलते बुधवार को हरिद्वार और रुड़की के प्रशासनिक और प्रवर्तन अधिकारियों की संयुक्त टीम ने हरिद्वार नगर क्षेत्र में एक सघन इन्फोर्समेंट अभियान चलाया.

20 फर्जी टूर ट्रैवल्स वालों के दस्तावेज जब्तः इस अभियान का उद्देश्य चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को अव्यवस्था, शोषण और भ्रम से बचाने साथ ही केवल अधिकृत एजेंसियों को ही परिचालन की अनुमति दी जाए ये सुनिश्चित करना था. इस कार्रवाई का विशेष रूप से फोकस रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड क्षेत्रों में संचालित अनाधिकृत टूर एवं ट्रैवल एजेंसियों पर था. जांच के दौरान 20 से अधिक एजेंसियों की कैश बुक, रजिस्टर और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए. साथ ही इन एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए अवैध फ्लेक्स, बोर्ड एवं साइनबोर्ड को मौके पर ही हटाया गया.

ट्रैवल एजेंसियों से नियमों का पालन करने को कहाः जिन एजेंसियों के पास विधिवत पंजीकरण, लाइसेंस एवं दस्तावेज पाए गए, उन्हें टीम द्वारा सराहते हुए आग्रह किया गया कि वे अन्य संचालकों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें, जिससे चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को विश्वसनीय और सुरक्षित सेवाएं मिल सके.

अभियान में ये रहे शामिलः इस अभियान को एआरटीओ (प्रवर्तन) हरिद्वार नेहा झा, एआरटीओ (प्रशासन) हरिद्वार निखिल शर्मा, एआरटीओ (प्रवर्तन) रुड़की कृष्णा पडलिया, एआरटीओ (प्रशासन) रुड़की जितेन्द्र चन्द के साथ टीटीओ वरुणा सैनी, भारत भूषण, मुकेश भारती, हरीश रावल और संगीता धीमान ने बाइक स्क्वाड और प्रवर्तन स्टाफ के साथ मिलकर संचालित किया.

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाईः प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि चारधाम यात्रा के पूर्व इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि केवल अधिकृत एवं विधिसम्मत एजेंसियों को ही परिचालन की अनुमति मिले और तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. आम जनता से भी अनुरोध किया गया कि वे केवल पंजीकृत एजेंसियों से ही सेवा लें और अनधिकृत गतिविधियों की जानकारी परिवहन विभाग को उपलब्ध कराएं.

## पहलगाम हमले के बाद फेसबुक पर हो रही थी ऐसी एक्टिविटी, पुलिस को लेना पड़ा एक्शन

**देहादून, एजेंसी।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की कायराना हरकत पर इंटरनेट मीडिया पर प्रतिक्रियाओं व भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इस बीच कुछ व्यक्ति सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करते पाए गए।

ऐसे में दून पुलिस की ओर से इंटरनेट मीडिया खासकर फेसबुक पर पैनी नजर रखी जा रही है। धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट डालने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 पोस्ट हटवा दी हैं।

बुधवार को कश्मीर की घटना को लेकर आमजन की ओर से विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट के माध्यम से प्रतिक्रिया दी जा रही है। शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखे हुए है।

एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि इन दुखद घटना पर आमजन की तीखी प्रतिक्रिया आना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसी पोस्ट, जिसमें धार्मिक या बदले की भावना से कटाक्ष किए गए हैं, पर पुलिस नजर बनाए हुए हैं। एसएसपी ने सभी से ऐसी पोस्ट न करने की अपील की है और संयम बनाए रखने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि आमजन से दून पुलिस की अपील है कि दुख की इस घड़ी में सभी लोग साथ हैं, इंटरनेट मीडिया के माध्यम से किसी धर्म, संप्रदाय के प्रति ऐसी पोस्ट अथवा कमेंट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों और धार्मिक उन्माद या सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। पुलिस ने अब तक इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से 25 आपत्तिजनक पोस्ट को हटवाया है। साथ ही पोस्ट करने वाले व्यक्तियों की काउंसिलिंग की है।

एसएसपी ने चेतावनी दी है कि यदि किसी व्यक्ति की ओर से जानबूझकर धार्मिक उन्माद फैलाने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से कोई आपत्तिजनक पोस्ट की जाती है तो उसे नोटिस भेजने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पहलगाम आतंकी हमले में घायलों को समर्पित की गई ऋषिकेश की गंगा आरती, अजय भट्ट बोले- आंसुओं का लेंगे हिसाब

**देहरादून/रामनगर/बेरीनाग, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की बेरहमी से जान ले ली. इस अमानवीय हमले ने न सिर्फ पीड़ित परिवारों को, बल्कि पूरे देश को गहरे शोक और आक्रोश में डुबो दिया है. इस हमले को लेकर देश के कोने-कोने से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. लोग गुस्से में हैं, दुखी हैं और एकजुट हैं. इसी कड़ी में सांसद अजय भट्ट ने आंसुओं का हिसाब लेने की बात कही तो परमार्थ निकेतन परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने घोर निंदा की.

सांसद अजय भट्ट ने कही ये बातः नैनीताल-उधम सिंह नगर से सांसद अजय भट्ट ने रामनगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर पहुंचकर आतंक के खिलाफ आक्रोश जताया. उन्होंने मां गर्जिया के दरबार में अश्रुपूरित नेत्रों से देश के लिए सुख-शांति और आतंकवाद के खात्मे की प्रार्थना की. सांसद अजय भट्ट ने इस हमले को पुलवामा की पुनरावृत्ति बताया और कहा कि निर्दोषों को पहचान-पहचान कर गोली मारना बर्बरता की सारी सीमाएं लांघ देता है.

सांसद भट्ट ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र एकजुट है. आतंक के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई होगी. जो लोग इस बर्बरता के जिम्मेदार हैं, वे ज्यादा दिनों तक नहीं बच



पाएंगे. जो ताकत उन्हें उकसा रही हैं, वे भी नहीं बचेंगे. पूरे देश में इस वक्त आक्रोश और मातम का माहौल है. देश के आंसुओं का हिसाब लिया जाएगा. वहीं, ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की. उन्होंने कहा कि गंगा आरती पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को समर्पित की गई.

यह हमला बहुत निंदनीय है. मुझे नहीं लगता कि इससे बुरी कोई घटना हो सकती है. धर्म के नाम पर यह हिंसा मानवता पर कलंक है. यह पूरी मानवता पर हमला है. इसका सभी को विरोध करना चाहिए. हमने हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. गंगा की आरती की और आज गंगा आरती उन्हें समर्पित की गई. ताकि, जो लोग घायल हुए हैं, वे ठीक हो सके. भगवान उन परिवारों को शक्ति दे, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया धर्मनगरी हरिद्वार में श्रीगंगा सभा द्वारा आतंकी हमले मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए गंगा में दीपदान किया गया. इस मौके पर गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ओर महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि पहलगांव में हुआ आतंकी हमला ना केवल हिन्दुओ पर हमला है, बल्कि यह पूरे भारत पर हमला है. गंगा सभा इस घटना पर दुख प्रकट करती है.

## सम्पादकीय

# कश्मीरियत के लिए चुनौती

**सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है।**



सैयद अहमर हसनैन

निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुखी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। कश्मीरी लोग आशंकित हैं कहीं इस आक्रोश से उपजे रोष का शिकार कश्मीर मूल के लोगों को न होना पड़े। निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए कि आतंकवादियों के कुकृत्यों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़े। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन जैसे प्रमुख राजनेताओं ने कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों से उम्मीद की जा रही है कि वे विभाजनकारी तत्वों पर नकेल डालेंगे। निस्संदेह, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पहली बार घाटी में आतंकवाद के खिलाफ मुखर प्रतिक्रिया सामने आई है। कश्मीर में सक्रिय रहने वाले राजनीतिक दलों, व्यापार निकायों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम लोगों ने भी पहलगाम हमले के दौरान हुई पर्यटकों की हत्या की निंदा की है। उन्होंने सीमा पार से आतंकवाद की पाठशाला चलाने वाले लोगों को सख्त संदेश दिया कि हमारे मामलों में तुम्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं है। कश्मीर के लोगों ने साफ संदेश भेजा है कि 'हमारे नाम पर नहीं।' कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें उन आतंकवादियों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं है, जो मानवता के खिलाफ अपने अपराधों से कश्मीर के साथ-साथ इस्लाम को भी बदनाम कर रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम के क्रूर हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा चरम पर है। ऐसे में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों को इस आक्रोश को बढ़ाने के बजाय इसे शांत करने का प्रयास करना चाहिए। देश के संघीय स्वरूप व सद्भावना की हर कीमत पर रक्षा की ही जानी चाहिए। पहलगाम की घटना के बाद तल्खी दिखा रहे लोगों को याद रखना चाहिए कि यह कश्मीरी टट्टूवाला सैयद आदिल हुसैन शाह ही था, जिसने बंदूकधारी आतंकवादियों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। एक बहादुर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह हमलावर आतंकी से हथियार छीनने की कोशिश कर रहा था। कश्मीरियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिये उनके निःस्वार्थ साहस और वीरता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। बल्कि उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए। एक कायरतापूर्ण आतंकी हमले के लिये पूरे राज्य के लोगों को दोषी ठहराना सांप्रदायिक सद्भाव को पलीता लगाने जैसा है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष सामाजिक ताने-बाने को नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमें विगत में आतंकी हमले के लिए संप्रदाय विशेष को दोषी ठहराने के बाद हुई प्रतिक्रियाओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कोशिश हो घटनाक्रम के बाद उपजे शोर में समझदार आवाजें दब न जाएं।

## डॉ. मधुसूदन की खोज

# पारग्रही जीवन के संकेतों की तलाश में बड़ा कदम

**काफी समय से यह सवाल उठता रहा है कि क्या पृथ्वी के अलावा ब्रह्मांड के किसी दूसरे ग्रह पर जीवन मौजूद है? क्या किसी ग्रह पर एलियंस की मौजूदगी है-एलियंस का घर है? इन सवालों का जवाब जानने और नए-नए ग्रहों की खोज करने में हजारों वैज्ञानिक दिन-रात जुटे हुए हैं। मगर अब एक भारतीय वैज्ञानिक को अपनी खोज में ऐसी सफलता हाथ लगी है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। भारतीय वैज्ञानिक डॉ. निक्कू मधुसूदन ने एक ऐसी खोज की है, जिससे दुनिया आश्चर्यचकित है। आईआईटी -बीएचयू और एमआईटी से पढ़े इस वैज्ञानिक ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अपनी टीम के साथ जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से 120 प्रकाश वर्ष दूर एक खास ग्रह के2-18बी (च2-18इ) को देखा-परखा। डॉ. मधुसूदन की खोज में इस ग्रह पर जीवन के पुख्ता संकेत मिले हैं। इनमें डाइमिथाइल सल्फाइड (डीएमएस) नाम का एक खास अणु मिला है जो पृथ्वी पर सिर्फ जीव बनाते हैं- जैसे समुद्री पौधे। वहां मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें भी हैं, जो बताती हैं कि ग्रह हाइसीन वर्ल्ड है- यानी ऐसा ग्रह, जहां ढेर सारा पानी और हाइड्रोजन भरा वातावरण हो, जो जीवन के लिए उपयुक्त हो सकता है।**

डॉ. मधुसूदन ने ही सबसे पहले हाइसीन ग्रहों की बात दुनिया को बताई थी। उनकी खोज 'द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल' में छपी है और इसे अब तक का सबसे बड़ा जीवन का सबूत माना जा रहा है। यह खोज उस सवाल को भी हवा देती है कि अगर ब्रह्मांड में जीवन है, तो हमने अब तक एलियंस क्यों नहीं देखे? डॉ. मधुसूदन का जवाब है कि अगर इस ग्रह पर जीवन मिला, तो शायद हमारी आकाशगंगा में जीवन हर जगह हो! डॉ. निक्कू मधुसूदन ने पहले के2-18बी ग्रह को खोजा , फिर रिसर्च में पता किया है कि इस ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन मौजूद है। इस ग्रह के वायुमंडल में भारी हाइड्रोजन पायी जाती है। रिसर्च के दौरान ये भी पता चला है कि इस ग्रह पर महासागर है। ऐसे में यहां जीवन की संभावना काफी है। बता दें कि यह ग्रह पृथ्वी से 120 लाइट इयर दूर यानी 1.13 ट्रिलियन किलोमीटर दूर है। तारा के2-18 हमारे सूरज की तुलना में छोटा और नया है। इसकी मोटाई सूरज की 45 फीसदी और आयु लगभग पौने तीन अरब साल है। ध्यान रहे, हमारे सूरज की उम्र का हिसाब पांच अरब साल के आसपास लगाया गया है। के2-18 की सतह का तापमान भी सूरज के आधे से थोड़ा ही ज्यादा है। इसका तकनीकी नाम ब्राउन ड्वार्फ है लेकिन अभी हम 'लाल तारा' ही चलाते हैं। इस तारे के इर्दगिर्द घूमने वाला भीतर से दूसरा ग्रह के2-18बी पृथ्वी से काफी बड़ा है। इसकी त्रिज्या पृथ्वी की ढाई-तीन गुनी है। इस हिसाब से इसका वजन पृथ्वी का 20-25 गुना होना चाहिए था, बशर्ते इसकी बनावट पृथ्वी जैसी ही होती। लेकिन वजन में यह पृथ्वी का साढ़े आठ से दस गुना ही है। इससे एक बात साफ है कि इसका घनत्व पृथ्वी से काफी कम है। ऐसा वहां लोहा कम होने के चलते भी हो सकता है और ग्रह में द्रव-गैस ज्यादा होने से भी। एक अच्छी बात इस ग्रह के साथ यह है कि यह अपने तारे के गोल्डिलॉक जोन में पड़ता है। यानी पानी वहां द्रव अवस्था में मौजूद हो सकता है। ग्रह का औसत तापमान 23 डिग्री से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच होने का अनुमान लगाया गया है। यह खुद में एक आश्चर्यजनक बात ही है क्योंकि अपने तारे के इर्दगिर्द इसकी कक्षा हमारे सौरमंडल में बुध ग्रह की तुलना में आधी से भी छोटी है। डॉ मधुसूदन के अनुसार समुद्र की सबसे आम वनस्पति और समुद्री खाद्य श्रृंखला की बुनियाद समझे जाने वाले फाइटोप्लैंक्टन द्वारा उत्सर्जित कुछ गैसें पृथ्वी के वातावरण में जिस अनुपात में पाई जाती है, च2-18बी पर इनकी उपस्थिति उसकी कम से कम हजार गुना प्रेक्षित की गई है। तो क्या एक सुदूर तारे के इर्दगिर्द घूम रही इस दुनिया में समुद्रों की भरमार है, जहां समुद्री जीवन की नींव के रूप में फाइटोप्लैंक्टन की फसलें लहलहा रही हैं? बता दें कि भारत में 1980 में जन्मे, डॉ. मधुसूदन ने वाराणसी स्थित आईआईटी, बीएचयू से बीटेक की डिग्री हासिल की। बाद में उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मास्टर डिग्री के साथ-साथ पीएचडी भी की। साल 2009 में उनकी पीएचडी थीसिस हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रहों के वायुमंडल का अध्ययन करने के बारे में थी, जिन्हें एक्स्ट्रासोलर ग्रह कहा जाता है। कुल मिलाकर अब वैज्ञानिकों की नजर इस ग्रह पर आ टिकी है। इस ग्रह पर गहरा शोध किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में जैसे-जैसे इस ग्रह के रहस्य से पर्दा उठेगा, कई हैरान कर देने वाले खुलासे वैज्ञानिक कर सकते हैं।

## अनमोल विचार

- अगर फ़ैसले सही लिए है तो वक्त ज़रूर लगेगा पर अच्छे साबित ज़रूर होगे।
- विनम्रता भी उसी के सामने अच्छी है जो आपसे विनम्र हो अकड़ वाले के सामने नहीं ।
- आपको रोकने वाले सिर्फ़ आप है स्वयं पर जीत पाने पर कोई नहीं रोक सकता ।
- आप बस अपने स्वप्न को साकार करने में लगे वो अपना रास्ता खुद जानता है ।
- आप जैसा आपका भविष्य का निर्माण करना चाहते है उसके लिए आज आपको बहुत अधिक मेहनत करनी होगी ।
- ज़िंदगी तो हर कोई काट रहा है कोई रो कर तो कोई मौज़ कर फ़ैसला आपके हाथ में है।

## जिज्ञासा — प्रतिस्पर्धा का भ्रम

एक दिन एक धावक ने अपने गुरु से कहा, 'मैं हमेशा दूसरों से तेज दौड़ना चाहता हूं और सबसे आगे रहना चाहता हूं। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा मुझे थका देती है।' गुरु ने मुस्कुराते हुए उसे दो रेस में भाग लेने को कहा। पहली रेस में धावक को अन्य तेज धावकों के साथ दौड़ाया गया। वह पूरी ताकत से दौड़ा, लेकिन जीत नहीं पाया। वह निराश हो गया। दूसरी रेस में गुरु ने उसे अकेले दौड़ने को कहा। इस बार वह सबसे तेज था, लेकिन केवल इसलिए क्योंकि कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था। गुरु ने समझाया, 'पहली दौड़ में तुम दूसरों से जीतने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए थक गए। दूसरी में तुम सिर्फ खुद से बेहतर बनने के लिए दौड़े, इसलिए जीत तुम्हारी थी।' गुरु बोले, 'जीवन में असली प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं, बल्कि खुद से होती है। अगर तुम हर दिन खुद को बीते दिन से बेहतर बनाते हो, तो यही सच्ची जीत है।' धावक को अपनी गलती समझ आ गई और उसने खुद से प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर दिया।

## विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस पर विशेष

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

**यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है...**

**रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीतः आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि।** ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है। इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है



औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक। इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बड़ा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं। आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बड़ा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है।

# धार्मिक पर्यटन : जहां आस्था बनाती है अर्थव्यवस्था एवं विकास का आधार

## भारत के पवित्र तीर्थ



डॉ. मनमोहन प्रकाश

**धार्मिक आयोजन ही इतनी विशाल आर्थिक गतिविधि और रोजगार सृजन में सहायक हो सकता है, तो भारत में वर्षभर विभिन्न धर्मों के अंतर्गत होने वाले सैकड़ों छोटे-बड़े आयोजनों और तीर्थ स्थलों का सामूहिक प्रभाव राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को कितनी ऊँचाइयाँ प्रदान कर सकता है, इसका अनुमान सहज लगाया जा सकता है। धार्मिक पर्यटन केवल आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं, बल्कि यह एक सशक्त आर्थिक इंजन भी बन चुका है, जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अब इसमें कोई संदेह नहीं रहा कि पर्यटन (धार्मिक पर्यटन, प्राकृतिक स्थल पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन आदि) से बड़े पैमाने पर केंद्र और राज्यों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है; विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है; रोजगार और व्यापार के अवसर (अस्थायी और स्थायी) बढ़ते हैं, स्थानीय कला, कलाकारों और व्यवसायों को बढ़ावा मिलता है,नए स्टार्टअप्स की शुरुआत होती है, शोध, नवाचार और प्रयोग के अवसर प्राप्त होते हैं, विभिन्न जाति, धर्म, भाषा, और लिंग के लोगों के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है, और साथ ही विदेशी पर्यटकों के माध्यम से भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी बढ़ता है...**

**भारत को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विश्व का सर्वाधिक समृद्ध राष्ट्र कहा जा सकता है। यह वह भूमि है जहाँ बौद्ध, जैन, सिख और सनातन जैसे धर्मों का उद्भव हुआ, वहीं इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों को भी यहां पल्लवित-पुष्पित होने का अवसर प्राप्त हुआ। देश में विभिन्न स्थापत्य शैलियों में निर्मित प्राचीन और आधुनिक धार्मिक स्थलों की एक विशाल श्रृंखला विद्यमान है– जैसे कि हिन्दू मंदिर (नागर, द्रविड़, वेसर शैलियाँ), जैन मंदिर (गुर्जर-प्रतिहार, हिमालयी, वेसर, द्रविड़, नागर शैलियाँ), सिख गुरुद्वारे (सिख स्थापत्य शैली), बौद्ध विहार (महायान, वज्रयान शैली), इस्लामिक मस्जिदें (दिल्ली सल्तनत, मुगल, दक्कनी शैली), और ईसाई चर्च (गॉथिक, रोमनस्क शैली) आदि। इसके अतिरिक्त, भारत की प्राकृतिक संपदा भी धार्मिक पर्यटन को विशेष आकर्षण प्रदान करती है–तीनों ओर से समुद्र से घिरा यह देश समुद्री तटों, पर्वतों, नदियों, झरनों, वन्य जीवन से भरपूर घाटियों, पुष्पवाटिकाओं, फलों के बागानों, उर्वरा कृषि भूमि, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ग्रामीण-शहरी परिवेश और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत स्थलों से भरा हुआ है। ये सभी स्थान देश-विदेश के पर्यटकों को प्रकृति दर्शन, आत्मिक शांति, ध्यान-योग-प्रणायाम, ईश्वर-चिंतन तथा आनंद की अनुभूति के लिए आकर्षित करते हैं।** हाल ही में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में देश-विदेश के लगभग 65 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें लगभग 15 लाख विदेशी पर्यटक भी सम्मिलित थे। इस आयोजन ने न केवल सांस्कृतिक एकता को बल प्रदान किया, बल्कि राजकीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था तथा रोजगार सृजन में भी

### विभिन्न क्षेत्रों में अनुमानित आय इस प्रकार है:

- परिवहन उद्योगः 1.5 लाख करोड़ रुपये
- होटल उद्योगः 40,000 करोड़ रुपये
- दैनिक उपयोग की वस्तुएंः 33,000 करोड़ रुपये
- पूजन सामग्री उद्योगः 20,000 करोड़ रुपये
- टोल टैक्सः 300 करोड़ रुपये
- दान व अन्य स्रोतः 660 करोड़ रुपये
- अन्य व्यावसायिक गतिविधियाँ : 66,000 करोड़ रुपये

उल्लेखनीय योगदान दिया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2013 के कुंभ में लगभग 1,200 करोड़ रुपये, 2019 में 1.2 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जबकि 2025 के महाकुंभ में 2 से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक के व्यापार की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं 2019 में इस आयोजन से लगभग 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिला था, जबकि 2025 के महाकुंभ में यह आंकड़ा 1.5 गुना तक बढ़ने की संभावना है। इन प्रारंभिक अनुमानित आंकड़ों से स्पष्ट है कि जब मात्र एक धार्मिक आयोजन ही इतनी विशाल आर्थिक गतिविधि और रोजगार सृजन में सहायक हो सकता है, तो भारत में वर्षभर विभिन्न धर्मों के अंतर्गत होने वाले सैकड़ों छोटे-बड़े आयोजनों और तीर्थ स्थलों का सामूहिक प्रभाव राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को कितनी ऊँचाइयाँ प्रदान कर सकता है, इसका अनुमान सहज लगाया जा



सकता है। धार्मिक पर्यटन केवल आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं, बल्कि यह एक सशक्त आर्थिक इंजन भी बन चुका है, जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अब इसमें कोई संदेह नहीं रहा कि पर्यटन (धार्मिक पर्यटन, प्राकृतिक स्थल पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन आदि) से बड़े पैमाने पर केंद्र और राज्यों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है; विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है; रोजगार और व्यापार के अवसर (अस्थायी और स्थायी) बढ़ते हैं, स्थानीय कला, कलाकारों और व्यवसायों को बढ़ावा मिलता है,नए स्टार्टअप्स की शुरुआत होती है, शोध, नवाचार और प्रयोग के अवसर प्राप्त होते हैं, विभिन्न जाति, धर्म, भाषा, और लिंग के लोगों के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है, और साथ ही विदेशी पर्यटकों के माध्यम से भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी बढ़ता है। धार्मिक पर्यटन से जुड़ी कई प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियाँ होती हैं, जिनमें आवासीय व्यवस्थाएं (होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशालाएं, रेस्टोरेंट आदि), यातायात सेवाएं (दो पहिया से लेकर चार पहिया टैक्सी सेवाएं,नाव, स्टीमर आदि और इनमें कार्यरत लोग), खानपान सेवाएं (भोजनालय, चाट सेंटर, होटल, अन्न क्षेत्र आदि और इसमें कार्य करने वाले लोग), निर्माण और सुधार कार्य (मजदूर, कारीगर, तकनीशियन आदि), साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था (सफाई कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी), विधुत एवं जल आपूर्ति व्यवस्था (इलेक्ट्रीशियन एवं प्लम्बर), पूजा सामग्री आपूर्ति (फूलवाले, पुजारी, गाइड आदि) आदि शामिल हैं। धार्मिक वस्त्र, प्रसाद, आध्यात्मिक पुस्तकें, तस्वीरें, मूर्तियां और अन्य स्थानीय उत्पादों की बिक्री में भारी वृद्धि होती है, जिससे हस्तशिल्प को बाजार मिलता है और स्थानीय व्यवसायों, घरेलू और लघु उद्योगों को सीधा लाभ होता है। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं में समय के साथ निरंतर विकास होता है, और सौंदर्यीकरण तथा नई विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास की संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं। सड़क, रेलवे, हवाई सेवाएं, बिजली, टेलीकॉम, पेयजल, जल-मल निकासी और सफाई की व्यवस्थाएं बेहतर होती जाती हैं।कुल मिलाकर धर्म स्थल और स्थानीय बाजार को एक नया और आधुनिक रूप मिलता है। क्रीड़ा और मनोरंजन के संसाधनों (वाटर स्पोर्ट्स, स्काई स्पोर्ट्स, स्थल स्पोर्ट्स) के विकास की संभावनाएं भी बनी रहती हैं। इस तरह से हम कह सकते हैं कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक ओर देश की बड़ी आबादी को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को, संबंधित राज्यों को तथा देश को अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का एक सुनहरा अवसर मिलता है।**(क्रमशः)**

## आज का राशिफल



**मेषः**आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**वृषभः**विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुनः** दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।आज अचानक व्ययवृद्धि बढ़ने से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**सिंहः** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी।

**कन्याः** शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी।काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**तुलाः**कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है। विवाद से बचें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनुः**नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**मकरः**वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। निवेश करने का समय नहीं है।

**कुंभ** : व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है।जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें।

**मीनः**थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

## आज का पंचांग

26 अप्रैल को वैशाख कृष्ण पक्ष की उदया तिथि त्रयोदशी और शनिवार का दिन है। त्रयोदशी तिथि शनिवार सुबह 8 बजकर 28 मिनट तक रहेगी, उसके बाद चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। 26 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 41 मिनट तक वैधृति योग रहेगा। साथ ही शनिवार देर रात 3 बजकर 39 मिनट तक रेवती नक्षत्र रहेगा। इसके अलावा 26 अप्रैल को मासिक शिवरात्रि का व्रत किया जाएगा।

26 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

वैशाख कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि- 26 अप्रैल 2025 को सुबह 8 बजकर 28 मिनट तक रहेगी, उसके बाद चतुर्दशी तिथि लग जाएगी

वैधृति योग- 26 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 41 मिनट तक

रेवती नक्षत्र- 26 अप्रैल को देर रात 3 बजकर 39 मिनट तक

26 अप्रैल 2025 व्रत-त्योहार- मासिक शिवरात्रि का व्रत

## रिफेक्स इंडस्ट्रीज़ ने एफवाय25 में शुद्ध लाभ में 88 प्रतिशत की जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर्ज की!

**चेन्नई, एजेंसी।** रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो कि राख और कोयला प्रबंधन, रेफ्रिजरेंट गैसों और ग्रीन मोबिलिटी जैसे विविध क्षेत्रों में सक्रिय अपने गतिशील पोर्टफोलियो के माध्यम से भारत के हरित परिवर्तन को गति दे रही है, कंपनी ने क्यू4 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है — जो इसके एक सतत और टिकाऊ भविष्य की ओर एक और महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल जैन ने टिप्पणी करते हुए कहा वित्त वर्ष 2024-25 हमारे सफर का एक और ऐतिहासिक पड़ाव है, जहाँ हम रिफेक्स को सतत और भविष्य-केंद्रित विकास की दिशा में मजबूती से आगे ले जा रहे हैं। हमारा प्रदर्शन हमारी विविध व्यावसायिक संरचना की ताकत और प्रमुख क्षेत्रों में की गई रणनीतिक पुनर्संरचना का प्रमाण है। इस वर्ष, हमने अपने ग्रीन मोबिलिटी वर्टिकल को मजबूत और विस्तारित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए—यह ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम दीर्घकालिक विकास के लिए सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं। बेंगलुरु में हमारे एयरपोर्ट टैक्सी संचालन को चरणबद्ध रूप से बंद करना, हमारे बी2बी और बी2बी2सी अवसरों पर केंद्रित रणनीति का हिस्सा है—जहाँ हमारा ध्यान अब स्थिर मांग और दीर्घकालिक साझेदारियों पर है।

## डीएस ग्रुप ने हासिल किया 10,000 करोड़ का ऐतिहासिक राजस्व

नई दिल्ली । अग्रणी एफएमसीजी समूह और बहुव्यवसायी कॉर्पोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने वित्त वर्ष 2024-25 में ?10,000 करोड़ के ऐतिहासिक राजस्व को पार कर लिया है, जिससे यह भारत की शीर्ष 15 एफएमसीजी कंपनियों में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि में सबसे बड़ा योगदान खाद्य एवं पेय सेगमेंट का रहा, जो कुल राजस्व का 42 प्रतिशत है। इसके बाद माउथ फ्रेशनर सेगमेंट 38 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी 3 प्रतिशत और अन्य व्यवसायों का संयुक्त योगदान रहा, जिसमें तंबाकू सेगमेंट का हिस्सा 10 प्रतिशत से भी कम है। पिछले तीन वर्षों में डीएस ग्रुप ने 16 प्रतिशत की सीएजीआर दर से सतत विकास किया है, जबकि सेगमेंट ने 19 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है। यह वृद्धि पूरी तरह से ऑर्गेनिक रही है और इससे समूह की बाज़ार में नेतृत्वकारी स्थिति और विस्तार की प्रतिबद्धता प्रमाणित होती है।

## इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ पुणे में लेकर आ रहा है ईस्पोर्ट्स शोडाउन

**पुणे , एजेंसी।** भारत के अग्रणी गेम डेवलपर सुपरगेमिंग, 18 मई, 2025 को ड्रोम एरिना, पुणे में इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट (आईआईटी) के भव्य एलएएन फिनाले की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह फिनाले भारत के सबसे बड़े ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंटों में से एक का समापन है, जिसमें भारत के स्वदेशी इंडो-फ्यूचरिस्टिक बैटल रॉयल टाइटल इंडस बैटल रॉयल में जमीनी स्तर की प्रतिभाओं, राष्ट्रीय दावेदारों और वैश्विक ईस्पोर्ट्स टीमों की यात्रा का जश्न मनाया जाएगा।2.5 करोड़ रुपये के कुल पुरस्कार पूल के साथ, इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट को वैश्विक ईस्पोर्ट्स मानचित्र पर भारतीय प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फिनाले में होमग्रोन, नेशनल, पावरप्ले और इंटरनेशनल चरणों की 15 शीर्ष टीमें गौरव और 2 करोड़ रुपये के चैंपियनशिप पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दांव में इजाफा करते हुए, एलएएन फिनाले के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को एक कस्टम महिंद्रा थार से सम्मानित किया जाएगा, जो इसे भारतीय ईस्पोर्ट्स में सबसे अधिक आकांक्षात्मक पुरस्कारों में से एक बना देगा। सुपरगेमिंग के सह-संस्थापक और सीईओ रॉबी जॉन ने कहा, इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट भारतीय ईस्पोर्ट्स के भविष्य को जमीन से ऊपर उठाने का हमारा तरीका है।

एआईसी-बिम्सटेक ने भारतीय स्टार्ट-अप्स को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए ग्लोबल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ साझेदारी की

# एआईसी-बिम्सटेक ने ग्लोबल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं

### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में ग्लोबल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** भारत के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को एक नई गति देने के लिए, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के अटल इनक्यूबेशन सेंटर ने ग्लोबल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित इंटरनेशनल स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव के दौरान हुआ, जहां स्मार्ट शहरी विकास के भविष्य पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। यह साझेदारी भारतीय स्टार्ट-अप्स को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का लक्ष्य रखती है, जिससे उन्हें वैश्विक व्यापार नेटवर्क, नवाचार प्लेटफॉर्म और सीमापार सीखने के अवसरों तक विशेष पहुंच प्राप्त होगी, विशेषकर उन देशों में जहाँ ग्लोबल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सक्रिय है। साथ ही, यह समझौता प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नवाचार मंचों और व्यवसाय नेटवर्किंग के अवसरों के सह-विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग के अवसरों की भी खोज करेंगे, ताकि स्टार्ट-अप्स को समर्थन मिल सके।

डॉ. प्रवीणा राजीव, निदेशक, बिम्सटेक ने कहा, हमारा संस्थान उद्यमशीलता की सोच को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा ध्यान ऐसे संसाधन प्रदान करने पर है जो नवोदित उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करें। यह साझेदारी उद्यमिता, ज्ञान-साझाकरण और व्यावसायिक शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने विशिष्ट कार्यक्रमों, मार्गदर्शन और निवेशकों से जुड़ाव के माध्यम से रोजगार सृजन की अर्थव्यवस्था बनाना जारी रखेंगे। ग्लोबल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सह-संस्थापक और सीईओ इंजीनियर आशीष गुप्ता ने कहा, यह साझेदारी वैश्विक व्यापार सहयोग को आगे बढ़ाने और स्टार्ट-अप को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पनपने के लिए आवश्यक प्रणाली और जोखिम से लैस करने के जीसीसीआई के दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। हम वैश्विक व्यापार सहयोग को बढ़ाने और स्टार्ट-अप्स को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफल होने के लिए आवश्यक प्रणाली और अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। एआईसी-बिमटेक के सीईओ श्री सूर्यकांत ने कहा, यह समझौता ज्ञापन हमारे इनक्यूबेशन समर्थन का विस्तार करने और स्मार्ट शहरों में जमीनी स्तर पर नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम आगे है। इस तरह के प्रयासों के माध्यम से हम 'विकसित भारत 2047' के मिशन में योगदान देने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## बायोलॉजिकल्स के उन्नत उपयोग से किसानों को समग्र रूप से सशक्त बनाने के लिए सिंजेंटा इंडियामें पेश की अपनी कार्य योजना

**भोपाल।** सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और सस्ताभोजन उपलब्ध हो, इसके लिए किसानों को वर्ष 2050 तक 50 प्रतिशत अधिक फसलें उगानी होंगी। इस लक्ष्य को सतत कृषि समाधानके जरियेहासिल करने के उद्देश्य से, सिंजेंटा इंडिया ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजितबायोएग वर्ल्ड कांग्रेस में विज्ञान आधारित बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए अपनी कार्ययोजनापेश की । सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कंट्री हेड एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहा, 'खेती कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे मेंपर्यावरण-अनुकूल और संतुलित खेती सुनिश्चित करने के लिए हमें बहु-आयामी रणनीति अपनानी होगी। नए बायोलॉजिकल उत्पाद हमारे उन सर्वोत्तम उपायों में से एक हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारते हैं, फसलों की




सहनशक्ति बढ़ाने और किसानों को समग्र समाधान देने के लिए बनाए गए हैं। श्री सुशील कुमार ने टेक्नॉलजी की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसान कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि खाद्य श्रृंखला और खाद्य अवशेषों के बेहतर प्रबंधन के प्रति जनता का दबाव, खेती के विकल्पों को और सीमित कर देता है।कीटों में प्रतिरोध क्षमता विकसित होने और उनके व्यवहार में बदलाव के कारण समाधान की प्रभावशीलता कम हो रही है, जिससे नई कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है। सतत और संतुलितकृषि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत प्रयासों की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए सुशील ने कहा, 'आधुनिक कृषि को साकार करने के लिए हमें नए उपकरणों की ज़रूरत है।इस चुनौती का सामना करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास जरूरी हैं और नई तकनीक के बायोलॉजिकलसएवं बीज उपचार इस बदलाव की अग्रिम पंक्ति में हैं। बायोलॉजिकलस की चर्चा करते हुएसुशील कुमार ने कहा कि प्राकृतिक माइक्रोबियल, समुद्री शैवाल और पौधों के अर्क पोषक तत्वों के चक्रण, कीट और रोग नियंत्रण तथा पौधों की वृद्धि में मदद करते हैं।बायोलॉजिकलस के तीन मुख्य टाइप्स - बायोस्टिमुलेंट्स, पोषक तत्व उपयोग दक्षता वाले प्रोडक्टस और बायोकंट्रोल- किसानों को प्रतिरोध प्रबंधन, मिट्टी की सेहत सुधारने, खाद्य में रासायनिक अवशेष घटाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में अधिक विकल्प देते हैं।

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने 2026 के लिए डेवलपमेंट लीडरशिप में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु ने डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश 2026 की प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। जिनकी आवेदन की अंतिम तारीख मई 31, 2025, लिखित असाइनमेंट और इंटरव्यू जून-जुलाई 2025कक्षाओं की शुरुआत जनवरी, 2026 का पहला सप्ताह*तिथियाँ संभावित हैं प्रोग्राम की खासियत, यह डिप्लोमा 11 महीनों का एक पार्ट टाइम प्रोग्राम है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि एडमिशन लेने वाले लोग अपने मौजूदा काम और अपने जॉब को जारी रखते हुए इसे पूरा कर सकें। तीन सत्रों का यह प्रोग्राम कैम्पस में पढ़ाई और ऑनलाइन लर्निंग का एक बेहतरीन मेल है। किसे प्रवेश लेना चाहिए? यह प्रोग्राम मध्य से वरिष्ठ स्तर के पेशेवर लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह उन पेशेवर लोगों के लिए है जो डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या उससे अधिक सालों का अनुभव रखते हैं और अपनी संस्थाओं में नेतृत्वकारी भूमिका में हैं या जल्दी ही ऐसी भूमिका ग्रहण करने वाले हैं। यह उन लोगों के लिए भी है, जो एन जी ओ, सामाजिक गतिविधियों और जमीनी संस्थाओं में काम कर रहे हैं। स्कूल ऑफ़ डेवलपमेंट की डायरेक्टर अरिमा मिश्रा ने कहा कि यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर के मध्य और वरिष्ठ स्तर के पेशेवरों को विकास के व्यापक परिप्रेक्ष्य में अपने अनुभवों को देखने-समझने और उन्हें लागू करने का मौका देता है।अपने काम को बेहतर ढंग से करने और नेतृत्व की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में यह प्रोग्राम ऐसे पेशेवरों की मदद करता है। एडमिशन लेने वालों के लिए यह प्रोग्राम- भारत में विकास की वास्तविक स्थितियों को प्रभावित करने वाली ऐतिहासिक प्रक्रियाओं और जीवन परिस्थितियों के बारे में अपने नजरिये को ठोस बनाने मेंमददगार होगा, तावे अपना काम बेहतर ढंग से कर सकें। निष्पक्षता, न्याय और टिकाऊपन को बढ़ावा देने वाले विकास के वैकल्पिक दृष्टिकोणों और नतीजों की कल्पना करने में मददगार होगा।समावेशी,परिस्थितियों के अनुकूल होने और सहयोगी संस्थाओं के निर्माण के लिएनेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने में मददगार होगा।वित्त प्रबंधन, संचार और डेटा एनालिसिस की क्षमताओं में बढ़ोत्तरी करने के लिए मददगार होगा।

## चॉइस इंटरनेशनल ने वित्त वर्ष 2025 में दर्ज की 21 प्रतिशत की शानदार वार्षिक वृद्धि, कुल आय पहुँची 922 करोड़ रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** देश की अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल या चॉइस), ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष और चौथी तिमाही के लिए अपने मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने साल-दर-साल 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 922 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष 759 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 255 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 216 करोड़ रुपये थी, जिसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। एबिट्डा इस तिमाही में 98 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 69 करोड़ रुपये था, यानी 42 प्रतिशत की वृद्धि। एबिट्डा मार्जिन भी बढ़कर 38.54 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल 32.05 प्रतिशत था। वहीं, तिमाही का शुद्ध लाभ 53 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है वार्षिक स्तर पर देखा जाए तो कंपनी का एबिट्डा 296 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 228 करोड़ रुपये था, यानी 30 प्रतिशत की वृद्धि। एबिट्डा मार्जिन 32.10 प्रतिशत रहा जो कि पिछले वर्ष 30.00 प्रतिशत था। सालाना शुद्ध लाभ 163 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में 131 करोड़ रुपये था, इस प्रकार 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17.65 प्रतिशत का पीएटी मार्जिन दर्ज किया गया।

## हर्निया: एक आम समस्या जिसे नज़रअंदाज़ करना पड़ सकता है भारी

**भोपाल ।** कल्पना कीजिए कि आपके पेट या कमर के पास एक छोटी सी सूजन दिखाई देती है, जो कभी-कभी लेटने पर गायब हो जाती है। एम.एस. जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, और कोलोरेक्टल सर्जनगायत्री स्वरूप हॉस्पिटल, भोपाल डॉ. चिराग शांति दौसाजे, का कहना है शुरुआत में यह ज्यादा गंभीर नहीं लगती, लेकिन समय के साथ यह बढ़ सकती है, दर्द दे सकती है और गंभीर समस्याएं भी पैदा कर सकती है। इसे हर्निया कहा जाता है – एक ऐसी स्थिति जिससे दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित होते हैं, लेकिन लोग इसे तब तक नजरअंदाज करते हैं जब तक कि यह और ज्यादा न बढ़ जाए। हर्निया तब होता है जब कोई अंग या टिशु, मांसपेशी या कनेक्टिव टिशु की कमजोर जगह से बाहर निकल आता है। यह आमतौर पर एक उभरी हुई सूजन के रूप में दिखाई देता है, खासकर जब आप खड़े होते हैं, खांसते हैं या भारी सामान उठाते हैं।

# अक्षय तृतीया पर फ़ोनपे का तोहफ़ा , कैशबैक मिलेगा पक्का

### 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड की वन-टाइम खरीदारी पर 2000 तक का कैशबैक ऑफ़र

**मुंबई, एजेंसी।** फ़ोनपे ने अक्षय तृतीया के मौके पर 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड पर आकर्षक कैशबैक ऑफ़र्स की घोषणा की है। यूज़र्स को फ़ोनपे के प्लेटफ़ॉर्म पर कम से कम ?2000 या इससे अधिक के डिजिटल गोल्ड की वन-टाइम ख़रीदारी पर फ़्लैट 1त्न कैशबैक (2000 तक) मिलेगा। यह ऑफ़र केवल 30 अप्रैल को किए गए वन-टाइम ट्रांज़ेक्शन पर लागू होगा (प्रत्येक यूज़र के लिए केवल एक बार लागू)। इस ऑफ़र का लाभ लेने के लिए यूज़र्स यूपीआई, यूपीआई लाइट, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड, वॉलेट और गिफ़्ट कार्ड जैसे कई पेमेंट विकल्पों के ज़रिए पेमेंट कर सकते हैं।

यूज़र्स फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर 99.99 प्रतिशत शुद्धता के साथ 24 कैरेट प्योरिटी- सर्टिफ़ाइड डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। ये डिजिटल गोल्ड, एमएमटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरेटलेन जैसी इस सेक्टर की प्रमुख और भरोसेमंद कंपनियां उपलब्ध करा रही हैं। पूरे भारत में 1.2 करोड़ से अधिक ग्राहक फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर उच्च शुद्धता वाला 24के गोल्ड खरीद चुके हैं। वन-टाइम खरीदारी के अलावा, फ़ोनपे यूज़र्स को डिजिटल गोल्ड में निवेश करने का भी अवसर देता है, जो कि डेली या मंथली एसआईपीएस के ज़रिए किया जा सकता है।

इससे ग्राहकों को लंबी अवधि के लिए व्यवस्थित तरीके से निवेश करने में मदद मिलती है। ग्राहकों को किसी भी राशि में निवेश करने की स्वतंत्रता भी मिलती है (जो 5 से शुरू होती है) और वे अपने गोल्ड होल्डिंग्स को कभी भी बेच सकते हैं, और प्राप्त राशि सीधे उनके बैंक खातों में क्रेडिट हो जाती है।

## स्टार बिग ब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड को मध्य प्रदेश के इंदौर में भारत के सबसे बड़े एसीसी ब्लॉक प्लांट के लिए मंजूरी मिली

**सूरत , एजेंसी।** भारत में एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट ब्लॉक, ईंटों और एएलसी पैनलों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की पूर्ण मालिकी वाली सहायक कंपनी स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड को इंदौर, मध्य प्रदेश में अपनी आगामी परियोजना के लिए सभी आवश्यक अप्रूवल्स मिल चूके है । इसमें नगर नियोजन भी शामिल है। अधिग्रहित भूमि के लिए मंजूरी (टीपीसी), भूमि पंजीकरण, ग्राम पंचायत अप्रूवल और नोन-एग्रिकल्चरल (एनए) आदेश भी प्राप्त कर लिया गया हैं। इन स्वीकृतियों के साथ, कंपनी प्रस्तावित स्थल पर भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एएसी ब्लॉक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए तैयार है, जो इसकी विस्तार योजना में एक प्रमुख सीमाचिह्न साबित होगा और टिकाऊ निर्माण सामग्री क्षेत्र में इसके नेतृत्व को मजबूत करेगा।



फरवरी 2025 की शुरुआत में, कंपनी ने मध्य भारत में एएसी ब्लॉक्स व्यवसाय विस्तार के उद्देश्य से खसरा नंबर 382, 387, 389/2, ग्राम निमरानी, तहसील कासरवाड़, जिला - खरगोन, मध्य प्रदेश में लगभग 57,500 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया था। भूमि सौदे की कुल कीमत 6 करोड़ रुपये और स्टाम्प ड्यूटी है। कंपनी का लक्ष्य इस स्थल पर एएसी ब्लॉकों के लिए भारत की सबसे बड़ी ग्रीन फील्ड सुविधा का निर्माण करना है। स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मैटेरियल्स लिमिटेड वर्तमान में अहमदाबाद के पास खेड़ा में एक विनिर्माण सुविधा संचालित करती है, जिसकी स्थापित क्षमता 2,50,000 घन मीटर प्रति वर्ष है। यह संयंत्र गुजरात के प्रमुख भागों को कवर करते हुए एक व्यापक बाजार की प्रभावी रूप से पूर्ति करता है तथा इसकी पहुंच राजस्थान के उदयपुर और मध्य प्रदेश के इंदौर तक है। तीसरी तिमाही में कंपनी ने 75 प्रतिशत का पूंजी उपयोग बेंचमार्क पार कर लिया। हालाँकि, इसके लिए चल रही योजनाओं के साथ, स्टार बिग ब्लॉक मध्य प्रदेश और पड़ोसी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## टाइटन कपनी लिमिटेड ने किया टाइटन वनम का उद्घाटन

**बैंगलुरू , एजेंसी।** टाइटन कंपनी लिमिटेड ने तमिलनाडु के होसुर स्थित थोरापल्ली में एक व्यापक वृक्षारोपण पहल टाइटन वनम का उद्घाटन किया; जिसके तहत पहले से 45 एकड़ बंजर चरागाह पोरामबोक्कु ज़मीन को तकरीबन 120 से अधिक देशी प्रजातियों के साथ जंगल में बदला जा चुका है। वनम, हरित कवर में सुधार लाने की दिशा में टाइटन के स्थायी प्रयासों की पुष्टि करता है, जिसका अनावरण श्री सीके वेंकटरमन, मैनेजिंग डायरेक्टर-टाइटन, श्री एनई श्रीधर, चीफ़ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर-टाईटन, टीएमटी वीआर लथा, प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एवं सैशन जज, कृष्णागिरी, श्री दिनेश कुमार, कलेक्टर, कृष्णागिरी ज़िला, मिस आरए प्रियंगा, सब-कलेक्टर- कृष्णागिरी और श्री यशवंत अंबुलकर, असिस्टेन्ट कन्ज़र्वेटर ऑफ फॉरेस्ट- तमिलनाडु की मौजूदगी में किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान बायोटासॉयल फाउन्डेशन, मीडियर अर्थ, स्थानीय ओद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सामुदायिक लीडर्स भी मौजूद रहे। दिसम्बर 2024 में शुरू की गई इस परियोजना के तहत मीडियस अर्थ के तकनीकी मार्गदर्शन और बायोटासॉयल फाउन्डेशन की विशेषज्ञता में तुरंत वृक्षारोपण शुरू किया गया। अब तक दो रेस्टोरेशन साइट्स- थोरापल्ली (33 एकड़) और बिल्लानाकुप्पम (12.5 एकड़) में 208,000 से अधिक पौधे उगाए जा चुके हैं। बेसलाईन इकोलोजिकल सर्वे के द्वारा पौधों की 241 मौजूदा प्रजातियों को पहचाना गया। इसके अलावा लक्षित प्रजाति प्रबन्धन ने क्षेत्र में स्थानीय प्रजातियों के स्वस्थ विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। मिट्टी के ओर्गेनिक सुधार, लाभकारी जीवाणुओं और सावधानी पूर्वक डिज़ाइन की गई बायो-फेंसिंग से भी इस रीस्टोरेशन में मदद मिली है।

## एचपी ने भारत में बिजनेस एवं कंज्यूमर सेगमेंट में पेश किए नेक्स्ट-जेनरेशन एआई पीसी

**मुंबई, एजेंसी।** एचपी ने भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की अपनी सबसे शक्तिशाली एवं व्यापक लाइनअप का अनावरण किया। नई एचपी इलाइटबुक, एचपी प्रोबुक और एचपी ओमनीबुक सीरीज को बड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स एवं रिटेल यूजर्स की कंप्यूटिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटेल कोर अल्ट्रा 200 वी सीरीज, एएमडी राइजेन एआई 300 सीरीज और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स, एक्स इलाइट, एक्स प्लस समेत नवीनतम प्रोसेसर्स, से लैस इस पोर्टफोलियो में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है, जिसकी क्षमता 40 से 55 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड (टीओपीएस) है। कोपायलट+ पीसी के तौर पर इस सीरीज से कोर कंप्यूटिंग एक्सपीरियंस, उत्पादकता बढ़ाने, क्रिएटिविटी और शक्तिशाली तरीके से कोलैबोरेशन में एआई का प्रयोग हो सकेगा।

एचपी इंडिया की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, 'भारत अपने डिजिटल सफर के बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां एआई, क्लाउड और कनेक्टिविटी से यह निर्धारित हो रहा है कि हम कैसे जीते हैं, सीखते हैं और काम करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े डेवलपर बेस और तेजी से बढ़ते यूजर इकोसिस्टम के साथ भारत एआई क्रांति का नेतृत्व करने की स्थिति में है। एचपी में हम इसे सार्थक इनोवेशन करने, उत्पादकता बढ़ाने और वित्तीय सेवा एवं रिटेल से लेकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा तक विभिन्न सेक्टर में आर्थिक अवसरों को सक्षम बनाने के महत्वपूर्ण पल के रूप में देख रहे हैं। इससे भविष्य में काम करने के तरीके को नई परिभाषा मिलेगी।'

एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर - पर्सनल सिस्टम्स विनीत गेहानी ने कहा, 'भारत विविधता से पूर्ण और डायनामिक मार्केट है, जहां लोग ऐसी टेक्नोलॉजी चाहते हैं, जो शक्तिशाली भी हो और आसान पहुंच में भी हो। एचपी के नेक्स्ट जेनरेशन एआई पीसी के अब तक के सबसे बड़े पोर्टफोलियो के साथ हमारे पास सभी के लिए कुछ न कुछ है, फिर चाहे बात किसी बड़े आइडिया पर काम कर रहे स्टार्टअप फाउंडर की हो, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व कर रही किसी बड़ी कंपनी की हो या फिर राह चलते वीडियो एडिट कर रहे किसी क्रिएटर की हो। इन एआई लैपटॉप की मदद से परफॉर्मेंस, सिक्योरिटी एवं प्राइवेसी फीचर्स मिलेंगे। साथ ही इनकी बैटरी लाइफ भी उल्लेखनीय रूप से ज्यादा है। अलग-अलग कीमतों में ये लैपटॉप भारतीय उपभोक्ताओं एवं कंपनियों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। हमें भारत में एआई कंप्यूटिंग के भविष्य को ज्यादा समावेशी एवं उपयुक्त बनाने का गर्व है।' नई रीडिजाइन की गई एचपी इलाइटबुक एवं एचपी प्रोबुक सीरीज को एंटरप्राइज यूजर्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## नीरज चोपड़ा जापानी जेनकी डीन और श्रीलंकाई पथिरेज भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले चरण में हिस्सा लेने वाले विदेशी सितारों में शामिल होंगे। 33 वर्षीय डीन ने नीरज और किशोर जेना से पीछे रहते हुए 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.28 मीटर है जो उन्होंने 2012 में हासिल किया था। टूर्नामेंट के आयोजक जेएसडब्ल्यू ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''डीन एशियाई सर्किट के मजबूत खिलाड़ी हैं जो शीर्ष-10 विश्व रैंकिंग पर हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर का है। श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 22 वर्षीय ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ ट्रैक क्लासिक में 85.41 मीटर थ्रो के साथ फिर से 85 मीटर का थ्रो पार किया। सोमवार को नीरज ने कहा था कि पेरिस ओलंपिक फाइनल में भाग लेने वाला एक ब्राजीलियाई भी एनसी क्लासिक में भाग लेगा। आयोजकों ने गुरुवार को ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा का नाम शामिल किया।

## पांच और भारतीय एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**अम्मान, एजेंसी।** पांच भारतीय, जिनमें तीन



लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं, पांचवें दिन प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुषों की अंडर-15 चैंपियनशिप में, नेल्सन ख्वाइराकपम (55 किग्रा) ने पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग शेंग-यांग पर आरएससी जीत हासिल की, जबकि अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने क्रमशः किर्गिस्तान और जॉर्डन के विरोधियों के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की।

लड़कियों में, प्रिंसी (52 किग्रा) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा पर 5-0 से हरा दिया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किग्रा) ने यूक्रेन की केसिया सविना के खिलाफ तीसरे दौर में आरएससी के साथ अपना मुकाबला समाप्त किया। इससे पहले, रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा) ने चौथे दिन भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया और किर्गिस्तान के ऐदर मुसाएव पर 3-0 से जीत हासिल की। सभी छह भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, जिससे अम्मान में टीम का दबदबा कायम रहा। पुरुषों की अंडर-15 श्रेणी में, हर्षिल (37 किग्रा) और संचित जयानी (49 किग्रा) ने 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि संस्कार विनोद अत्रम (35 किग्रा) ने 4-1 से जीत दर्ज की। प्रीक्षित बलहरा (40 किग्रा) ने मंगोलिया की अखमीतखान नूरसलीम पर कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं की अंडर-15 श्रेणी में, मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने कजाकिस्तान की येलदाना अब्दिगानी को 5-0 से हराया।

बीसीसीआई ने आईसीसी को लिखा पत्र

# आईसीसी टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा भारत?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान के साथ अब कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगी. दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एसीसी टूर्नामेंट में आमने सामने होती है, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बीसीसीआई ने एक और बड़ा फैसला किया और इस बाबत आईसीसी को पत्र भी लिखा है.

मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने एक बड़ा कदम उठाते हुए आईसीसी को पत्र लिखा है और मांग की है कि भारत और पाकिस्तान को किसी भी टूर्नामेंट में एक ग्रुप में ना रखा जाए. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई अब नहीं चाहता कि भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी टूर्नामेंट में मुकाबला हो, कम से कम ग्रुप स्टेज में तो नहीं. अगर दोनों टीमें सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंचे तो अलग बात होगी लेकिन ग्रुप स्टेज में तो कम से दोनों टीमों को एक साथ ना रखा जाए. अगला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट सितम्बर में है, जिसमें भारत महिला वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा.





पाकिस्तान महिला टीम ने इसके लिए क्वालीफाई किया है.

### एशिया कप में क्या होगा?

पुरुष क्रिकेट में अगला आईसीसी टूर्नामेंट 2026 में फरवरी और मार्च के बीच खेला जाएगा, भारत और श्रीलंका टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा. हालांकि इससे पहले बीसीसीआई के लिए चिंता एशिया कप को लेकर होगी. इस साल पुरुष क्रिकेट एशिया कप का आयोजन भी होना है, जिसमें भारत बनाम पाकिस्तान 2 मैचों की संभावना है. भारत और पाकिस्तान अभी ग्रुप॰ में शामिल हैं, जिसमें उनके साथ यूएई और हांगकांग हैं. ग्रुप क्र में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और ओमान हैं. एशिया कप का मेजबान भारत है, लेकिन क्रिकबज की एक रिपोर्ट में पहले बताया गया था कि पूरा टूर्नामेंट न्यूट्रल वेन्यू पर होने की संभावना है. अब देखना होगा कि क्या भारत और पाकिस्तान एशिया कप में एक ही ग्रुप में बने रहते हैं या इस पर भी कोई फैसला हो सकता है क्योंकि अभी तक टूर्नामेंट का शेड्यूल नहीं आया है. शेड्यूल मई तक आने की संभावना है लेकिन ये इस बात पर निर्भर करेगा कि बीसीसीआई और पीसीबी के बीच कैसा तालमेल रहता है. दरअसल पाकिस्तान अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा, ऐसी में न्यूट्रल वेन्यू पर चर्चा हो सकती है. एक रिपोर्ट में तो ये भी कहा गया है कि अगर दोनों के बीच तनाव रहता है तो टूर्नामेंट रद्द भी हो सकता है.

## हम अहम मौकों पर लड़खड़ा रहे हैं, संदीप शर्मा ने बताई आरआर की एक और नजदीकी हार की वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) रन चेज करते समय लड़खड़ा गई। इस बार भी टीम अहम समय पर पिछड़ गई। अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने माना कि टीम दबाव वाले मौकों पर बार-बार गलती कर रही है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 206 रन के लक्ष्य का पीछा शानदार तरीके से शुरू किया। यशस्वी जायसवाल ने 49 रन बनाए, लेकिन अंत में टीम फिर लड़खड़ा गई और 11 रन से मैच हार गई। इस हार के बाद अब प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी बहुत कम रह गई हैं। संदीप शर्मा ने मैच के बाद कहा, ÷हम मैच के निर्णायक पलों को अपने पक्ष में नहीं कर पा रहे, चाहे हम लक्ष्य का पीछा कर रहे हों या स्कोर बचा रहे हों। टी20 में हर टीम को कुछ खास मौके मिलते हैं, जिन्हें पकड़ना जरूरी होता है। इस साल हम जरूरी कैच छोड़ रहे हैं, और जब तेजी से रन बनाने होते हैं, तभी विकेट गिर रहे हैं। ऐसे मौकों पर हम लड़खड़ा रहे हैं, यही हमारी सबसे बड़ी चिंता है। संदीप ने यह भी कहा कि टीम को कप्तान संजू सैमसन की बहुत कमी खल रही है। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे और सुपर ओवर में टीम वह मैच भी हार गई थी। इससे पहले भी सैमसन उंगली की चोट के कारण पहले तीन मैचों में नहीं खेले थे।

डब्ल्यूटीसी फाईनल

# में ऑस्ट्रेलिया को बोलैंड की जगह इस अनुभवी को चुनना चाहिए: रवि शास्त्री

**दुबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है।

ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन तेज गेंदबाजों और नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर के साथ उतरने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के पास हरफनमौला बीयू वेबस्टर को एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है, तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हेजलवुड और बोलैंड के बीच चयन होने की संभावना है।



शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू पर कहा, 'यह बहुत कठिन विकल्प होगा, अगर हेजलवुड फिट होते हैं, तो उन्हें बोलैंड के मुकाबले तरजीह मिलनी चाहिए। हेजलवुड अपने करियर में कई बार चोटिल होने के कारण टीम से बाहर रहे है। वह चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गयी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के पांच मैचों में से तीन में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 3-1 से जीता था। वह इसके बाद श्रीलंका दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। इस 34 साल के खिलाड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी की और शानदार लय में है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट झटक कर टीम को यादगार जीत दिलाई। शास्त्री ने कहा, 'हेजलवुड अगर पूरी तरह से फिट है तो दो वजहों से उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिए।

पहला इंग्लैंड की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी और दूसरा उनके पास मैकग्रा की तरह गेंदबाजी (एक ही लाइन लेंथ की गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करना) करने की क्षमता है। लॉर्ड्स की पिच पर एक तरफ से ढलान है और कमेंट्री बॉक्स वाले छोर से गेंदबाजी करते समय में हमें मैक्ग्रा का रिकॉर्ड देखना चाहिए।

मैक्ग्रा ने लॉर्ड्स में तीन टेस्ट में 26 विकेट लिए है जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1997 में 38 रन देकर 8 विकेट लिए है। शास्त्री ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो वह (मैक्ग्रा) गेंद को दोनों ओर स्विंग करते हुए घातक साबित होते थे और मुझे लगता है कि हेजलवुड अपनी कद के साथ कुछ ऐसा ही कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'यह पिच ऑस्ट्रेलिया की तरह तेज नहीं हैं, इसलिए आपको थोड़ी अतिरिक्त ऊंचाई और उछाल की जरूरत होती है। हेजलवुड के पास स्कॉट बोलैंड के मुकाबले ऐसा करने की अधिक क्षमता है। मैं हालांकि स्कॉट बोलैंड का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।





42 गेंदों में हुआ दूध का दूध और पानी का पानी

# नजर आया विराट कोहली और बाबर आजम के बीच का फर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में बल्लेबाज को आउट करना हो तो उसके लिए एक गेंद काफी होती है. मैच में जीत और हार के बीच भी 1 गेंद बहुत फर्क डाल सकती है. लेकिन, विराट कोहली और बाबर आजम के बीच का फर्क एक नहीं 42 गेंदें ने बताया है. भारत-पाकिस्तान के दो स्टार बल्लेबाजों के बीच दूध का दूध और पानी का पानी करने वाली ये वो 42 गेंदें रहीं, जो एक ही दिन पर, एक ही तरह के फॉर्मेट वाले मैच में, दोनों को डाली गई. उसके बाद जो रिजल्ट नजर आया, उसने बता दिया कि विराट कहां हैं और बाबर कहां?

दिन था 24 अप्रैल का और फॉर्मेट था टी20 का. फर्क बस सिर्फ इतना था कि विराट कोहली इधर भारत में आईपीएल खेल रहे थे और बाबर आजम उधर पाकिस्तान में पीएसएल.मगर एक-दूसरे काफी दूर खेल रहे होने के बावजूद संयोग देखिए की अपने-अपने मैच में दोनों ने एक बराबर गेंदों का ही सामना किया. इधर भारत में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच में विराट कोहली ने 42 गेंदें खेली और उधर पाकिस्तान में पेशावर जाल्मी और लाहौर कलंदर्स के बीच खेले मैच में बाबर आजम ने भी 42 गेंदों का ही सामना किया.

### विराट और बाबर के बीच क्या फर्क नजर आया?

अब 24 अप्रैल को खेले मैच में 42-42 गेंदें खेलने के बाद विराट कोहली और बाबर आजम के बीच जो फर्क नजर आया, वो जानिए. आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ खेले मैच में विराट कोहली ने 42 गेंदों पर बनाए 70 रन. वहीं पीएसएल में बाबर आजम ने 42 गेंदों का सामना कर 56 रन ही बनाए. विराट कोहली का स्ट्राइक रेट 166.66 का रहा, जबकि बाबर आजम का 133.33 का. विराट ने 42 गेंदों की अपनी इनिंग में जहां 8 चौके और 2 छक्के लगाए. वहीं बाबर आजम ने 7 चौके और 1 छक्का ही लगाया. साफ है कि विराट रन, स्ट्राइक रेट और बाउंड्रीज की संख्या, हर मामले में बाबर आजम से आगे दिखे हैं. ऐसा तब है जब विराट कोहली टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और बाबर आजम उस फॉर्मेट को अभी खेल रहे हैं. एक मैच का ये नतीजा उन लोगों के लिए भी जवाब की तरह है, जो बाबर को विराट से बेहतर बताने की कोशिश करते रहते हैं.

पाकिस्तानी क्रिकेटर का बड़ा बयान

# पहलगाम में आतंकी हमला मेरे देश ने ही कराया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर रह-रहकर डेवलपमेंट हो रहे हैं. बयानों का सिलसिला भी लगातार जारी है. इस बीच पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कानेरिया ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है. उन्होंने कहा कि ये तो मेरे देश ने खुलेआम मान लिया कि पहलगाम में आतंकी हमला उन्होंने ही कराया है. अब सवाल है कि पाकिस्तान के हिंदू क्रिकेटर दानिश ने ऐसा क्यों कहा? तो उन्होंने ऐसा पाकिस्तान के डिप्टी पीएम के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है.

पाकिस्तान के डिप्टी पीएम ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहकर संबोधित किया था. डिप्टी पीएम के उसी बयान पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कानेरिया ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि जब पाकिस्तान का डिप्टी पीएम ही आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' बता रहा हो तो ये सिर्फ



अपमानजनक नहीं है बल्कि ये मान लेने जैसा भी है कि हमला हमारे देश ने ही कराया है.

### पाकिस्तान सरकार पर पहलगाम को लेकर पहले भी साध चुके निशाना

श्रीराम भक्त हिंदू क्रिकेटर दानिश कानेरिया ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अगले दिन भी अपने देश की सरकार और उसके इरादे पर सवाल उठाए थे. तब उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा था कि अगर वाकई पाकिस्तान का पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हाथ नहीं तो फिर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उस पर चिंता जाहिर क्यों नहीं की? क्यों अचानक ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने कहा गया? साफ है कि आपको सच पता है. आप आंतकियों को पनाह दे रहे हो और आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हो. ऐसा करते हुए शर्म आनी चाहिए. दानिश कानेरिया ने पाकिस्तान के लिए 61 टेस्ट और 18 वनडे खेले हैं, जिसमें 276 विकेट अपने नाम किए हैं.

# ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर: सलीमा टेटे

**पर्थ, एजेंसी।** एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे।

भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूर्नामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया।

इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की



अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं।

यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे लिए मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने और मैच का अनुभव हासिल करने का सुनहरा मौका है। इससे हमें अपनी टीम संयोजन और रणनीतियों को समझने में मदद मिलेगी, जो यूरोप में होने वाले प्रो लीग और इस वर्ष के महिला एशिया कप के लिए उपयोगी होगा। सभी खिलाड़ी, विशेषकर नए खिलाड़ी, इस अनुभव से अधिक से अधिक सीखना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 जीते हैं और 3 बराबरी पर रहे हैं। हालांकि, भारत को प्रो लीग 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 की हालिया जीत से आत्मविश्वास मिला है, जिसे वे इस दौरे में आगे बढ़ाना चाहेंगे।

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप के दौरान खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है। यह दौरा हमें यह जानने में मदद करेगा कि हम कहां खड़े हैं। हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना, टीम में गहराई बनाना और नए संयोजन आजमाना है।

ऑस्ट्रेलिया की घरेलू परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया 'ए' और सीनियर टीम के खिलाफ खेलना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सीख होगी और आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी में मदद करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में रह रहे घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी सरकार: मंत्री

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में लंबे समय से रह रहे घुसपैठियों के खिलाफ सरकार जल्द ही कार्रवाई शुरू करेगी। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में हरिचंदन ने संवाददाताओं से कहा, '' घुसपैठियों की मौजूदगी के संबंध में मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हो चुकी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।'' पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए हरिचंदन ने कहा,'' उन्होंने (पाकिस्तानी आतंकवादियों ने) अपने ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है। इसके परिणाम बहुत कठोर होंगे। यह पहली बार है कि आतंकवादियों ने घाटी में निहत्थे और निर्दोष पर्यटकों पर गोलियां बरसाई हैं। केंद्र सरकार और सभी राज्य पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं।'' ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पिछले महीने राज्य विधानसभा में कहा था कि राज्य भर में 3,738 घुसपैठियों की पहचान की गई है जिनमें से ज्यादातर बांग्लादेश से हैं।

### उत्तर प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को मिलेंगे 60 हजार रुपये: आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष से सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र नवविवाहित जोड़ों को 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। एक बयान के मुताबिक कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने के लिए निर्धारित दो लाख रुपये वार्षिक आय की सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सामूहिक विवाह योजना वंचित वर्ग के लिए बड़ा संबल बनी है और अधिकाधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें, इसके लिए यह आवश्यक है कि पात्रता के लिए निर्धारित अधिकतम वार्षिक आय सीमा को बढ़ाया जाए। बृहस्पतिवार को को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष से सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र नवविवाहित जोड़ों को 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि एक लाख रुपये की इस राशि में से 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा किये जाएं, नवविवाहित जोड़े को 25 हजार रुपये के तौर पर दिए जाएं जबकि शेष 15 हजार रुपये वैवाहिक समारोह में खर्च किये जायें। मुख्यमंत्री ने इस व्यवस्था को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, वृद्धावस्था पेंशन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पात्र वृद्धजन, पेंशन से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि योजना के और बेहतर क्रियान्वयन के लिए इसे परिवार आईडी से जोड़ा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फैमिली आईडी (परिवार पहचान पत्र) से जुड़ने के बाद पात्रता की श्रेणी का कोई भी निराश्रित वृद्धजन जैसे ही 60 वर्ष का होगा, उसे तत्काल पेंशन की राशि मिलने लग जायेगी।

### सिंधु जल संधि स्थगित करने से साफ हो गया है कि अब खून और पानी साथ नहीं बह सकते: धामी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि स्थगित करके यह साफ कर दिया है कि अब खून और पानी साथ नहीं बह सकते। मुख्यमंत्री ने यहां जारी एक बयान में कहा कि इसके अलावा पाकिस्तान के संबंध में भारत द्वारा लिए गए ऐतिहासिक और कठोर निर्णयों से भी पड़ोसी देश को एक कड़ा संदेश गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़े होने के मद्देनजर कई कड़े फैसले लिए गए। धामी ने कहा कि भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, ''सिंधु जल संधि को स्थगित करके केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। यह निर्णायक फैसला आतंकवाद को पनाह देने और बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान के मंसूबों को चकनाचूर कर देगा। इसी तरह अटारी सीमा चौकी को बंद करने समेत अन्य फैसलों से भी पाकिस्तान को कड़ा संदेश गया है।''

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ हिमाचल में उबाल

## शिमला-चंबा के बाजार रहे बंद

**शिमला, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में हिमाचल प्रदेश में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। हमले में निर्दोष सैलानियों को निशाना बनाए जाने से क्षुब्ध लोगों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किए और बाजार बंद रखे गए। राजधानी शिमला में बुधवार को विभिन्न हिन्दू संगठनों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया रहा। वहीं गुरुवार को शिमला सहित कई शहरों में व्यापारियों ने आधे दिन का बाजार बंद कर आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।

शिमला शहर के माल रोड,लोअर बाजार,लक्कड़ बाजार,राम बाजार से लेकर उपनगरों कसुम्पटी, संजौली,बालूगंज, टूटू, पंथाघाटी व ढली तक दुकानों के शटर सुबह से ही गिरे रहे। केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़ी दवा दुकानें ही खुली रहीं। शिमला व्यापार मंडल द्वारा इस बंद का आह्वान किया गया था। शिमला व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि यह हमला कश्मीर में शांति स्थापित करने के प्रयासों को कमजोर करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग इस नृशंस हमले से अत्यंत दुखी है और उन्होंने दोपहर 1 बजे तक बाजार बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। शिमला व्यापार मंडल ने आमजन से अपील की कि वे आवश्यक खरीदारी दोपहर बाद करें ताकि किसी को असुविधा न हो। बंद को लेकर व्यापारियों में व्यापक समर्थन दिखाई दिया और अधिकतर दुकानों ने स्वेच्छा से शटर बंद रखे। मालरोड बिजनेसमैन एसोसिएशन ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि भारत की जनता और




व्यापारी वर्ग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं।शिमला जिले के रामपुर में भी हिन्दू संगठनों ने प्रदर्शन कर आतंकियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान इस्लामी जिहाद का पुतला फूंका गया और रैली निकाल कर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की मांग उठाई गई। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उधर चम्बा में भी विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में विभिन्न हिन्दू संगठनों ने पाकिस्तान और इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही चम्बा के बाजार बंद रहे और दोपहर 12 बजे तक सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और जेहादियों के पुतले फूंके गए और भारत सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की गई।

निर्दोषों की हत्या पर अब चुप नहीं बैठेंगे:केशव वर्मा विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा ने कहा कि यह हमला बेहद दर्दनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब सरकार को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि देश में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# साथ रहने की जिद पर अड़े सास-दामाद को गांव में नहीं मिली एंट्री, यूपी छोड़ नया जीवन शुरू

**अलीगढ़, एजेंसी।**
यूपी के अलीगढ़ में मडराक क्षेत्र से फरार होने के बाद चर्चित हुई सास-दामाद की जोड़ी यू-ट्यूब पर भी छा गई है। यहां 20 से अधिक अलग-अलग राजस्थानी गायकों ने इस प्रकरण पर गाने लॉन्च किए हैं। सभी ट्रेंडिंग पर हैं, जिन्हें लोग खूब शेयर कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ सास-दामाद ने गुजरात में नया जीवन शुरू कर लिया है। दोनों की लोकेशन गुजरात में बताई जा रही है। मडराक क्षेत्र के गांव मनोहरपुर कायस्थ की रहने वाली सपना अपने होने वाले दामाद राहुल के साथ फरार होने के बाद 10 दिन बाद लौटी थी। दोनों को गांव में घुसने नहीं दिया गया। इसके बाद से दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि वे कहां गए।

लेकिन, चर्चा थी कि दोनों यूपी से चले गए। दोनों ने भले ही गोपनीय रूप से नया जीवन शुरू कर दिया हो, मगर इनकी चर्चाएं अभी खत्म नहीं हुई। यू-ट्यूब पर राजस्थान के जयपुर के एक सिंगर ने इन पर गाना बनाया। बाकायदा उन्होंने लिरिक्स लिखे और गीत गाकर उसे लॉन्च किया। इसे देखकर अन्य कई लोगों ने गाने बना दिए, जो वायरल हो रहे हैं। एक सिंगर ने बातचीत में कहा है





कि दूसरों को देखकर गाना बनाया था, जो कई लोगों ने शेयर किया है। 93 हजार से अधिक लोग गाने को सुन चुके हैं।

**दामाद बेदखल:** दादों क्षेत्र के गांव नगला मछरिया में बहिष्कार के बाद चर्चित सास-दामाद की जोड़ी ने अपना गांव छोड़ दिया। युवक को उसके पिता ने संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सास ने दामाद के साथ रहने का फैसला किया। राहुल के पिता होरीलाल ने कहा कि ये रिश्ता उनको स्वीकार नहीं है। मेरे लिए बेटा मर गया है। उस दिन सास-दामाद ने पड़ोस के गांव में रात काटी। चर्चा है कि दोनों दो दिन तक आसपास के गांवों में ही रहे। फिर यूपी से चले गए और नया जीवन शुरू कर लिया है। हालांकि इस संबंध में न तो पुलिस को कोई खबर है और न ही युवक के पिता को कोई जानकारी है। पिता के अनुसार उन्होंने बेटे को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे अब मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है।

# 4 एक्सप्रेसवे, 3 एनएच और स्टेट हाईवे से जुड़ेगा ग्रेटर नोएडा फेज-2, मास्टर प्लान में क्या-क्या प्रावधान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा फेज-2 को चार एक्सप्रेसवे, तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। यहां फ्लाईओवर, अंडरपास और इंटरचेंज का निर्माण जाएगा। यहां ट्रेन, नमो भारत और मेट्रो समेत परिवहन की आधुनिक सुविधाएं होंगी। मास्टर प्लान-2041 में इसका प्रावधान किया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा के विस्तार के तहत नया शहर फेज-2 बसाया जाएगा। इसमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़ और गाजियाबाद के कुल 144 गांव शामिल हैं। यह 33,715.22 हेक्टेयर जमीन पर विकसित होगी। योजना के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा फेज-2 को यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग-91, राष्ट्रीय राजमार्ग-34 और राष्ट्रीय राजमार्ग-24 से जोड़ा जाएगा। इसे प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे, उत्तर दक्षिण और पूर्व



पश्चिम कॉरिडोर से भी जोड़ा जाएगा। इससे शहर में आसानी से पहुंचा जा सकेगा। गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ से प्रयागराज) पूर्वी सीमा से सटा हुआ है। इससे प्रदेश के पूर्वी हिस्सों के साथ ग्रेटर नोएडा की क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।

नए शहर को जेवर के पास निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेट्रो, बोड़ाकी में प्रस्तावित ग्रेटर नोएडा टर्मिनल, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब से जोड़ने का काम किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट तक लोग बिना किसी रुकावट के पहुंच सकें, इसके लिए 130 मीटर चौड़ी सड़क का यीडा सिटी तक विस्तार करने की तैयारी चल रही है। यह सड़क अभी ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव के गोलचक्कर तक बनी है। राज्य राजमार्ग हापुड़-बुलंदशहर ग्रेटर नोएडा फेज-2 क्षेत्र की पूर्वी सीमा के साथ गुजरता है। प्रस्तावित ऊपरी गंगा नहर एक्सप्रेसवे सनौता पुल बुलंदशहर से शुरू होकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सीमा से पहले पुरकाजी मुजफ्फरनगर तक प्रस्तावित है। इससे भी ग्रेटर नोएडा फेज-2 में आवागमन सुगम होगा।

# फरीदाबाद में एयरपोर्ट जैसी फील, मेट्रो और रेलवे स्टेशन के बीच लगेगा ट्रेवलेटर; 38 करोड़ होंगे खर्च

**फरीदाबाद एजेंसी।** एयरपोर्ट की तर्ज पर फरीदाबाद रेलवे स्टेशन और ओल्ड फरीदाबाद स्टेशन के बीच ट्रेवलेटर (स्वचालित पैदल पथ) बनाया जाएगा। यह ट्रेवलेटर लगभग 500 मीटर लंबा होगा, जिससे यात्रियों को स्टेशन के बीच एयरपोर्ट जैसी फीलिंग आएगी। इसे लेकर एफएमडीए ने 38 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है।

फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन के दोनों तरफ पांच-पांच मंजिला पार्किंग तैयार की जा रही है। इसमें एयरपोर्ट की तर्ज पर आगमन और प्रस्थान अलग-अलग होगा। स्टेशन के दोनों तरफ मल्टी लेवल कार पार्किंग भी होगी। वहीं रेलवे स्टेशन से लेकर मेट्रो स्टेशन के बीच आवाजाही के लिए अभी कोई सीधा फुटओवर ब्रिज नहीं है।

ऐसे में कई बार लोग हाईवे पार कर जान जोखिम में डालकर मेट्रो स्टेशन पहुंचते हैं। दूसरी तरफ दोनों स्टेशन के बीच की दूरी को कम करने के लिए पांच वर्ष पहले स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत स्काई वॉक और मल्टी मॉडल हब बनाने की योजना तैयारी की गई थी, जो सिरे नहीं चढ़ी। इसके बाद फुट ओवर ब्रिज का प्रस्ताव तैयार किया गया, लेकिन अब यात्रियों की सुविधा और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए इसे ट्रेवलेटर में बदल दिया गया है। यह वही तकनीक है जो अक्सर एयरपोर्ट्स पर देखने को मिलती है, लेकिन पहली बार शहर में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक की दूरी को कवर करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है।

योजना के तहत, यात्री सीढ़ियों पर खड़े होकर बिना कोई अतिरिक्त मेहनत किए मेट्रो से रेलवे स्टेशन या रेलवे से मेट्रो स्टेशन तक जा सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि बुजुर्गों, दिव्यांगों और बच्चों के लिए यात्रा और अधिक सरल हो जाएगी। स्मार्ट सिटी के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। हालांकि बल्लभगढ़ में पहले से ही एक फुट ओवर ब्रिज मौजूद है जो मेट्रो और रेलवे स्टेशन को जोड़ता है, और उसकी सफलता को देखते हुए अब फरीदाबाद में ट्रेवलेटर बनाने की योजना तैयार की गई है।

# कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा के लिए देहरादून में पीएसी तैनात

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तराखंड में हिन्दू संगठन की धमकी

**देहरादून, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उत्तराखंड में भी उबाल देखने को मिल रहा है। हिंदू संगठन की ओर धमकी देने के बाद कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा के लिए देहरादून में पीएसी तैनात की गई है। पुलिस की ओर से संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया है। देहरादून में कश्मीरी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पीएसी तैनात कर दी गई है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने इन छात्रों के शिक्षण संस्थानों और पीजी संचालकों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा में कोई व्यवधान होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दी जाए। दरअसल, कुछ संगठनों ने सोशल मीडिया पर कश्मीरी छात्रों को देहरादून छोड़कर वापस लौटने को कहा था, जिसे जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट एसोसिएशन ने डीजीपी के सामने उठाया।

इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस ने शिक्षण संस्थानों संग बैठक की। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की सूची के अनुसार, देहरादून के विभिन्न



संस्थानों में 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। पुलिस ने इनका विवरण लेकर सत्यापन करा लिया है।

एसएसपी के अनुसार, जिन संस्थानों में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं, वहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिधौली क्षेत्र में पीएसी को तैनात किया गया है, जो नियमित निगरानी करेगी। साथ ही, सोशल मीडिया पर कश्मीरी नागरिकों या छात्रों के खिलाफ पोस्ट करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस अब तक ऐसी 25 पोस्ट को सोशल मीडिया से हटवा चुकी है।

हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष ललित शर्मा ने बिधौली क्षेत्र में कश्मीरी छात्रों के विरोध में प्रदर्शन की धमकी दी थी। इस मामले को लेकर पुलिस अलर्ट थी। लिहाजा, गुरुवार की सुबह पुलिस ललित शर्मा के देहराखास स्थित घर पर पहुंच गई। वहां ललित शर्मा को घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया। देहरादून पुलिस ने बिधौली क्षेत्र में विवाद की स्थिति पैदा करने पर शर्मा को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवादल और धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं ने सहारनपुर चौक पर मशाल लेकर प्रदर्शन किया। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में शाम को आरती से पहले दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई और 11 बार सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप किया गया।

इसके बाद वहां से जलती मशाल लेकर पंक्तिबद्ध होकर नारे लगाते हुए सभी लोग सहारनपुर चौक पर पहुंचे। वहां पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह आक्रोश तभी शांत होगा, जब दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

गौरव सेनानी संगठन उत्तराखंड के आह्वान पर गुरुवार को देहरादून में विभिन्न स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और दोषियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। नयागांव में गौरव सेनानी पूर्व सैनिकों के साथ नयागांव व्यापार मंडल, राष्ट्रीय योगी सेना और महिला मंगल दल ने प्रदर्शन किया। संतोरगढ़, प्रेमनगर, सीमाद्वार, धर्मपुर, विलासपुर कांडली, रायपुर में भी लोग एकजुट हुए और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने 28 पर्यटकों को मार दिया। यह राष्ट्रीय त्रासदी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से उत्तराखंड पुलिस सतर्क है। इस क्रम में अब देहरादून में सेना या अर्द्ध सैन्यबलों की वर्दी पहचान पत्र के बिना नहीं बेची जा सकेगी। दुकान संचालक को वर्दी या इसका कपड़ा बेचने से पहले खरीदार के पहचान पत्र को जांचना होगा। पुलिस भी समय-समय पर इनका सत्यापन करेगी। कहीं कोई खामी पाए जाने पर दुकान संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम में बीते दिनों आतंकी हमले में कुछ आतंकवादी सेना की वर्दी में आए थे। लिहाजा, बुधवार को एसएसपी अजय सिंह ने दून में सैन्य और अर्द्ध सैन्यबलों की वर्दी बेचने वाले दुकान संचालकों का सत्यापन कराया। जिलेभर में पुलिस ने ऐसी वर्दी बेचने वालों की दुकानों का सत्यापन किया। थानावार इनकी सूची तैयार की गई। दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए कि वर्दी या वर्दी से जुड़ा सामान बेचने से पहले खरीदार की सर्विस का पहचान पत्र जांचा जाएगा।

# पाकिस्तान मुर्दाबाद मत कहो, मुझे दर्द होता है; चंडीगढ़ में युवक के नारे से बवाल

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतं?की हमले में 28 पर्यटकों की हत्या के बाद से देशभर में गुस्सा है। जगह-जगह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ?खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी बीच चंडीगढ़ में हुए एक प्रदर्शन के दौरान एक युवक के पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने से बवाल हो गया।

चंडीगढ़ के मशहूर सेक्टर-17 में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में हिंदू संगठन प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगा। उसने कहा कि लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे न लगाएं, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे से उसके दिल में दर्द होता है। प्रदर्शन में आए लोगों ने उसे दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-17 थाना प्रभारी रोहित कुमार और सेक्टर-17 नीलम चौकी प्रभारी सतीश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में ले लिया। युवक ने पगड़ी पहनी थी और वह मोहाली के खरड़ का रहने वाला है।

जोर-जोर से लगाने लगा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

सेक्टर-17 प्लाजा में हिंदू संगठनों और प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के विरोध



में प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान एक युवक आया और कहा कि वह पाकिस्तान का नाम न लें। जो लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे, उन्हें ऐसा करने से मना किया। युवक ने यह भी कहा कि पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे से उसके दिल में दर्द होता है। जब लोगों ने विरोध किया तो वह जोर-जोर से पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगा।

एसोसिएशन के सदस्यों ने पुलिस को जानकारी दे दी। पुलिस उसे सेक्टर-17 चौकी ले गई। भड़के लोग चौकी में पहुंच गए और आरोपी को बाहर निकालने की बात कहने लगे। उसे चौकी से बाहर खींचने की भी कोशिश हुई लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि आरोपी युवक चार-पांच दोस्तों के साथ सेक्टर-17 आया था। उसने पगड़ी पहनी हुई थी। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसकी मंशा क्या थी। मामले में पूर्व पार्षद सतिंदर सिंह ने सेक्टर-17 थाना पुलिस को लिखित में शिकायत दी है।

मामले में पूर्व पार्षद और वकील सतिंदर सिंह ने सेक्टर-17 थाना पुलिस को लिखित में शिकायत दी है। सेक्टर-17 प्लाजा में हिंदू संगठनों और प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान अचानक एक युवक आया और पहले प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शन में पहुंचा। वहां उसने कहा कि वह पाकिस्तान का नाम न लें। जो लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे, उन्हें ऐसा करने से मना किया। युवक ने यह भी कहा कि पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे से उसके दिल में दर्द होता है।

# मुंबई की लड़की से गाजियाबाद के होटल में दुष्कर्म, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए आई थी दिल्ली

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र में नौकरी के बहाने होटल में ले जाने के बाद नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग ले रही पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। मुंबई के ठाणे की रहने वाली 26 वर्षीय पीड़ित युवती का कहना है कि वर्तमान में वह दिल्ली के सीमापुरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। वह कोचिंग के साथ नौकरी की तलाश भी कर रही है। युवती का कहना है कि एक दिन मेट्रो में सफर के दौरान उसे एक बुजुर्ग मिले। बातचीत में पीड़ता ने बुजुर्ग को कोचिंग करने के साथ नौकरी की तलाश करने के बारे में बता दिया। पीड़िता का कहना है कि इस पर बुजुर्ग ने कहा कि उसके आरपी शुक्ला नाम के एक जानकार हैं। उनकी अधिकारियों और कई विभागों में पहचान है। आरपी शुक्ला पीड़िता की नौकरी लगवा देंगे। बुजुर्ग ने लड़की को आरपी शुक्ला का मोबाइल नंबर दे दिया। युवती का कहना है कि उसने कुछ दिन बाद आरपी शुक्ला से नौकरी के संबंध में फोन पर बात की।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

# पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं गई नीतीश की पार्टी, जेडीयू ने दी सफाई



**पटना, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दिल्ली में गुरुवार शाम को आयोजित सर्वदलीय बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाया। वहीं, जेडीयू की ओर से सफाई देते हुए कहा गया कि मधुबनी में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा के चलते पार्टी के वरिष्ठ नेता बिहार में थे। इस कारण जेडीयू सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पहलगाम हमले को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में जेडीयू की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री की प्राथमिकता चुनाव है। जेडीयू की प्राथमिकता प्रधानमंत्री है। आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक का इंतजार किया जा सकता है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने गुरुवार सुबह मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक में उनकी पार्टी के नेता शामिल नहीं हो पाएंगे। जेडीयू के सभी वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी में कार्यक्रम की व्यस्तता की वजह से दिल्ली में उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो बर्बर हमला हुआ, उसके विरोध में आयोजित सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार जो भी राष्ट्र हित में फैसला लेगी, जेडीयू उनके साथ है।

बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में गुरुवार को पंचायती राज दिवस के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित किया। इसमें उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले पर बोलते हुए आतंकियों को कड़ी चेतावनी दी। पीएम ने कहा कि आतंकियों और साजिश रचने वालों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिनकी उन्होंने कल्पना नहीं की होगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह समेत जेडीयू और एनडीए के कई नेता मौजूद रहे।



## पटना के बाद बिहार के कई जिलों में स्कूल का समय बदला, भीषण गर्मी के चलते फैसला

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच स्कूली बच्चों को राहत मिली है। पटना के बाद 4 और जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। भागलपुर, गया, बांका और औरंगाबाद जिले में भी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के समय में बदलाव का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। भागलपुर में सुबह 11 बजे के बाद कक्षाओं के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह, गया और बांका जिले में भी स्कूलों का समय सुबह 11.30 बजे तक कर दिया गया है। औरंगाबाद में पौने 12 बजे स्कूल की छुट्टी कर दी जाएगी। भागलपुर के डीएम नवल किशोर चौधरी ने गुरुवार को अपने आदेश में कहा कि जिले में चलने वाली लू और दोपहर में भीषण गर्मी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसे देखते हुए जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और प्री-स्कूलों के सुबह 11 बजे के बाद संचालन पर रोक लगाई गई है। यह आदेश 25 से 27 अप्रैल तक लागू रहेगा। इसी तरह, गया जिले में भी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में 10वीं तक की कक्षाओं के सुबह 11.30 बजे के बाद संचालन पर रोक रहेगी। गया गुरुवार को बिहार का सबसे गर्म जिला रहा। यहां तापमान 42 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। बांका जिले में भी सभी निजी और सरकारी स्कूलों की छुट्टी सुबह 11.30 बजे कर दी जाएगी। डीएम अंशुल कुमार ने 27 अप्रैल तक के लिए यह आदेश गुरुवार को जारी किया। औरंगाबाद जिले में सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों पर सुबह 11.45 बजे के बाद रोक लगाई गई है।

## मिड डे मील की सब्जी में निकला सांप, खाने से 200 बच्चे बीमार, एक की हालत गंभीर



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले में मिडे डे मील खाने के बाद 200 से अधिक स्कूली बच्चे बीमार हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मोकामा प्रखंड के मेकरा स्थित मध्य विद्यालय की है। बताया जा रहा है कि मध्याह्न भोजन यानी मिड डे मील की सब्जी में सांप गिर गया था। उसे खाने से ही बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इस घटना के विरोध में गुरुवार शाम को स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा भी किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खत्म करवाया।

बीडीओ ने बताया कि से मामले की जांच की जा रही है। इस बीच करीब एक घंटे तक सड़क जाम रही और आवागमन पूरी तरह ठप रहा। स्कूल के दर्जनों बच्चों ने आरोप लगाया कि गुरुवार को स्कूल के मिड डे मील में चावल और आलू-कद्दू की सब्जी बनी थी। बच्चों को इस दौरान सब्जी में एक मरा हुआ सांप मिला, जिसे विद्यालय के रसोइया ने शौचालय में फेंक दिया। फिर वही सब्जी बच्चों को खिला दी।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि गुरुवार को करीब 500 बच्चों ने मध्याह्न भोजन खाया था। भोजन करने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी तो सभी शिक्षक समय से पहले ही छुट्टी देकर स्कूल से निकल गए। बच्चे घर पहुंचे और धीरे-धीरे एक-एक कर करीब 200 बच्चों की तबीयत खराब हो गई।

ग्रामीण धीरे-धीरे एकजुट होने लगे, घटना की सूचना पर पहुंची मोकामा थाना की पुलिस ने 50 से अधिक बच्चों को ले जाकर मोकामा रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके बाद एक-एक कर करीब 150 और बच्चों को लेकर उनके अभिभावक मोकामा रेफरल अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंच गए। देर रात तक चिकित्सक बच्चों की जांच करते रहे। मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि एक बच्चे की तबीयत थोड़ी खराब थी, लेकिन अब वे भी खतरे से बाहर है। बाकी बच्चे भी ठीक हैं, सभी की जांच की जा रही है। देर रात तक अस्पताल में गहमागहमी का माहौल रहा। सैंकड़ों ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे और बच्चों की देखभाल करते रहे।

### मोतिहारी में 50 करोड़ की लागत से बन रहा आरओबी

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के भितहा में रेल ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण तेजी से चल रहा है। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 50 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। बनकट भितहा रेलवे गुमटी संख्या 158 पर बन रहे इस आरओबी से कई प्रखंडों को फायदा मिलेगा। इस आरओबी से कोटवा, कल्याणपुर, केसरिया, तुरकौलिया और हरसिद्धि समेत 6 से ज्यादा प्रखंडों का सीधा जुड़ाव जिला मुख्यालय मोतिहारी से हो जाएगा। इससे लोगों की आवाजाही आसान होगी। पहले इस रेलवे गुमटी पर रोज घंटों जाम लगता था। इससे आम लोगों के साथ एंबुलेंस और स्कूल वाहन भी प्रभावित होते थे।

### समस्तीपुर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के वारिसनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री समेत 4 लोग घायल हो गए। 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। एक ही बाइक से सभी भोज खाने जा रहे थे। घटना सुखपुर गांव की है। घायलों की पहचान नथुनी महतो, पुत्री सुहानी कुमारी, दिव्या कुमारी और भाई धीरज कुमार के तौर पर हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद पिता और 2 बेटियों को डॉक्टरों ने पी.एम.सी.एच. रेफर कर दिया है।

## स्टेट लेवल तक खेलेंगे सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स, ट्रेनिंग-स्कॉलरशिप मिलेगी

### 37,588 स्कूलों के 58 लाख छात्र-छात्राओं के लिए खेल प्रतियोगिता शुरू, हर एक को मिलेंगे टी-शर्ट और मेडल



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी स्कूलों में खेल प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए आज से स्कूलों में खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हो रही है। मशाल-2024 कार्यक्रम के तहत बिहार के 37,588 स्कूलों में 25 से 27 अप्रैल तक खेल प्रतियोगिता होगी। इसमें 58 लाख स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता, स्कूलों में खिलाड़ियों की तलाश के लिए किया जा रहा है। स्कूलों में होने वाली प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को संकुल, प्रखंड और जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।

**बालक वर्ग में 14, बालिका वर्ग में 16 साल के खिलाड़ी ले सकते हैं भाग :** यह प्रतियोगिता दो श्रेणियां में आयोजित की जाएगी। बालक वर्ग में 14 वर्ष और बालिका वर्ग में 16 साल उम्र निर्धारित की गई है। विजेता को प्रखंड स्तर पर नगर राशि भी प्रदान की जाएगी। इसमें छात्रों को 1000 रुपए, सेकेंड आने पर 600 और थर्ड आने पर 400 रुपए दिए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट एवं मेडल दिया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर से खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

**स्टेट लेवल पर खेलने का मिलेगा मौका :** प्रखंड के बाद जिला स्तर पर चयनित टीम को स्टेट लेवल पर खेलने के मौका दिया जाएगा। इस दौरान एथलेटिक्स में किक्रेट, बॉल थ्रो, लंबी कूद, दौड़, साइकलिंग, फुटबॉल, बॉलीवॉल प्रतियोगिताएं होंगी। जिला स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को 2500 रुपए, सेकेंड आने वाले को 1500 और थर्ड आने पर 1000 रुपए मिलेंगे। इस दौरान जो स्टूडेंट्स स्टेट लेवल पर प्रथम श्रेणी में आता है, उसे 5000 रुपए, सेकेंड आने पर 3000 रुपए और थर्ड आने पर 2000 रुपए दिए जाएंगे। राज्य स्तर पर चयनित छात्रों को खिलाड़ी के रूप में ट्रेनिंग के साथ ही स्कॉलरशिप भी दी जाएगी।

## मोतिहारी में बाइक सवार की चाकू से गोदकर हत्या

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के नगर थाना क्षेत्र के अगरवा मुहल्ले में अज्ञात बदमाशों ने एक 17 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक गोलू कुमार बेलीसराय का रहने वाला था। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। मृतक के ममेरे भाई संजू ने बताया कि गोलू का कुछ दिन पहले अगरवा मुहल्ले के विशाल नाम के युवक से विवाद हुआ था। जिसमें बुधवार रात को दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। विशाल ने गोलू को धमकी दी थी कि अगरवा में दिखने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी। गुरुवार शाम जब गोलू अगरवा की ओर गया, तब बाइक सवार चार युवकों ने उसका पीछा किया। आरोपियों ने गोलू पर चाकू से कई वॉर किए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद एक स्थानीय लड़की की नजर घायल गोलू पर पड़ी।

उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सदर एएसपी शिवम धाकर मौके पर कैंप कर रहे हैं। वे परिजनों को शांत कराने का प्रयास कर रहे हैं।

**जांच के लिए एसआईटी गठित :** एएसपी ने बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश का नतीजा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




## बिहार विधानसभा चुनाव महागठबंधन ने चार समितियां बनाई, 4 मई को बड़ी बैठक

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पटना में गुरुवार को हुई महागठबंधन की दूसरी बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने बताया कि महागठबंधन ने आगामी चुनाव को लेकर घटक दलों की 4 नई साझा समितियां बनाई हैं। इनका नाम अभियान, चुनाव घोषणा पत्र, मीडिया और सोशल मीडिया कमिटी रखा गया है। इनमें आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले के नेता शामिल रहेंगे। इसके अलावा 4 मई को महागठबंधन की एक बड़ी बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, एमएलसी मौजूद रहेंगे। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 4 मई को होने वाली बैठक की जगह बाद में तय की जाएगी।

उन्होंने दावा किया कि सभी जिलों में महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच पूरी तरह तालमेल रहेगा। गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता सरकार की खामियों को मिल कर उजागर करेंगे। बता दें कि महागठबंधन की पहली बैठक 17 अप्रैल को पटना स्थित आरजेडी दफ्तर में हुई थी। उस बैठक में सभी घटक दल के नेताओं ने एक कोऑर्डिनेशन कमिटी गठित करने का फैसला लिया था। इस कमिटी का अध्यक्ष तेजस्वी यादव को बनाया गया। आगामी बिहार चुनाव से जुड़े महागठबंधन के सभी तरह के फैसले यही कमिटी लेगी।

## पटना में मौजूद 27 पाकिस्तानियों को लौटना होगा, शादी और बीमारी बताकर बढ़ाया था वीजा

**पटना, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। पटना जिले में 27 पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द किया गया है। सभी को जिले की विदेश शाखा से पाकिस्तान लौटने को कहा गया है। इस आदेश की कोई अवहेलना करता है तो तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोर्ट के आदेश के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को डी-बोर्ड भी किया जा सकता है। अधिकतर पाक नागरिकों ने शादी और बीमारी का हवाला देकर वीजा की अवधि बढ़ाई थी और यहीं रह रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, इस समय पटना जिले में कुल 27 पाकिस्तानी नागरिक एक्सटेंशन वीजा पर रह रहे हैं। सबसे अधिक पाकिस्तानी नागरिक सब्जीबाग, समनपुरा और फुलवारीशरीफ मोहल्ले में ठहरे हुए हैं। ये सभी अपने रिश्तेदारों के यहां आए थे। सूत्र बताते हैं कि पाकिस्तानी नागरिक पटना में 3 से 7 दिनों के वीजा पर पटना आए थे। बाद में सभी ने अपने वीजा का एक्सटेंशन करवा लिया। किसी ने रिश्तेदार की शादी, तो किसी ने तबीयत बिगड़ने की बात कहकर वीजा का समय बढ़वाया था। दूसरी ओर ये लोग किन-किन जगहों पर गए और वे किनके साथ रह रहे थे, किन जगहों की तस्वीर खींची है, इसकी पूरी जानकारी स्पेशल ब्रांच की टीम ले रही है।



### स्थानीय थाने के जरिए कार्रवाई

पटना में ठहरे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस जाने के लिए स्थानीय थाने के जरिए नोटिस दिया गया है। वे कैसे लौटेंगे, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। अगर फ्लाइट से पाक लौटना है तो टिकट और बोर्डिंग पास की फोटो कॉपी स्थानीय थाने को उपलब्ध करानी होगी। इसके अलावा दो लोगों की गवाही भी जरूरी है। ट्रेन के रास्ते पाकिस्तान जाने वाले लोगों को भी टिकट की फोटो कॉपी देनी होगी।

## कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अमित शाह की तुलना भगवान शिव से की

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदीप मिश्रा के खिलाफ की नारेबाजी



**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा के सिंहेश्वर में शिव महापुराण कथा चल रही है। इस दौरान कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तुलना भगवान शिव से की। उन्होंने कहा कि अमित शाह कलयुग में शिव का रूप हैं। उनकी मौनता और शांति के बाद तांडव जरूर देखने को मिलेगा। मुझे विश्वास है कि आतंकियों का अंत होगा। पंडित मिश्रा ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए 24 अप्रैल को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया। जो अब वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने हमले की कड़ी निंदा की। साथ ही कहा है कि आतंकियों ने जाति नहीं देखी, सिर्फ हिंदू होने के आधार पर लोगों को निशाना बनाया। कथावाचक ने एक नवविवाहित युवक का उदाहरण दिया, जिसकी शादी को सिर्फ 8 दिन हुए थे। वह कश्मीर घूमने गया था, जहां उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गई। उसकी पत्नी आज रोती-बिलखती दिख रही है। एनएसयूआई ने कथावाचक का पुतला जलाया है और कहा है कि इन्होंने शिव भक्तों का अपमान किया है।

**शास्त्र से जरूरी है शस्त्र :** कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हर घर के बेटे-बेटियों को शस्त्र चलाना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि घर में शास्त्र है या नहीं, लेकिन बच्चों को शस्त्र चलाना आना चाहिए। उनके इस बयान पर कथा स्थल पर मौजूद लोगों ने तालियों से समर्थन जताया। हालांकि, सोशल मीडिया पर पंडित मिश्रा का यह बयान विवाद का कारण बन गया है। कई यूजर्स ने एक जीवित राजनेता की तुलना भगवान शिव से करने को अनुचित और महादेव का अपमान बताया। कुछ ने उन्हें भाजपा का प्रचारक कहा है। एक यूजर ने लिखा कि यह कथावाचन नहीं, राजनीतिक प्रचार है। कुछ अन्य यूजर्स ने इसे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताया। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों की जान गई है। मृतकों में अधिकांश पर्यटक है। इस घटना ने देश भर में आक्रोश पैदा किया है।

**एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदीप मिश्रा के खिलाफ की नारेबाजी :** कॉलेज चौक पर गुरुवार की रात एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सिंहेश्वर स्थान में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान प्रदीप मिश्रा के दिए गए एक बयान के विरोध में है। जिसमें उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बाबा भोलेनाथ का कलयुगी अवतार बताया था। बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद गहरा गया है। पुतला दहन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदीप मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भगवान शिव की नगरी सिंहेश्वर में अमित शाह की तुलना बाबा भोलेनाथ से करना सरासर अपमानजनक है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा, प्रदीप मिश्रा कोई कथावाचक नहीं, बल्कि आरएसएस और भाजपा के एजेंट हैं। वे सत्संग के नाम पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। अमित शाह को भगवान शिव का अवतार बताकर उन्होंने शिव भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

निशांत यादव ने आगे कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब प्रदीप मिश्रा ने विवादित बयान दिया हो। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले मिश्रा ने राधा-कृष्ण के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी, जिसके चलते उन्हें मथुरा में माफी मांगनी पड़ी थी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रदीप मिश्रा जल्द ही सिंहेश्वर स्थान के बाबा भोलेनाथ मंदिर में शिव भक्तों से माफी नहीं मांगते और जिला प्रशासन इस मामले में कार्रवाई नहीं करता, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

# अंकिता लोखंडे ने शेयर की अपने पापा से जुड़ी खास याद



मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बेहतरीन एक्टिंग और स्टाइलिश लुक्स के लिए जानी जाती हैं। वह जितनी सुंदर मॉडर्न आउटफिट्स में लगती हैं, उससे कहीं ज्यादा खूबसूरत साड़ी में दिखती हैं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। अंकिता ने इंस्टाग्राम पर अपना नया फोटोशूट फैंस के साथ शेयर किया। फोटो में वह ब्लैक प्रिंटेड फ्लोरल साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इस साड़ी के साथ फुल स्लीव्स ब्लाउज पहना हुआ है। वहीं बड़े ईयररिंग्स के साथ बालों का बन बनाया हुआ है। फोटो में वह अपनी कातिलाना अदाओं से लोगों को अपना दीवाना बना रही हैं। इस पोस्ट में उन्होंने उर्मिला मातोंडकर की फिल्म रंगीला के टाइटल सॉन्ग का इस्तेमाल किया है। इस गाने को आशा भोसले और आदित्य नारायण ने गाया है, वहीं म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है।

पोस्ट में उन्होंने कुछ पुरानी फोटो शेयर कीं, जो उनके पिता ने खींची थीं। बता दें कि अंकिता का असली नाम तनुजा लोखंडे है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार की खोज नाम के रियलिटी शो से की थी। इसमें वह कंटेस्टेंट थीं। इसके बाद 2009 में उन्हें एकता कपूर का सीरियल पवित्र रिश्ता ऑफर हुआ, जिसमें उन्होंने अर्चना देशमुख का रोल निभाया और घर-घर में पहचानी जाने लगीं। इस शो में उनके अपोजिट सुशांत सिंह राजपूत थे। स्मॉल स्क्रीन पर छाने के बाद उन्होंने बिग स्क्रीन पर भी किस्मत आजमाई। कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी में झलकारी बाई का किरदार निभाया। इसके अलावा, वह टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म बागी 3 का भी हिस्सा रह चुकी हैं। वह रियलिटी शो बिग बॉस 17 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आईं।

# भारत में रिलीज नहीं होगी पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान स्टारर 'अबीर गुलाल'!

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश भर में आक्रोश व्याप्त है। इस बीच पाकिस्तान और पाकिस्तानी एक्टर



फवाद खान का भी सोशल मीडिया पर भारी विरोध देखने को मिल रहा है। खबर है कि एक्टर फवाद खान की फिल्म 'अबीर गुलाल' भारत में रिलीज नहीं होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों ने ये जानकारी दी है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान स्टारर फिल्म 'अबीर गुलाल' को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आक्रोशित लोग सोशल मीडिया पर काफी मुखर होकर पाकिस्तानी एक्टर को बायकॉट करने की बात कर रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने इस हमले में हुई जानमाल की हानि पर चिंता व्यक्त की, लेकिन इसे आतंकवादी कृत्य बताने या इसकी निंदा करने से परहेज किया। पड़ोसी मुल्क की इस प्रतिक्रिया के बाद लोगों का गुस्सा पाकिस्तानी कलाकारों पर फूट पड़ा। इसी कड़ी में लोग अबीर गुलाल को बैन करने की मांग कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर लिखा- क्या हम अभी भी भारत में पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म अबीर गुलाल को रिलीज होने देंगे?

# कलमा सीखो, तभी कश्मीर जाना, नहीं तो... पायल घोष का चौंकाने वाला दावा

पायल घोष ने खुलासा किया है कि वो अपनी उस कश्मीर ट्रिप को लेकर असमंजस में हैं, जो उन्होंने पहलगाम अटैक के पहले बुक कराया था। जब उन्होंने अपने एक पाकिस्तानी दोस्त से इस बारे में बात की तो उसने कलमा सीखने की नसीहत दे डाली और एक चेतावनी भी दी।

साउथ और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस पायल घोष ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक हफ्ते पहले कश्मीर ट्रिप के लिए बुकिंग कर ली थी, लेकिन 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमला हो गया। इसके बाद अब वो धर्म संकट में हैं कि वहां जाएं या नहीं! उन्होंने अपने पाकिस्तानी दोस्त से मशवरा लेना चाहा तो उल्टा उसने चेतावनी दे डाली। उसने एक्ट्रेस से कहा कि कश्मीर जाना है तो पहले कलमा सीखो, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो।

बता दें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई है। चश्मदीदों ने बताया कि आतंकियों ने मारने से पहले मृतकों से धर्म के बारे में पूछा था। उन्होंने ज्यादातर हिंदुओं को निशाना बनाया। इससे पूरा देश दहल गया है।

## हफ्ते भर पहले बुक की थी कश्मीर की ट्रिप

पायल घोष ने इस हमले से हफ्ते भर पहले ही कश्मीर की ट्रिप बुक की थी। आतंकी हमले के बाद वो असमंजर में फंस गई कि क्या आगे बढ़ना चाहिए! पर उनके एक पाकिस्तानी दोस्त ने उन्हें ऐसा मैसेज दिया कि वो डर गईं।

## अब कंफ्यूज हैं पायल घोष

वो कहती हैं, ये बहुत घिनौना है। मैंने पाकिस्तानी के एक एक्टर और मेरे दोस्त के साथ अपनी जर्नी की प्लानिंग के बारे में शेयर किया, क्योंकि मैं कश्मीर जाने का इंतजार कर रही थी। मेरी टिकटें एक हफ्ते पहले ही बुक हो गई थीं। लेकिन हमले के बाद मैं असमंजस में हूं कि मुझे ट्रिप पर जाना चाहिए या नहीं

## कलमा सीखो, तब कश्मीर जाना

पायल ने आगे कहा, पहले से ही अनिश्चितता का माहौल है और इस सबके बीच जब आपको ऐसी बातें सुननी पड़ती हैं, जो इशारों में ये बताती हैं कि आप अपने ही देश में सुरक्षित नहीं हैं यो जाहिर है इससे आपको गुस्सा आएगा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं इल्म अल-कलाम सीखूं नहीं तो मुझे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। अंजाम से उनका वास्तव में क्या मतलब है? ये सुनने के बाद मैं वाकई में बहुत गुस्से में हूं। ये घटना पाकिस्तान के लोगों के लिए मजाक की बात लगती है।



# नेटफ्लिक्स पर अब देखिए सैफ की 'नादानियां'



बाईगॉड की कसम, बहुत कलेजा चाहिए, नेटफ्लिक्स ओरिजनल 'ज्वेलथीफ द हाइस्ट बिगिन्स' जैसी फिल्म बनाने के लिए। झोली में 'वॉर' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में हो। 'फाइटर' में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण को एक फ्रेम में लाने का तमगा मिल चुका हो।

शाहरुख खान की अगली फिल्म 'किंग' की जिम्मेदारी मिली हुई हो और कंपनी का नाम हो, मारफ्लिक्स। नेटफ्लिक्स की बहन जैसा नाम लगता है। लेकिन, निर्माता सिद्धार्थ आनंद बतौर निर्देशक हिंदी सिनेमा को 'बैंग बैंग' जैसा बबल भी दे चुके हैं, ये भूलना नहीं चाहिए। भारतीय मनोरंजन जगत के कलाकारों के इन दिनों दोनों हाथों में लड्डू हैं। एक में अमेरिकन एमजीएम स्टूडियोज के लिए अमेजन जैसी कंपनी मोतीचूर के लड्डू चढ़ा रही है, दूसरे हाथ में बूंदी के लड्डू लेकर हाजिर है नेटफ्लिक्स। वहां का 'फैमिली मैन' यहां 'किलर सूप' बनाता मिलता है। यहां आलीशान 'स्कूप' बनाने वाला वहां 'खौफ' जैसी कम बजट की एमएक्स प्लेयर सीरीज बनाता दिखता है। अब बारी हाथीराम की है। उनको भी अपना स्टैंडर्ड बढ़ाना है।

खराब फिल्म बनाने की हिट रेसिपी

एक खराब फिल्म बनाने के लिए क्या क्या जरूरी होता है, वह सब एक दर्शक निर्माता सिद्धार्थ आनंद की नेटफ्लिक्स पर पहुंची फिल्म 'ज्वेलथीफ द हाइस्ट बिगिन्स' देखकर सीख सकता है। मतलब कि किरदार सरदार हो तो उसका मोटा होना जरूरी है। चोर है तो वह अय्याश भी होना चाहिए। 'डेयरडेविल' के फिस्क जैसा विलेन हो तो उसे मुक्के मारकर सामने वाले की जान ले ही लेनी चाहिए। और, लड़की अगर खूबसूरत है तो उसका कमअक्ल का होना भी जरूरी है। इतने क्लीशे किरदार फिल्म शुरू होने के पहले 15 मिनट में अगर दिख जाएं तो फिल्म कहां पहुंचने वाली है, समझ आ जाता है। लेकिन, रिव्यू लिखना है तो अभी जीवन के पौने दो घंटे और कुर्बान करने ही होंगे। 54 साल का हीरो, 34 साल की शादी शुदा हीरोइन पर डोरे डाल रहा है। कहानी करवट ले रही है और मुझे पता नहीं क्यों नेटफ्लिक्स की चार साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'रेड नोटिस' बार बार याद आ रही है।

# भूल चूक माफ का नया सॉन्ग चोर बजारी फिर से हुआ रिलीज, रोमांस करते दिखे राजकुमार-वामिका



राजकुमार राव की अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ का नया गाना चोर बजारी फिर से रिलीज हो चुका है। गाने में राजकुमार और वामिका गब्बी रोमांस करते नजर आ रहे हैं। यह गाना सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल के सॉन्ग चोर बजारी का रीमेक है, जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए थे। यही वजह है कि इस गाने को देखने के बाद फैंस को सैफ-दीपिका की जोड़ी याद आने लगी। भूल चूक माफ 9 मई को थिएटरों में रिलीज होगी। फिल्म में राजकुमार रंजन तिवारी और वामिका गब्बी तितली मिश्रा के किरदार में हैं। दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है। फिल्म के चोर बजारी फिर से सॉन्ग में भी दोनों का रोमांस और मस्ती देखने को मिल रही है।

इस गाने को सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर ने गाया है। वहीं, कंपोज प्रीतम और तनिष्क बागची ने किया है। सॉन्ग को लेकर राजकुमार ने कहा, चोर बजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! यह रंजन और तितली के बीच की केमिस्ट्री को बड़ी ही खूबसूरती के साथ दिखाता है। इस गाने की शूटिंग मजेदार रही। मैं म्यूजिक के साथ दर्शकों की एनर्जी और वाइब से भरे फीडबैक का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक्ट्रेस वामिका गब्बी ने कहा, चोर बजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! इसमें ड्रामा है, डांस है और हर बीट में तितली की मजेदार शरारत है। मुझे लगता है कि दर्शकों को गाने में रंजन और तितली की मस्ती पसंद आएगी। यह मजेदार है!

# प्रियंका चोपड़ा ने डिलीट कर दिया इंस्टाग्राम पोस्ट, लेकिन एक-एक फोटो हो गई वायरल, पूल से कार तक, ये करती दिखीं



प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, लेकिन तुरंत इसे डिलीट भी कर दिया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उनका पोस्ट उनके फैंस ने वायरल कर दिया। इसमें वो कभी पूल तो कभी जिम में नजर आ रही हैं। उन्होंने सेल्फ-केयर से जुड़ा पोस्ट शेयर किया था। ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर कीं। उन्होंने अपनी हेल्दी डेली रुटीन की झलक दिखाई। हालांकि, कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उनका पोस्ट वायरल हो गया, जिसमें वो स्विमिंग पूल में अठखेलियां करने से लेकर जिम में पसीना बहाते, मसाज करवाते और स्किन केयर करती हुई दिख रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक छोटा-सा वीडियो शेयर किया, जिसमें वो स्विमिंग पूल में तैराकी करते हुए नजर आ रही हैं। पीले रंग के स्ट्रैपलेस वन-पीस स्विमसूट वो गजब ढा रही हैं। उन्होंने हिंट दिया कि स्विमिंग से सिर्फ कसरत ही नहीं होती है, ये आपको तनाव से दूर रहने और फिट रहने में भी मदद करता है।

प्रियंका ने अपने फैंस को जिम रुटीन की भी झलक दिखाई है। उन्होंने स्टाइलिश ब्राउन स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग शॉर्ट्स पहना हुआ है, जिसमें उनकी टोंड बॉडी साफ दिख रही है। वो खुद को फिट रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहाती हैं।

# अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर व्हाइट में श्री-श्री रविशंकर की भूमिका में नजर आएंगे एक्टर विक्रांत मैसी

पठान, वॉर और फाइटर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद अपनी प्रोडक्शन कंपनी मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के तहत और ऊंचाई व



नागजिला जैसी फिल्मों के निर्माता महावीर जैन की महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर अपनी अगली महत्वाकांक्षी फिल्म की घोषणा की एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट जिसका नाम है व्हाइट। व्हाइट एक बेहद रोमांचक वैश्विक थ्रिलर है, जिसमें बहुमुखी अभिनेता विक्रांत मैसी प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की तैयारी कोलंबिया में चल रही है और इसकी शूटिंग जुलाई से शुरू होने की योजना है। यह फिल्म एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टीम को एक साथ लाकर उस प्रेरणादायक कहानी को पर्दे पर लाएगी कि कैसे कोलंबिया के 52 साल लंबे क्रूर गृहयुद्ध का अंत हुआ। एक ऐसा अध्याय जो आज भी दुनियाभर में बहुत कम जाना जाता है।

# आखिर क्यों 'अंदाज अपना अपना' की स्पेशल स्क्रीनिंग में नहीं पहुंचे आमिर



1994 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'अंदाज अपना अपना' आज सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है। फिल्म की री-रिलीज से पहले रखी गई स्पेशल स्क्रीनिंग में फिल्म के मुख्य अभिनेता आमिर खान नहीं पहुंचे। अब आमिर ने इसके पीछे एक बड़ी वजह बताई है। आमिर खान-सलमान खान की कल्ट कॉमेडी फिल्म 'अंदाज अपना अपना' अपनी रिलीज के तकरीबन 31 साल बाद आज सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है। री-रिलीज से पहले मुंबई में फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। फिल्म की क्रू और कलाकारों के लिए आयोजित इस स्पेशल स्क्रीनिंग में फिल्म के मुख्य अभिनेता आमिर खान शामिल नहीं हुए। अब अभिनेता ने खुद ये बताया है कि वो आखिर क्यों इस स्पेशल स्क्रीनिंग का हिस्सा नहीं बन सके।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आहत हैं आमिर

बॉलीवुड हंगामा से बातचीत के दौरान आमिर खान ने बताया कि आखिर क्यों वो 'अंदाज अपना अपना' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल नहीं हुए। अभिनेता ने बताया कि इसके पीछे की वजह 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ भयावह आतंकी हमला है। उन्होंने कहा, मैं कश्मीर के पहलगाम में हुई घटनाओं के बारे में रिपोर्ट पढ़ रहा था। बेगुनाहों की बेवकूफी भरी हत्या से मैं बुरी तरह प्रभावित हुआ हूं। मैं स्क्रीनिंग में जाने की स्थिति में नहीं था।

साभार एजेंसी

# विश्व को इस तरह के आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए : संरा

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

संयुक्त राष्ट्र और भारत के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है, जिसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस भी भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। उनके प्रवक्ता ने बताया कि वह दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील करते हैं कि स्थिति और न बिगड़े। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बृहस्पतिवार को दैनिक प्रेस वार्ता में कहा, हम जम्मू कश्मीर में दो दिन पहले 22 तारीख को हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हैं। दुजारिक इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या गुतारेस ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान की सरकारों से कोई संपर्क किया है।

उन्होंने कहा कि गुतारेस ने कोई सीधा संपर्क नहीं किया है, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि वह स्पष्ट रूप से स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों से अपील की है कि वे संयम बरतें और यह सुनिश्चित करें कि स्थिति न बिगड़े। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने बृहस्पतिवार को एम्पॉवरिंग द डिजिटल सिटीजन ऑफ द फ्यूचरः टुवर्ड्स एन इंटीग्रेटेड डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) शीर्षक से एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की, जहां संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए अपने वक्तव्य की शुरुआत की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें एक नेपाली नागरिक शामिल था। मारे गए लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा, सबसे पहले, मैं जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। वाणिज्य एवं उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा, आज की शुरुआत करने से पहले मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत के कश्मीर में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिजनों के साथ हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा कि भारत, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त करता है। प्रौद्योगिकियों संबंधी मामलों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल ने अपने संबोधन की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों और भारत सरकार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए की। इस हमले के बाद भारत ने आतंकवादी हमले की सीमा-पार से कड़ियों को उजागर किया और इसके जवाब में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने समेत कई अन्य निर्णय लिए, ये निर्णय उस समय तक के लिए हैं जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के अपने समर्थन को बंद नहीं कर देता। भारत ने अटारी में एकीकृत जांच चौकी को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है और नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित घोषित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी, उसके आकाओं और उसके समर्थकों की पहचान करेगा और उन्हें दंडित करेगा।



## भारत के साथ खड़े हैं, पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए : अमेरिका



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका ने पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमला करने के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि वह भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बृहस्पतिवार को कहा, जैसा कि (अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप और विदेश मंत्री (मार्को) रुबियो ने भी स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। ब्रूस ने कहा, हम लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त करते हैं और घायलों के स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हम इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाए जाने का आह्वान करते हैं। कश्मीर के पहलगाम शहर के पास मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 नागरिक मारे गए। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे। यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका को लगता है कि इस हमले के पीछे संभवतः पाकिस्तान का हाथ है और क्या वाशिंगटन दोनों देशों के बीच तनाव कम करने में कोई भूमिका निभा रहा है, ब्रूस ने कहा कि स्थिति की गंभीरता के कारण यह मुद्दा उठा है, लेकिन वह इस समय इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकती हूं कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, यह तेजी से बदलता घटनाक्रम है और जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, हम इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। स्पष्ट है कि हम कश्मीर या जम्मू की स्थिति पर कोई रुख नहीं अपना रहे इसलिए मैं आज सिर्फ इतना ही कह सकती हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की थी।

## प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मोदी से बात की



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और कहा कि वह पहलगाम में हुए आतंकी हमले से बेहद आहत हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने बातचीत के बारे में एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें कहा गया है कि स्टॉर्मर ने ब्रिटिश लोगों की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति जताई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री (स्टॉर्मर) ने बातचीत की शुरुआत में कहा कि वह मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले से बेहद आहत हैं, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की दुखद जान चली गई। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने ब्रिटिश लोगों की ओर से सभी पीड़ितों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि स्टॉर्मर ने भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मौत होने पर गहरी संवेदना व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, उन्होंने बर्बर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है।

## पहलगाम हमलाः इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन ने रैली निकाली

**यरूशलम।** इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने के लिए तेल अवीव के पास रमत गन में मोमबत्ती जलाकर रैली निकाली और आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की मांग की। एसोसिएशन के सदस्यों ने आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या किए जाने पर बृहस्पतिवार रात आक्रोश व्यक्त किया तथा भारत सरकार से ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज नहीं करने एवं अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष सोमा रवि ने पीटीआई से कहा, कश्मीर के पहलगाम में मानव के रूप में राक्षस पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को चुन-चुनकर मार डाला। रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकते। आम भारतीयों का खून बदला लेने के लिए खौल रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के इस कृत्य का बदला ऐसे तरीके से लिया जाना चाहिए जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सके।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया**

# प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए, भारत अपने डीपीआई को साझा कर वैश्विक सहयोग को तैयार : प्रसाद

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**भारत ने कहा कि वह अपने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) परिवेश का विस्तार कृषि तथा स्मार्ट शहरों जैसे क्षेत्रों में कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सफलताओं को साझा करने को तैयार है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारतीय डीपीआई की सफलता की कहानी दुनिया के लिए एक मिसाल है। प्रसाद ने विश्व निकाय के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने मुख्य भाषण में बृहस्पतिवार को कहा, डीपीआई का उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सुशासन, सामाजिक स्तर पर समावेशी व सतत विकास है। भविष्य का निर्माण केवल मशीन द्वारा नहीं किया जाएगा, बल्कि यह प्रौद्योगिकी द्वारा मानवता की सेवा करने के तरीके के बारे में हमारे द्वारा किए गए विकल्पों से होगा।**



मंत्री ने कहा कि भविष्य को देखते हुए, भारत अपने डीपीआई परिवेश का विस्तार कृषि, रसद, स्मार्ट शहरों और अन्य क्षेत्रों में कर रहा है। उन्होंने कहा, अगली लहर गोपनीयता व डेटा संरक्षण, डिजिटल कौशल व साक्षरता, सीमा पार डीपीआई साझेदारी, स्थिरता व लचीलेपन को प्राथमिकता देगी। कृत्रिम मेधा (एआई) डीपीआई के लिए एक बल गुणक बनने जा रही है। निचले स्तर पर अंतिम व्यक्ति को सेवा प्रदान करने के हमारे लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारत एआई को तैनात कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने डिजिटल बदलाव की सफलता और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में निवेश में नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की। भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनानाः एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर शीर्षक वाले विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मैं डिजिटल बदलाव की सफलता और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में निवेश में अग्रणी रहने के लिए भारत की सराहना करता हूं। वास्तव में, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना वैश्विक डिजिटल समाज में समावेश की कुंजी है। ये प्रौद्योगिकियां बहुत तेज गति से विकसित हो रही हैं।

## पूर्वी कांगो में खदान ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत

**गोमा (कांगो)।** पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में एक स्वर्ण खदान ढह जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विद्रोहियों द्वारा नियुक्त दक्षिण किवु के वाइस-गवर्नर दुनिया मसुम्बुको ब्वेन्गे ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि काबरे क्षेत्र की लुहिही खदान जलवायु परिवर्तन के कारण आई प्राकृतिक आपदा के चलते बुधवार देर रात ढह गई। दक्षिण किवु के पूर्व में स्थित इस क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन अक्सर होते रहते हैं। दक्षिण किवु रवांडा की सीमा से सटा हुआ है। कालेहे क्षेत्र में 2023 में अचानक आई बाढ़ में कम से कम 400 लोगों की मौत हो गई थी। ब्वेन्गे ने कहा कि चूंकि लुहिही एक अवैध खदान है इसलिए वहां कई अनियमितताएं थीं और श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। विद्रोही अर्धसैनिक समूह एम23 के सत्ता में आने से पहले दक्षिण किवु के गवर्नर रहे जीन-जैक्स पुरुसी ने खदान के ढहने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और मलबे में फंसे कई शवों को अभी तक निकाला नहीं जा सका है। विद्रोहियों द्वारा नियुक्त ब्वेन्गे ने कहा कि कम से कम 10 लोग मारे गए हैं।

## थाईलैंड पुलिस का विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोगों की मौत

» बैंकॉक, भाषा।

**थाईलैंड में समुद्र तट से सटे शहर के पास पुलिस का एक छोटा विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता अर्चायोन क्रेथोंग ने बताया कि हुआ हिन जिले में पैराशूट प्रशिक्षण की तैयारी के लिए विमान परीक्षण उड़ान पर था लेकिन सुबह आठ बजे के आसपास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने घटना के तुरंत बाद प्रोपेलर विमान का मॉडल साझा नहीं किया, लेकिन घटनास्थल से मिली तस्वीरों में वाइकिंग डीएचसी-6 ट्विन ओटर विमान नजर आ रहा है। प्राचुआब किरी खान प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि विमान हुआ हिन हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।**

तस्वीरों में विमान तट से करीब 100 मीटर की दूरी पर समुद्र में नजर आ रहा है। तस्वीरों में विमान का ढांचा दो टुकड़ों में टूटा हुआ दिख रहा है। अर्चायोन ने बताया कि विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे।



उन्होंने पहले बताया कि पांच लोगों की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई, लेकिन बाद में उन्होंने मृतकों की संख्या को संशोधित कर पांच कर दिया और कहा कि जिस अधिकारी को अस्पताल भेजा गया था उसकी हालत गंभीर है, लेकिन वह जीवित है। दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अर्चायोन ने कहा कि अधिकारी विमान के ब्लैक बॉक्स से डाटा सहित अन्य साक्ष्य जुटा रहे हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

## एम्सटर्डम की मेयर ने यहूदियों के नरसंहार में शहर की भूमिका पर मांगी माफी

» एम्सटर्डम, भाषा।



**द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदी नागरिकों के दमन में एम्सटर्डम शहर की भूमिका को लेकर मेयर फेम्के हाल्सेमा ने बृहस्पतिवार को औपचारिक माफी मांगी। उन्होंने कहा कि उस समय की सरकार ने अपने यहूदी नागरिकों को बुरी तरह से निराश किया। इजराइल के होलोकॉस्ट स्मृति दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी बात रख रहीं हाल्सेमा ने स्वीकार किया कि शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने हजारों यहूदी नागरिकों के कत्ल में सक्रिय भूमिका निभाई थी। द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत में एम्स्टर्डम में लगभग 80,000 यहूदी रहते थे, जिनमें से केवल 20,000 ही जीवित बच सके। प्रसिद्ध किशोरी डायरी लेखिका ऐनी फ्रैंक इनमें से ही एक थी। नरसंहार में केवल उनके पिता ओत्तो ही जीवित बच पाए थे और फिर उन्होंने अपनी बेटी की डायरियां प्रकाशित करवाई थीं।**

हाल्सेमा ने अपने भाषण में कहा, शहर प्रशासन न तो नायक था, न ही दृढ़ और न ही दयालु। उसका अपने यहूदी नागरिकों के साथ व्यवहार बहुत बुरा था। उन्होंने यह भी बताया कि यहूदी नागरिकों की पहचान, पंजीकरण और निवास स्थलों को चिन्हित करने में नगर निकाय की भूमिका रही। यह माफी ऐसे समय में आई है जब नाजियों से नीदरलैंड्स की मुक्ति की 80वीं वर्षगांठ निकट है। इससे पहले भी वर्ष 2020 में डच प्रधानमंत्री मार्क रुट्टे और कुछ डच संगठनों ने माफी मांगी थी। वर्ष 2005 में डच रेलवे ने भी अपनी भूमिका स्वीकार करते हुए क्षतिपूर्ति की घोषणा की थी। हाल्सेमा चार साल पहले दास व्यापार में एम्सटर्डम की भूमिका के लिए भी माफी मांग चुकी हैं।

## व्यापार घाटे को कम करने, शुल्क बाधाओं पर अमेरिका के साथ मिलकर काम करने को इच्छुक श्रीलंका

**कोलंबो, भाषा।** श्रीलंका ने व्यापार घाटे से निपटने के लिए शुल्क लगाने के अमेरिकी सरकार के कदम पर उसके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार घाटे को कम करने और शुल्क तथा गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिका के साथ काम करने की श्रीलंका सरकार की सकारात्मक प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। वाशिंगटन में 22 अप्रैल को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर के साथ श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल की बैठक में इस पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीर को द्वीप राष्ट्र के सामने अतीत में आई चुनौतियों और भविष्य की समस्याओं को दूर करने तथा पूर्ण आर्थिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी।

# वर्जीनिया में एयर शो से पहले छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत : अमेरिकी अधिकारी



» लंदन, भाषा।

**हैम्पटन (अमेरिका)। अमेरिका के वर्जीनिया में एक सैन्य अड्डे पर आगामी एयर शो की तैयारी के दौरान एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि असैन्य विमान हैम्पटन में ज्वाइंट बेस लैंगली-यूस्टिस पर उतरते समय दोपहर 12 बजे से कुछ ही समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में केवल पायलट सवार था।**

विमान को उड़ा रहे पायलट की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पायलट एयर पावर ओवर हैम्पटन रोड्स एयर शो की तैयारी कर रहा था जो इस सप्ताहांत सैन्य अड्डे पर होने वाला है। ज्वाइंट बेस लैंगली-यूस्टिस (जेबीएलई) के कमांडर कर्नल मैथ्यू ऑल्टमैन ने एक बयान में कहा, हमने आज अपने वायु सेना परिवार के एक दोस्त को खो दिया। मैं अपनी पूरी जेबीएलई टीम की ओर से पायलट के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए बताया कि वह प्रायोगिक एमएक्स एयरक्राफ्ट एमएक्सएस के हादसे का शिकार होने के मामले में जांच कर रहा है। एमएक्स एयरक्राफ्ट की वेबसाइट के अनुसार, एमएक्सएस एकल सीट वाला विमान है।

## हूती विद्रोहियों ने हाल के सप्ताहों में अमेरिका के सात रीपर ड्रोन को मार गिराया

» वाशिंगटन, भाषा।

**यमन में हूती विद्रोहियों ने छह सप्ताह से भी कम समय के भीतर अमेरिका के सात रीपर ड्रोन पर हमला कर उन्हें गिरा दिया है, जिससे 20 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के विमानों का नुकसान हुआ है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, पिछले सप्ताह तीन ड्रोन को गिराया गया था, जिससे पता चलता है कि यमन के ऊपर उड़ने वाले मानवरहित इन वायुयानों को निशाना बनाने की आतंकवादियों की प्रवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि ए ड्रोन का इस्तेमाल हमला करने या फिर निगरानी करने के मकसद से किया जा रहा था, जो पानी और जमीन दोनों पर गिर गए।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक नए और विस्तृत अभियान की शुरूआत करने के आदेश के बाद अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ अपने हमलों में बढ़ोतरी की है। उन्होंने वादा किया कि जब महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे में जहाजों पर हूती अपने हमले बंद नहीं कर देते तब तक वे जबरदस्त घातक बल का इस्तेमाल करेंगे। नए अभियान के शुरू होने के बाद से अमेरिका ने हूतियों पर 750 से ज़्यादा हमले किए हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान से जोड़ने के भारत के प्रयास के विरुद्ध सीनेट में प्रस्ताव पारित

**इस्लामाबाद।** भारत एवं पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सीनेट ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित कर भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले से देश को जोड़ने के तुच्छ और निराधार प्रयासों को खारिज कर दिया। कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने प्रस्ताव पेश किया, जिसे संसद के ऊपरी सदन में सभी दलों का समर्थन मिला। प्रस्ताव में कहा गया है, पाकिस्तान जल आतंकवाद या सैन्य उकसावे सहित किसी भी आक्रामकता के खिलाफ अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। प्रस्ताव में पाकिस्तान को हमले से जोड़ने के सभी तुच्छ और निराधार प्रयासों को खारिज करते हुए कहा गया है कि बेकसूर आम नागरिकों की हत्या करना पाकिस्तान द्वारा बनाए गए मूल्यों के खिलाफ है। प्रस्ताव में पाकिस्तान को बदनाम करने के लिए भारत सरकार द्वारा सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की गई है और कहा गया है कि इस तरह के प्रयास तुच्छ राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए आतंकवाद के मुद्दे का इस्तेमाल करने का चिर परिचित तरीका है। प्रस्ताव में सिंधु जल संधि को स्थगित रखने की भारत की घोषणा की भी निंदा की गई और कहा गया कि यह कदम युद्ध की कार्रवाई के बराबर है।

**ट्रंप ने पुतिन को फटकार लगाई थी**

**मैं कीव पर रूसी हमलों से नाखुश हूं : ट्रम्प**

# रूस के एक और ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत : यूक्रेन

» कीव, भाषा।

**यूक्रेन के एक शहर में स्थित अपार्टमेंट पर रूस के ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के पाव्लोग्राद शहर में रात के समय हुए हमले में मरने वालों में एक बच्चा और 76 वर्षीय महिला शामिल है। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूसी सुरक्षा बलों ने बीती रात देश के छह क्षेत्रों में 103 शाहिद और डिकॉय ड्रोन से हमला किया।**

उत्तर-पूर्वी सूमी और खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान होने की जानकारी दी है, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं दी है। रूस ने बृहस्पतिवार को कीव पर कई घंटे बमबारी की थी, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 87 लोग घायल हो गए। यह कीव पर जुलाई से अब तक सबसे घातक हमला था। इस हमले के बाद ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फटकार लगाई थी। ट्रंप का कहना है कि वह युद्ध को समाप्त करने के अपने प्रयास में अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। ट्रंप ने कहा था, मैं कीव पर रूसी हमलों से नाखुश हूं। इसकी जरूरत नहीं थी और समय भी खराब चुना गया। व्लादिमीर, रुक जाइए। एक सप्ताह में 5,000 सैनिक मर रहे हैं। आइए शांति समझौते को अंजाम तक पहुंचाएं।



## रूस में एक कार में हुए बम विस्फोट से सेना के वरिष्ठ अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी में शुक्रवार को एक कार में हुए बम विस्फोट की चपेट में आने से सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने कहा कि रूस के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ में मुख्य परिचालन विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की बम विस्फोट में मौत हो गई। उसने बताया कि मॉस्को के बाहर बालाशिखा इलाके में अधिकारी की कार में विस्फोटक उपकरण रखा गया था और इसमें धमाका हो जाने से उनकी मौत हुई। जांच एजेंसी ने इस हमले के संभावित संदिग्धों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया है। लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की हत्या के बाद मोस्कालिक पर भी इसी तरह का हमला किया गया है। दरअसल, 17 दिसंबर को किरिलोव के अपार्टमेंट के बाहर खड़े एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में बम छिपाया गया और जब वह अपने कार्यालय के लिए निकल रहे थे तभी इसमें विस्फोट हो जाने से उनकी मौत हो गई थी। रूस के अधिकारियों ने किरिलोव की हत्या के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया था।

## ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन प्रथम विश्व युद्ध की वर्षगांठ पर तुर्किए में आयोजित समारोह में शामिल हुईं

» चनाक्कले (तुर्किए), भाषा।

**ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सामंथा जॉय मोस्टिन ने 110 साल पहले अपनी जान गंवाने वाले ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध के युद्धक्षेत्रों के निकट तुर्किए के गैलीपोली प्रायद्वीप में श्रद्धांजलि दी। यह सभा एक समुद्र तट के निकट हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर या एंजैक के कर्मी 25 अप्रैल, 1915 को भोर में पहली बार गैलीपोली में उतरे थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने युद्ध की मानवीय कीमत और भविष्य में संघर्ष को रोकने के महत्व पर बात की। लक्सन ने कहा, एंजैक सैनिक आधी दुनिया पार करके अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहां तट पर आए थे।**

कुछ घर से दूर रोमांच की उम्मीद में आए थे लेकिन उन्हें रोमांच नहीं बल्कि खौफ का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, अगर हम इस अभियान का असली सबक भूल जाते हैं, तो यह उन लोगों के प्रति अन्याय होगा जिनकी वीरता को हम याद करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा कुछ फिर से न हो। यह अभियान ओटोमन साम्राज्य को परास्त करने के ब्रिटिश नेतृत्व वाले प्रयास का हिस्सा था, जो अंततः विफल हो गया था। इसके परिणामस्वरूप आठ महीने के संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए। महाराजा चार्ल्स तृतीय की बहन तथा राष्ट्रमंडल कब्र आयोग की अध्यक्ष ऐन ने कुछ सैनिकों द्वारा अपने परिजन को लिखे गए पत्रों को पढ़ा तथा संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

